सुप्रभात
रांची, रविवार
04.01.2026
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 172



12 बेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति को उठा ले गया अमेरिका

## न्यूज डायरी

### बांग्लादेशी खिलाड़ी को आइपीएल से हटाने का निर्देश

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने बंग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर जारी हिंसा के बीच केकेआर को निर्देश दिया कि वह बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से हटा दे। बोर्ड ने केकेआर से कहा है कि वे इस खिलाड़ी को अपने स्क्वॉड से रिलीज कर दें।

### पलामू में धराया फर्जी आइएएस अधिकारी

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक फर्जी आईएएस अधिकारी को गिरफ्तार को किया गया है। वह कई साल की यूपीएससी की तैयारी कर रहा था, सफलता नहीं मिली तो वह फर्जी आइएएस अफसर बन गया। पुलिस ने शक के आधार पर हुसैनाबाद में उसे पकड़ा। यह फर्जी आईएएस राजेश कुमार पलामू के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव का रहने वाला है। वह हुसैनाबाद थाना किसी की पैरवी को ले कर पहुंचा था।

### छह और सात को रद्द रहेगी वनांचल एक्सप्रेस

**रांची।** नॉन इंटरलॉकिंग काम के कारण भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस रद्द दो दिनों तक रद्द रहेगी। रेलवे के अनुसार नॉन इंटरलॉकिंग के कारण 6 और 7 जनवरी को ट्रेन को रद्द रखा गया है। दो दिनों तक ट्रेन रद्द रहने से 1844 यात्रियों के टिकट निरस्त हो गये हैं। यात्रियों को उनके टिकट का पैसा लौटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### दुमका में धान कारोबारी से 3.80 लाख की छिनतई

**दुमका।** दुमका-गोड्डा सीमा स्थित हंसडीहा के मुख्य बाजार में शनिवार को अपराधियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक सह धान व्यवसायी नंदलाल भगत से उनके घर के दरवाजे के बाहर से रुपये से भरा बैग झपटकर फरार हो गये। बैग में 3.80 लाख रुपये (तीन लाख अस्सी हजार) रुपये थे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### चुनाव आयोग ने आम लोगों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट ऐप को और बेहतर बनाने के लिए नागरिकों से 10 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित किये हैं।

## कार्टून कोना




### नर्म धूप में चाय की चुस्की के साथ सीएम ने लिया हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद

# पर्यटन विकास की ठोस योजना बनायें : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नये साल के आगाज पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को रांची शहर का दौरा करते हुए धुर्वा डैम एवं अन्य पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की भौगोलिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। अधिकारियों के साथ उन्होंने प्रमुख पिकनिक स्थलों का जायजा लिया। साफ-सफाई, सुरक्षा, आवागमन और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। चाय की चुस्की के साथ सीएम ने रांची की हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धुर्वा डैम क्षेत्र में पर्यटन को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा यह क्षेत्र रांची शहर के पर्यटन नक्शे का प्रमुख आकर्षण बनेगा।

### ज्यूडिशियल अकादमी का भी किया निरीक्षण

शहर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल अकादमी झारखंड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान की अधोसंरचना एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी, पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### सुनी लोगों की सममस्याएं, लिया सुझाव

निरीक्षण के दौरान श्री सोरेन ने स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों से उनकी समस्याएं सुनीं तथा सुझाव लिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जनसहभागिता के माध्यम से क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धुर्वा डैम न केवल रांची का महत्वपूर्ण जल स्त्रोत है, बल्कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं भी हैं। सरकार इन संभावनाओं को चरणबद्ध तरीके से विकसित करेगी। उच्च न्यायालय झारखण्ड के आदेश के आलोक में रांची शहर एवं जिले के विभिन्न जगहों पर अतिक्रमण एवं जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई तेजी से चल रही है।



### 9 को एडलाइजरी कमेटी की बैठक में होगा अहम फैसला

# रिम्स में शीघ्र किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा

### स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में किडनी ट्रांसप्लांट सेवा शुरू करने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। इसी को लेकर 9 जनवरी को एडवाईजरी कमेटी की बैठक बुलायी गयी है। बैठक में फिलहाल रांची के दो अस्पतालों, राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स और राज हॉस्पिटल, रांची को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए पंजीकरण और लाइसेंस दिये जाने पर विचार किया जायेगा। इन अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं और मानकों के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय की जायेगी।

एडवाईजरी कमेटी की बैठक अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह के कार्यालय कक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव करेंगे। हेमंत सोरेन सरकार राज्य के अन्य सरकारी अस्पतालों में भी चरणबद्ध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रही है। इससे झारखंड के किडनी रोगियों को राज्य से बाहर इलाज कराने की मजबूरी से राहत मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के उप सचिव ध्रुव प्रसाद द्वारा इस संबंध में पत्र जारी किया गया है।



**मानकों के आधार पर प्रक्रिया :** रांची के दो अस्पतालों, रिम्स और राज हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधाओं और मानकों के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग की निर्धारित प्रक्रिया के तहत किडनी ट्रांसप्लांट की अनुमति से पहले निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाता है।

### तकनीकी समिति की रिपोर्ट पर निर्णय लेगी कमेटी

तकनीकी समिति की रिपोर्ट के आधार पर एडवायजरी कमिटी यह निर्णय लेती है कि संबंधित अस्पताल किडनी ट्रांसप्लांट के लिए निर्धारित सभी मानकों और अर्हताओं को पूरा करता है या नहीं। सभी शर्तें पूरी होने की स्थिति में अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्षता में अंतिम निर्णय लिया जाता है और अस्पताल को किडनी ट्रांसप्लांट का लाइसेंस जारी किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि रिम्स में किडनी ट्रांसप्लांट सेवा शुरू होने से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे न केवल मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा, बल्कि झारखंड में उन्नत चिकित्सा सेवाओं का विस्तार भी होगा।

### जयंती पर जयपाल सिंह मुंडा को नमन कर सीएम ने कहा

# मरांग गोमके आदिवासी गरिमा और हक के मुखर प्रहरी थे

### स्वशासन की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया : सीएम

### आदिवासी पिछड़ा नहीं पहले देश के नागरिक हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दूरदर्शी आदिवासी नेता मरांग गोमके स्व जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शनिवार को उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी अस्मिता, अधिकार और स्वशासन की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। वे केवल एक महान खिलाड़ी नहीं, बल्कि संविधान सभा में आदिवासियों की गरिमा और अधिकारों के सबसे मुखर प्रहरी थे। सीएम ने कहा कि आदिवासी कोई पिछड़ा नहीं, बल्कि सबसे पहले इस देश के नागरिक हैं। यह चेतना उनके विचार और संघर्ष की धुरी थी। जल, जंगल और जमीन पर आदिवासी समाज का अधिकार सुनि‍ि्चत करना उनका सपना था। उनका जीवन आज भी हमें न्याय, आत्मसम्मान और आदिवासी स्वशासन के लिए संघर्ष का साहस देता है। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के स्वर्णिम सफर की शुरूआत अपने नेतृत्व में करने वाले पूर्व कप्तान, संविधान सभा के सदस्य और प्रखर राजनीतिक चिंतक जयपाल सिंह मुंडा को सादर नमन।



### सीएम ने सावित्रीबाई फुले को किया याद

मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक साहसी समाज सुधारक थीं, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक समानता की सबसे बड़ी ताकत बनाया। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने केवल शब्दों से नहीं, बल्कि अपने जीवन के संघर्ष से समानता और न्याय का अर्थ समझाया। सीएम ने कहा कि उस दौर में, जब महिलाओं और वंचित वर्गों को जानबूझकर पीछे रखा जाता था, सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से उन्हें आत्मसम्मान और अधिकारों की चेतना दी। शोषितों के साथ खड़ा होना उनका कर्तव्य था और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष उनकी पहचान। उनका जीवन आज भी न्याय, संवेदना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प देता है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिले में मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया। सुकमा में 12 और बीजापुर में दो नक्सली मारे गये। पुलिस के अनुसार सुकमा जिले के दक्षिणी क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। सुरक्षा बलों ने शनिवार को सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी पाते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी गोलाबारी में 12 नक्सली ढेर कर दिये गये। ऑपरेशन में जिला पुलिस बल, डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) सहित अन्य सुरक्षा बल शामिल थे।

### हिडमा के बाद कमांडर देवा ने भी किया सरेंडर

**हैदराबाद।** माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के बटालियन कमांडर बारसे देवा उर्फ सुक्का (48) ने अपने 22 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इसी क्रम में तेलंगाना स्टेट कमेटी के वरिष्ठ सदस्य कंकनाला राजी रेड्डी उर्फ वेंकटेश ने भी 26 साथियों समेत हथियार डाल दिये। कुल 48 माओवादियों ने हैदराबाद में सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष सरेंडर किया, जिन पर 1 करोड़ 80 लाख का इनाम था। सरेंडर के दौरान माओवादियों ने 48 हथियार जमा किये। इनमें 2 लाइट मशीन गन 1 अमेरिकी कोल्ट राइफल, 1 इजरायली टेवर, 8 एके 47, समेत बड़ी मात्रा में गोली-बारूद शामिल थे।

### बिरसा चौक से स्कूटी चालक का अपहरण, 25 लाख की फिरौती मांगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक इलाके से एक स्कूटी चालक का अपहरण करने का मामला सामने आया है। अपहृत व्यक्ति की पहचान मिनहाज आलम के रूप में हुई है। अपहरणकर्ताओं ने उसे छोड़ने के एवज में 25 लाख रुपये की फिरौती की मांग की है। इस संबंध में अपहृत की पत्नी फिरोजी परवीन के बयान पर जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में बताया गया है कि फिरोजी परवीन इलाही नगर, अकवरिया मस्जिद के पास रहती हैं। उनके पति मिनहाज आलम 31 दिसंबर को सुबह करीब 9 बजे हरियाली रेस्टोरेंट के आसपास काम के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। इसके बाद 1 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे, मिनहाज आलम के मोबाइल से उनकी पत्नी के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल के दौरान मिनहाज ने बताया कि बिरसा चौक, हटिया के पास से कुछ अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण कर लिया है और वे लोग उन्हें उड़ीसा की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी स्कूटी बिरसा चौक के पास ही खड़ी है। इसके बाद मिनहाज आलम ने अपने भाई असगर आलम के मोबाइल पर भी व्हाट्सएप कॉल किया और कहा कि वे मिलन नामक व्यक्ति से संपर्क करें।

# पेसा पर भाजपा को नहीं लाभुक को जवाब देने को तैयार : वित्त मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में लागू पेसा नियमावली पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि भाजपा द्वारा उठाये गए सवालों का जवाब देने के लिए वह तैयार नहीं हैं। अगर पेसा नियमावली को लेकर कोई सवाल बेनेफिशियरी यानी लाभुक की ओर से आता तो वह जरूर उसका जवाब देते। दरअसल, झारखंड में पेसा कानून को लागू करने के लिए हेमंत कैबिनेट ने पेसा नियमावली को मंजूरी दे दी थी। शुक्रवार की रात को सरकार ने इस नियमावली की अधिसूचना भी जारी कर दी। कैबिनेट द्वारा पारित नियमावली अधिसूचना जारी होने के बाद सार्वजनिक हो गया है। इस पर भाजपा सवाल उठा रही है। कांग्रेस के एक कार्यक्रम के दौरान जब मीडिया ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से इस पर प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उन्होंने कुछ अलग ही उपरोक्त प्रतिक्रिया दी। भाजपा लगातार यह आरोप लगाती रही है कि वर्तमान पेसा नियमावली में जो बदलाव किए गए हैं, उससे पेसा कानून से जो उद्देश्य प्राप्त करना था, उससे यह दूर हो गया है। भाजपा के सवालों पर वित्त मंत्री जवाब देने से ही मना कर दिया। उन्होंने कहा अगर पेसा नियमावली को लेकर कोई सवाल लाभुक की ओर से आता तो वह जरूर उसका जवाब देते।



### अधिसूचित कानून में ये हैं प्रावधान

पंचायती राज विभाग के सचिव के हस्ताक्षर से पेसा नियमावली की अधिसूचना आज 2 जनवरी को जारी कर दी गयी है। अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों के संरक्षण और विकास के लिए सरकार ने कई प्रावधान हैं। अधिसूचना में विस्तार से पेसा नियमावली के प्रावधान का वर्णन किया गया है। आवेदन प्रारुप को भी विभाग ने जारी किया है जिससे ग्राम सभा के कामकाज में आसानी हो। पेसा नियमावली में ग्राम सभा के अध्यक्ष अनुसूचित क्षेत्र के पारंपरिक ग्राम सभा क्षेत्र में परंपरा से प्रचलित रीति रिवाज के अनुसार मान्यता प्राप्त व्यक्ति जैसे संथाल समुदाय-मांझी/परगना, हो समुदाय- मुंडा/मानकी/दिउरी, खड़िया समुदाय-डोकलो सोहोर, मुंडा समुदाय-हातू मुंडा/पड़हा बेल(राजा)/पहान,भूमिज-मुड़ा/सरदार/नाया/डाकुआ होंगे। ग्राम सभा के सचिव ग्राम पंचायत का पंचायत सचिव होगा वहीं सहायक सचिव ग्राम सभा द्वारा चुने गए पंचायत सहायक अथवा अन्य सदस्य होंगे। पारंपरिक ग्राम सभाओं तथा उनकी सीमाओं की मान्यता और प्रशासन की जिम्मेदारी उपायुक्त को दी गयी है। जिनके द्वारा प्रखंड स्तर पर एक टीम का गठन किया जाएगा। प्रत्येक पारंपरिक ग्राम सभा राजस्व ग्राम के समान होगी जिसकी पहचान उपायुक्त द्वारा गठित टीम पारंपरिक ग्राम सभा के प्रधान और सदस्यों के साथ मिलकर करेंगे। नियमावली के अनुसार ग्राम सभा की बैठक महीने में काम से कम एक बार होगी, जो ग्राम सभा के सदस्यों की कुल संख्या के 1/10 सदस्यों अथवा 50 सदस्यों जो भी कम हो के लिखित अपेक्षा किए जाने पर या ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति, जिला परिषद या जिला दंडाधिकारी या उपायुक्त द्वारा अपेक्षित किए जाने पर ग्राम सभा की बैठक सात दिनों के अंदर भी बुलायी जा सकती है। ग्राम सभा के कुल सदस्यों की संख्या के एक तिहाई सदस्यों की संख्या कोणों के लिए अनिवार्य है वहीं इन एक तिहाई सदस्यों की संख्या में भी एक तिहाई महिला सदस्यों की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। ग्राम सभा के निर्णय के आलोक में ग्राम पंचायत यथासंभव कार्य करेगी।

10वीं पुण्यतिथि
श्रद्धांजलि
प्रकृतिम स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशम प्रकृतेर्वशात!



स्व0 कौशल किशोर सिंह
जन्म : 28 जून 1947 । स्वर्गवास : 4 जनवरी 2016
हम सब आपकी 10वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन एवं मधुर स्मृतियां आशीर्वाद के रुप में सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगी।

विनीत : विकाश सिंह
के0 के0 बिल्डर्स प्रा0 लि0
के0 के0 आवास प्रा0 लि0
27, न्यु काली माटी रोड
साकची, जमशेदपुर

श्रद्धावनत् :
उर्मिला सिंह (पत्नी), रश्मि सिंह (पुत्र वधु)
आर्या वत्स (पौत्र), अग्रिमा वत्स (पौत्री)
उषा सिंह एवं चन्द्र रश्मि रंजन
निशा सिंह एवं संतोष कुमार
अनिता सिंह एवं आर. के. कुँवर
रेखा सिंह एवं अविनाश कुमार
श्वेता सिंह एवं शत्रुघ्न सिन्हा
अंकिता सिंह एवं कौशल शुभांक
एवं समस्त सिंह परिवार सह कर्मचारीगण

# कल से कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम झारखंड लोकभवन के समक्ष होगा प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह जी राम जी के नाम पर नई योजना लाने के कदम के खिलाफ कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई की घोषणा की है। मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम के शेड्यूल का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में बापू वाटिका में मनरेगा मजदूरों के साथ संकल्प लेने के बाद लोकभवन के सामने एक विशाल प्रदर्शन से इस संग्राम की शुरूआत होगी।

**'जी राम जी' के तहत बारिश के मौसम में मजदूरों नहीं मिलेगा काम : रामेश्वर उरांव :** पूर्व वित्त मंत्री और लोहरदगा से कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने कहा कि जब मनरेगा बिल संसद से पास हुआ था, तब वे हाउस में थे। उस समय सभी ने इसकी तारीफ की थी, क्योंकि यह संविधान के मौलिक अधिकार में रोजगार का अधिकार शामिल नहीं होने की कमियों को दूर करने वाला था। अगर इसे संविधान में शामिल किया गया होता तो बेहतर होता, लेकिन चूंकि ऐसा नहीं हुआ, इसलिए मनरेगा ने उस कमी को पूरा किया। रामेश्वर उरांव ने कहा कि वे छात्र जीवन के दिनों से ही मनरेगा जैसी योजना के हिमायती रहे हैं।



## केंद्र सरकार ने योजना का नाम बदलकर ग्रामीण विकास को किया अवरूद्ध : केशव महतो कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बीजेपी का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विरोधी चरित्र उजागर हो गया है। 5 जनवरी को लोकभवन के सामने होने वाले प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू, दोनों सह प्रभारी, सभी मंत्री, विधायक, कांग्रेस नेता और मनरेगा कर्मी बापू वाटिका से लोकभवन तक मार्च करेंगे। प्रणव झा भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार ने न सिर्फ रोजगार की गारंटी देने वाली इस स्कीम का नाम बदला है, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास और अधिकारों पर भी हमला किया है। पहले, योजना ग्राम पंचायत बनाती थी, लेकिन अब वे केंद्र के बजट के हिसाब से बनेंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2015 में भी मनरेगा की आलोचना की थी और इसे मिटाने की उनकी योजना पहले से ही थी। कोरोना महामारी के दौरान, इसी मनरेगा ने मजदूरों के पलायन को रोका था। पहले, मनरेगा मजदूरों को सामान्य तरीके से उनकी मजदूरी मिलती थी, लेकिन अब फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स के जरिए भुगतान होगा, जिससे मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

रामेश्वर उरांव ने 'जी राम जी' स्कीम की कमियों को बताते हुए कहा कि बारिश के मौसम में काम नहीं मिलेगा। यह एक सच्चाई है कि झारखंड सरकार ने बारिश के मौसम में भी मनरेगा के तहत कई काम किए, जिससे ग्रामीण आबादी को काम मिला। जब बारिश के मौसम में मजदूरों को कोई काम नहीं मिलता, तो मनरेगा से उन्हें रोजगार मिलता था।

कुछ राज्यों को छोड़कर, सभी राज्य गरीब हैं, इसलिए 60:40 का रेश्यो लागू करने में व्यवहारिक कठिनाइयां हैं। खूंटी में जिस करप्शन मामले की बात बीजेपी नेता कर रहे हैं, वह उन्हीं के शासनकाल में हुआ। कानून में संशोधन किए जा सकते थे, लेकिन यहां मनरेगा को ही खत्म कर दिया गया। महात्मा गांधी से इतनी चिढ़ क्यों? संवाददाता सम्मेलन में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, जगदिश साहू, राजन वर्मा भी उपस्थित थे।

**मनरेगा बचाओ संग्राम का कार्यक्रम :** 07 या 08 जनवरी 2026 को तैयारी समिति की राष्ट्रव्यापी बैठक। 10 जनवरी को सभी जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला स्तरीय प्रेस वार्ता। 11 जनवरी को सभी जिलों के मुख्यालय में बापू या अंबेडकर की प्रतिमा समक्ष मनरेगा मजदूरों के साथ उपवास।12 जनवरी से 30 जनवरी तक पंचायत लेवल पर चौपाल का आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष का पत्र, पर्चों का वितरण होगा। 30 जनवरी को वार्ड लेवल पर धरना। 31 से 06 फरवरी पर जिला लेवल पर डीएम या डीसी कार्यालय के समक्ष मनरेगा बचाओ धरना। 07 से 15 फरवरी तक विधानसभा का राज्यस्तरीय घेराव। 16 से 25 फरवरी तक देश को चार जोन में बांटकर आंदोलन होगा।

### गांधीजी के विचारधारा के उलट है बीजेपी की है विचारधारा : मंत्री राधाकृष्ण किशोर

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जब यह कानून महात्मा गांधी के नाम पर बना था, तो इसे बदलकर 'जी राम जी' करना साफ दिखाता है कि बीजेपी की विचारधारा गांधीजी के विचारधारा के उलट है। नरेंद्र मोदी पहले से ही गांधीजी और उनकी विचारधारा को नहीं मानते थे और अब भी नहीं मानते। उन्होंने कहा कि मनरेगा की जगह 'जी राम जी' नाम रखकर बीजेपी यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि वह हिंदुत्व की सबसे बड़ी झंडेदार पार्टी है( लेकिन, वह भूल गई कि देश के राज्यों में कितनी विषमताएं हैं। कुछ राज्यों को छोड़ दें, तो बाकी राज्यों पर इस योजना के लिए अतिरिक्त आर्थित बोझ डाला गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमें हमारे हक का पैसा दे, हम राज्य में रोजगार गारंटी योजना चला लेंगे। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी की भी यही विचारधारा थी, वहीं गांधी जी की भी विचारधारा थी। हम कोई राजनीति नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाम मत बदलो, त्रुटियां बदलो। कांग्रेस ने अपने 11 साल के शासनकाल में जितनी बड़ी लकीर खींची है, उससे बड़ी लाइन आप नहीं खींच पाए हैं। 60:40 होने पर उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री होने के नाते हम कमिटेड हैं। याचना नहीं करेंगे। हमारा हक दे दें।

# 18वीं लोकसभा में झारखंडी सांसदों ने अब तक पूछे 1,111 सवाल

- एनडीए के सांसदों के खाते में 938 सवाल, महागठबंधन के सांसदों ने पूछे 173 सवाल
- सवाल पूछने में विद्युत वरण महतो पहले नंबर पर तो दूसरे नंबर में निशिकांत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। 18वीं लोकसभा में झारखंड के 14 सांसदों ने अब तक 1,111 सवाल पूछे हैं। इसमें से सबसे अधिक एनडीए सांसदों ने 938 सवाल पूछे। वहीं, इंडिया गठबंधन के सांसदों ने 173 सवाल सदन में उठाये। सवाल पूछने में बीजेपी सांसद विद्युत वरण महतो टॉप पर बने हुए हैं, उन्होंने अब तक 207 सवाल पूछे हैं। दूसरे नंबर पर बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे हैं। उन्होंने 160 सवाल पूछे हैं। तीसरे नंबर पर मनीष जासवाल हैं। मनीष जायसवाल ने 157 सवाल पूछे हैं। इसके बाद बीडी राम ने 148 सवाल पूछे हैं। वहीं, बीजेपी सांसद अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हैं।

**निशिकांत दूबे ने सबसे अधिक 52 डिबेट में हिस्सा लिया :** बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे डिबेट में हिस्सा लेने में आगे रहे। उन्होंने अब तक 52 बार संसद में डिबेट में भाग लिया। इनके बाद विद्युत वरण महतो 30, बीडी राम 28 और मनीष जायसवाल ने 26 डिबेट में भागीदारी दिखाई।

### सांसदों का परफॉर्मेंस : डिबेट और सवाल के आंकड़े

| सांसद का नाम | डिबेट | सवाल |
|---|---|---|
| अन्नपूर्णा देवी | 00 | 00 |
| विद्युत वरण महतो | 30 | 207 |
| सीपी चौधरी | 15 | 86 |
| ढुल्लू महतो | 21 | 135 |
| बीडी राम | 28 | 148 |
| कालीचरण सिंह | 00 | 45 |
| मनीष जायसवाल | 26 | 157 |
| निशिकांत दूबे | 52 | 160 |
| संजय सेठ | 00 | 00 |
| जोबा मांझी | 04 | 25 |
| कालीचरण मुंडा | 13 | 02 |
| नलिन सोरेन | 02 | 62 |
| सुखदेव भगत | 11 | 58 |
| विजय हांसदा | 08 | 26 |

## खबर एक नजर में

### आजसू पार्टी का खिजरी विधानसभा सम्मेलन 11 जनवरी को गेतलसुद में

**रांची।** आजसू पार्टी के खिजरी विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो से उनके बुकरू, रांची स्थित आवास पर मुलाकात की और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर आयोजित बैठक में पार्टी के सांगठनिक विस्तार, रणनीति एवं भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा तय किया गया कि आगामी 11 जनवरी को गेतलसुद डैम में खिजरी विधानसभा स्तरीय एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में सुदेश महतो ने संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम स्तर पर जुटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी ही जनाकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता के भरोसा उठ चुका है। बैठक में मुख्य रूप से खिजरी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय सचिव रामधन बेदिया, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण महतो, जलनाथ चौधरी, ओरमांझी जिप सदस्य श्रीमती सरिता देवी, जिला प्रवक्ता रोशन सिंह मुंडा, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो, आतिश महतो, प्रदीप जायसवाल, साहब राम महतो, गोवर्धन महतो, प्रेम साहू, संजय महतो, कृष्ण कन्हैया केसरी, एवं आनंद महतो आदि मौजूद थे।

### आईएएस विनय चौबे प्रकरण में एसीबी ने की ज्योतिष एनके बेरा से पूछताछ

**रांची।** निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे से जुड़े मामलों की जांच के दौरान रांची के चर्चित ज्योतिष डॉक्टर एनके बेरा से एसीबी ने पूछताछ की है। उसे पिछले दिनों पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय बुलाया गया था। उसे मुकुंद आपार्टमेट के फ्लैट की खरीद बिक्री के सिलसिले में पूछताछ के लिए लाया गया था। विनय चौबे व उनसे जुड़े लोगों की जांच के दौरान प्रियंका त्रिवेदी द्वारा लालपुर के मुकुंद अपार्टमेंट में फ्लैट खरीदे जाने की जानकारी मिली थी। प्रियंका त्रिवेदी आईएएस अधिकारी विनय चौबे के साले की पत्नी है। एसीबी की जांच के दायरे में चौबे के ससुराल पक्ष के लोग भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक लालपुर स्थित फ्लैट की खरीद बिक्री के मामले में हुई आगे की जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रियंका त्रिवेदी ने यह फ्लैट सरदार सुरेंद्र सिंह से खरीदी थी। फ्लैट नंबर 1ए का मालिकाना हक डॉक्टर नंद किशोर बेरा के पास था। बेरा ने फ्लैट की बिक्री के लिए 2012 में सरदार सुरेंद्र सिंह को पावर ऑफ अटर्नी दिया था। इसके बाद सरदार सुरेंद्र सिंह ने यह फ्लैट वर्ष 2017 में प्रियंका त्रिवेदी से 43 लाख रुपये में बेची थी। जांच के दौरान पाया गया कि नंद किशोर बेरा कोई और नहीं बल्कि रांची का चर्चित ज्योतिष एनके बेरा ही है। इसके बाद एसीबी ने ज्योतिष एनके बेरा को पूछताछ के लिए उसके घर से बुलाया गया था। क्योंकि एसीबी द्वारा अब तक की जांच के दौरान मिले तथ्यों के मद्देनजर विनय चौबे से जुड़े लगों द्वारा किये गये हर वित्तीय लेनदेल को शक की नजर से देखा जा रहा है। इस बात के मद्देनजर अउइ ने बेरा से भी मुकुंद अपार्टमेंट स्थित फ्लैट की बिक्री में हुई लेनदेन के सिलसिले में पूछताछ की।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, दी नववर्ष की शुभकामनाएं

**रांची।** नववर्ष के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विभिन्न विभागों के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने सभी पदाधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास, सुशासन तथा जनकल्याण के कार्यों में सेवा-भावना और निष्ठा के साथ योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नया वर्ष राज्य के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने का संकल्प लेकर आए, जिससे झारखण्ड की जनता को सुशासन और समृद्धि का लाभ प्राप्त हो। सीएम से मिलकर नव वर्ष की शुभकामना देनेवालों में विकास आयुक्त -सह-अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग मनोज कुमार, सचिव (व्यय), वित्त विभाग अबू इमरान, सचिव वाणिज्य कर विभाग अमित कुमार, मनरेगा आयुक्त मृत्यंजय वर्णवाल, पलामू डीसी समीरा एस, गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव, खूंटी डीसी आर रॉनीटा, चतरा डीसी कीर्तिश्री, लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता, गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित तथा रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज शामिल थे।

### सीएम से मिले सुप्रियो और उनकी पत्नी जेपीएससी मेंबर अजीता, दी बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सदस्य डॉ. अजिता भप्ताचार्य एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भप्ताचार्य ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों के प्रति सफलता एवं उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामना की।

# लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है : निशा उरांव

### राज्य की पूर्व पंचायती राज निदेशक आईआरएस अफसर निशा उरांव ने एक्स पर लिखा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आईआरएस अफसर निशा उरांव पेसा रूल को लेकर उहापोह की स्थिति में है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने बड़े ही तार्किक अंदाज में दिल की बात कही है। 2008 बैच की अफसर निशा उरांव लिखती है कि लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है, जवाबदेही किसकी। बताते चलें कि निशा उरांव झारखंड में प्रतिनियुक्ति के समय 2023-25 तक पंचायती राज निदेशक भी रहीं थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि निजी एजेंडा पर चलने वाले कुछ गैर- रूढ़िजन्य आदिवासी पेसा से परंपरा और धर्म संरक्षण को मिटाने का षड्यंत्र कर रहे हैं और आवाज उठाने वाले सरना आदिवासियों को व्यक्तिगत टारगेट कर रहे हैं।

### यह पेसा नियमावली अलग है

निशा उरांव ने कहा है कि पेसा नियमावली जारी हो गई है। जुलाई 2023 में मेरे कार्यकाल में प्रकाशित प्रारूप तथा मार्च 2024 में विधि विभाग द्वारा अनुमोदित प्रारुप से यह अलग है। इसमें कई संशोधन हुए हैं। इसका विस्तार से विश्लेषण करूंगी। आगे लिखा है कि गैर-रूढ़िजन्य आदिवासी मंडली - खुश तो बहुत होंगे आप लोग? आप सब के असंवैधनिक दबाव के कारण नियमावली में मूल बदलाव दिख रहा है! लेकिन इसी षड्यंत्र का अब पूरे राज्य के सामने खुलासा होगा !! कमर कस लीजिए !

# झारखंड बनेगा स्पोर्ट्स शिक्षा का हब खुलेंगे चार मेगा स्पोर्ट्स साइंस सेंटर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के युवा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में लगातार अपना परचम लहरा रहे हैं और राज्य का नाम रोशन कर रहे है। इसको देखते हुए, अब झारखंड सरकार ने भी युवाओं के इस प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए बड़ी पहल कर रही है। बता दें झारखंड में सरकार चार प्रमंडलों में स्पोर्ट्स सांइस सेंटर की शुरूआत करने जा रही है।

**इन प्रमंडलों में होंगे सेंटर स्थापित :** सूत्रों की माने तो ये सेंटर उत्तरी छोटानागपुर, कोल्हान, संताल और पलामू प्रमंडल में स्थापित किए जाएंगे। वहीं, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के तहत रांची में पहले से ही हाई परफॉर्मेंस सेंटर संचालित है, जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### खिलाड़ियों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना सरकार की प्राथमिकता :मंत्री सुदिव्य

इसे लेकर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना सरकार की प्राथमिकता है। पारंपरिक बैटरी टेस्ट से आगे बढ़ते हुए आधुनिक जरूरतों के अनुसार ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि झारखंड खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि इससे ओवरएज की समस्या पर भी रोक लगेगी और खिलाड़ी सही उम्र में सही खेल के लिए तैयार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य खिलाड़ियों को वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण देना, चोट से बचाव करना और उनके प्रदर्शन में लगातार सुधार लाना है। प्रयास है कि इसी सत्र से इन सेंटरों का संचालन शुरू हो जाए। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स साइंस सेंटर में खिलाड़ियों की उम्र के अनुसार मांसपेशियों का विकास, ओवर ट्रेनिंग से बचाव, चोट की रोकथाम और सही तकनीक से प्रशिक्षण पर काम किया जाएगा। इससे सीनियर स्तर पर बेहतर खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। हर स्पोर्ट्स साइंस सेंटर में फिजियोथेरेपिस्ट, मसाजर, न्यूट्रिशनिस्ट, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग एक्सपर्ट समेत अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

### किशोरी चर्चा मंडल अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न

**रांची।** बाल कल्याण संघ के रांची स्थित कार्यालय में चाहों प्रखंड के बीजुपाड़ा ग्राम की किशोरियों के लिए किशोरी चर्चा मंडल की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इस बैठक में बीजुपाड़ा गांव की कुल 30 किशोरियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक बदलावों तथा उससे जुड़ी समस्याओं पर संवाद करना रहा। बैठक के दौरान किशोरियों ने मासिक धर्म से जुड़ी जागरूकता, स्वास्थ्य व स्वच्छता, शिक्षा में आने वाली बाधाएं, आत्मविश्वास की कमी, बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी एवं स्कूल ड्रॉपआउट जैसी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। इस अवसर पर बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्र ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत का 100 दिन का अभियान को ध्यान में रखते हुए किशोरियों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे है।

### घोटाले के आरोपी को सौंपा गया पुलिस पेपर

**रांची।** झारखंड में बिजली और पर्यटन विभाग से जुड़े 116 करोड़ रुपए से अधिक के बहुचर्चित घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता कोलकाता निवासी कुशल बनर्जी उर्फ अमित बनर्जी उर्फ अमित मुखर्जी(46) पर जल्द ही आरोप तय किया जाएगा। मामले में शनिवार को सीआईडी की विशेष अदालत ने आरोपी कुशल बनर्जी को पुलिस पेपर सौंप दिया। साथ ही अदालत ने आरोपी को निर्देश दिया कि अगली तारीख में आरोप तय किया जाएगा। उस दिन सशरीर कोर्ट में उपस्थित रहना है। सुनवाई की अगली तारीख 17 जनवरी निर्धारित की गई है। सीआईडी कांड संख्या 41/2024 में सीआईडी ने जांच पूरी करते हुए 28 नवंबर को कुशल बनर्जी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

# युवा आजसू का 'दस्तक हर घर अभियान' पांच से

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर युवा आजसू के अध्यक्ष अमित यादव ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता की शुरूआत समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए तथा जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर उन्हें याद कर की गई।

इस मौके पर अमित यादव ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने जिस सपने के साथ झारखंड अलग राज्य की लड़ाई शुरू की थी, वह सपना आज कहीं न कहीं धूमिल होता नजर आ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और धरती आबा के सपनों पर पानी फेरने का काम कर रही है। सरकार ने 5 लाख नौकरियों का वादा किया था, लेकिन आज केवल 1900-2000 नियुक्ति पत्र बांटकर ढिंढोरा पीटा जा रहा है।

उन्होंने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए। अमित यादव ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से लचर हो चुकी हैं। हालात इतने खराब हैं कि एक गरीब पिता को अपने बच्चे का शव झोले में लेकर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति तक नहीं दे पा रही है। शिक्षा क्षेत्र में कई खामियां हैं, जिसकी वजह से झारखंड की शिक्षा लगातार पिछड़ती जा रही है।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो पर भरोसा जताते हुए झारखंड के हजारों छात्र-युवा आजसू पार्टी से जुड़ चुके हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पार्टी द्वारा आजसू की दस्तक हर घर अभियान की शुरूआत की जा रही है।

इस अभियान का शुभारंभ 5 जनवरी को रांची विश्वविद्यालय के गेट से किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर और केंद्रीय महासचिव संजय मेहता करेंगे।

अभियान के तहत रांची के सभी 53 वार्डों में भ्रमण किया जाएगा और करीब एक लाख युवाओं को आजसू से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश संयोजक चेतन प्रकाश ने बताया कि युवा आजसू की सदस्यता अभियान की शुरूआत की जानकारी देने के लिए यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है।

उन्होंने कहा कि हर वार्ड में जाकर सरकार की विफलताओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा। मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही है और राज्य की जनता को ठगने का काम कर रही है। इसी कारण आजसू कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें जागरूक करेंगे और पार्टी से जोड़ेंगे।

# सीएम से मिले मंत्री, विधायक और अधिकारी, दी नव वर्ष की बधाई

## मंत्री चमरा लिंडा, हफीजुल हसन और विधायक मथुरा महतो के अलावा पलामू डीसी-एसपी मिलीं






खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कैबिनेट मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री हाफिजूल हसन तथा सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को नववर्ष-2026 की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नववर्ष की मंगलकामनाएं दीं और राज्य वासियों के सुख, समृद्धि तथा विकास की कामना की।

वहीं, दूसरी ओर पलामू डीसी समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को नए साल 2026 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उपायुक्त और एसपी को नववर्ष की बधाई देते हुए पलामू जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जन-कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने की मंगलकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री से मिले केबीसी के विजेता बिप्लव, दी बधाई

# युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं : हेमंत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीजन 17 के विजेता बिप्लब बिस्वास ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बिप्लब बिस्वास की सफलता न केवल झारखंड के लिए गौरव की बात है। यह राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं।

सीएम ने कहा कि उन्होंने यह सिद्ध किया है कि मेहनत, लगन और ज्ञान के बल पर सफलता अवश्य प्राप्त की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार को गर्व है कि राज्य के एक होनहार ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का उज्ज्वल प्रदर्शन किया है।

उल्लेखनीय है कि बिप्लब बिस्वास ने 30 और 31 दिसंबर 2025 को प्रसारित हुए एपिसोड में 1 करोड़ रुपये के प्रश्न का उत्तर देकर यह उपलब्धि हासिल की। वे इस सीजन के दूसरे प्रतिभागी हैं जिन्होंने यह सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान उनकी तर्कशक्ति, ज्ञान और आत्मविश्वास की होस्ट अमिताभ बच्चन एवं दर्शकों ने सराहना की।

स्पीड न्यूज

## आज डिमना में पूर्वी के भाजपाइयों का वनभोज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं का वार्षिक नववर्ष मिलन-समारोह सह वनभोज रविवार को डिमना की मनोरम वादियों में आयोजित किया जायेगा। समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू और कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। पार्टी ने वनभोज के सुचारू आयोजन के लिए प्रति व्यक्ति पास और मंडलवार स्टॉल की व्यवस्था की है।

## पासी समाज का मिलन समारोह आज

**जमशेदपुर।** पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति के सदस्यों का मिलन समारोह सह वार्षिक वनभोज रविवारी को सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम किए जायेंगे और समाज के प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। दूसरी ओर, समिति वर्मा माइंस स्थित मुख्य कार्यालय में सावित्रीबाई फुले जी की जयंती मनायी। समिति के अध्यक्ष श्री कंचन लाल ने फुले जी के जीवन और महिलाओं की शिक्षा व अधिकारों में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद का वनभोज चार को

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर की बैठक महामंत्री जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में हुई। बैठक में इस वर्ष 04 जनवरी को गालूडीहा-घाटशिला स्थित एटमॉस्फेयर रिजॉर्ट में वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## रविदास समाज ने किया फुले को नमन

**जमशेदपुर।** कदमा स्थित रविदास भवन में 3 जनवरी 2026 को रविदास समाज की बैठक आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता सरयू रविदास ने की और माता सावित्रीबाई फुले के त्याग, समर्पण और साहस को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि 26 जनवरी 1950 से पहले नारी और शूद्रों को शिक्षा से वंचित रखने वाले समय में सावित्रीबाई फुले ने महिला विद्यालय स्थापित कर कीर्तिमान स्थापित किया। बैठक में मां हरि बालक प्रसाद, रामजी, सावन कुमार, बिंदेश्वर राम, प्रकाश चंद्र सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। सभी ने उनके साहस और समाज सेवा की सराहना की।

## उदयन की पुण्यतिथि पर फ्री हेल्थ कैंप पांच को

**जमशेदपुर।** स्वर्गीय उदयन दत्ता की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर 5 जनवरी को जमशेदपुर और मानगो वासियों के लिए निशुल्क हेल्थ चेकअप और इलाज का आयोजन किया जाएगा। अनुभवी डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच करेगी और आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध करायेगी। कैंप सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक दुर्गा मंदिर के समीप इंदु मेंशन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय और विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी एवं भाजपा प्रदेश व्यावसायिक प्रकोष्ठ संयोजक श्री नीरज सिंह होंगे। आयोजन भावी भारत फाउंडेशन, सैल्यूट तिरंगा और हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

## शिलापट्ट तोड़ने पर कांग्रेस ने दर्ज कराया मुकदमा

**जमशेदपुर।** पोस्ट ऑफिस रोड से नजरिया स्कूल होकर गुरुद्वारा रोड तक बनी सड़क के शिलापट्ट, जिस पर पूर्व मंत्री श्री बन्ना गुप्ता और योजना का नाम अंकित था, को अज्ञात असमाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मानगो नगर निगम अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह गुड्डू के नेतृत्व में मानगो थाना पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। बलजीत सिंह, बलदेव सिंह, बंटी गिरी, कल्लू सिंह, अनिल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे। कांग्रेस ने घटना का कड़ा विरोध करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस हिरासत में जीत महतो की मौत पर भाजपा का तीखा हमला, पीड़ित परिवार से मिले अर्जुन मुंडा

## थानेदार समेत दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग, 24 घंटे का अल्टीमेटम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र के गोकुल नगर बस्ती निवासी जीत महतो की पुलिस हिरासत में हुई मौत ने पूरे जमशेदपुर को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर हो गई है। शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में भाजपा का एक शिष्टमंडल गोकुलनगर पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

मिली जानकारी के अनुसार, 30 दिसंबर को मोबाइल चोरी के संदेह में जीत महतो को पुलिस हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि हिरासत के दौरान उसके साथ बर्बर मारपीट और अमानवीय व्यवहार किया गया, जिससे उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। बाद में उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस द्वारा आनन-फानन में यूडी केस दर्ज कर पोस्टमार्टम कराना, अंतिम संस्कार में जल्दबाजी और परिजनों को दो लाख रुपये सौंपे जाने से मामले पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़ित परिजनों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दो दिनों तक उन्हें जीत महतो से मिलने नहीं दिया गया। इसी दौरान उसकी गर्भवती पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया, जो जन्म लेते ही अपने पिता का साया खो बैठी। इस हृदयविदारक स्थिति ने लोगों को झकझोर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने इस घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में मौत सीधे तौर पर शासन और प्रशासन की विफलता है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच हो, एमजीएम थाना प्रभारी को तत्काल बर्खास्त किया जाए और थानेदार समेत सभी दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या गरीब होना अब अपराध बन गया है और क्या पुलिस की बर्बरता को पैसों से ढकने की कोशिश की जा रही है।

**घटना से जुड़े प्रमुख बिंदु**
- मोबाइल चोरी के संदेह में जीत महतो की पुलिस हिरासत में हुई थी पिटाई
- हिरासत में मारपीट का आरोप, इलाज के दौरान मौत
- यूडी केस और जल्दबाजी में अंतिम संस्कार पर
- भाजपा ने दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की


जीत महतो की पत्नी को सांत्वना देने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जिला प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा के भीतर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि दो लाख रुपये देकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास निंदनीय है और पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय, सुरक्षा और उचित मुआवजा दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान कई वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

### जीत महतो की मौत पर सुधा गुप्ता ने परिजनों से की मुलाकात, निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन



**जमशेदपुर।** मानगो के गोकुल नगर निवासी जीत महतो की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सुधा गुप्ता उनके आवास पहुंचीं और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहायता एवं न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि इस घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो तथा जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। बताया कि सरकारी स्तर से जो भी सहायता संभव होगी, उसे दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जायेगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### जीत महतो के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे: सरयू राय



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने शनिवार को मानगो के गोकुल नगर पहुंचकर मृतक जीत महतो की मां एवं परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ भी बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सरयू राय ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस गंभीर मामले को लेकर उनकी बातचीत जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से भी हुई है। सभी जनप्रतिनिधि मिलकर पीड़ित परिवार के पक्ष में खड़े रहेंगे और दोषी पाये जाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। विधायक ने कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है ताकि सच्चाई सामने आ सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने एमजीएम अस्पताल के अधिकारियों तथा पुलिस के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर वस्तुस्थिति जानने और न्याय दिलाने का प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा उलीडीह मंडल के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# मानगो में सफाई व्यवस्था बदहाल

- विधायक के दो घंटे के निरीक्षण में उजागर हुईं गंभीर अनियमितता
- अकर्मण्य ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था की पोल शनिवार को उस समय खुल गई, जब जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक विभिन्न इलाकों का औचक निरीक्षण किया। दो घंटे तक चले इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिमना रोड, दाईगुट्टू, कुंवर बस्ती समेत कई मोहल्लों का दौरा कर सफाई व्यवस्था की हकीकत को करीब से देखा। निरीक्षण के बाद विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि मानगो नगर निगम में सफाई व्यवस्था पूरी तरह लचर है और इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार निविदा शर्तों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं।


सफाईकर्मियों से बात करते सरयू राय।

निरीक्षण में पाया गया कि जिन स्थानों पर 35 से 40 सफाईकर्मियों की तैनाती होनी चाहिए थी, वहां मुश्किल से 20 से 25 कर्मी ही उपस्थित थे। कई जगहों पर तो आधी से भी कम संख्या में सफाईकर्मी मिले। इससे मोहल्लों में नियमित और समुचित सफाई नहीं हो पा रही है। विधायक सफाईकर्मियों की कम संख्या से खासे नाराज दिखे।

मौके पर मौजूद सफाई निरीक्षक और ठेकेदारों के सुपरवाइजर से पूछताछ में यह भी सामने आया कि कई सफाईकर्मियों को पीएफ और ईएसआई का लाभ नहीं मिल रहा है। अधिकांश कर्मियों ने बताया कि उन्हें मजदूरी बैंक खाते के बजाय नकद दी जाती है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। सरयू राय ने कहा कि यह सब नगर निगम अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद कार्रवाई न होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

निरीक्षण के दौरान यह भी उजागर हुआ कि सफाई ठेकेदारों के कर्मियों को डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली क्यूब कंपनी के कार्यों में लगा दिया गया है। विधायक ने इसे सफाई कार्य में कोताही के साथ-साथ क्यूब कंपनी के क्रियाकलापों पर पर्दा डालने का प्रयास बताया। उन्होंने आशंका जताई कि ठेकेदारों के पीछे राजनीतिक संरक्षण होने के कारण नगर निगम अधिकारी कार्रवाई से बचते हैं, जिसकी कीमत आम जनता को गंदगी के रूप में चुकानी पड़ रही है। सरयू राय ने कहा कि वह इस पूरे मामले पर मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से बात करेंगे और निविदा शर्तों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर जिले के किसी भी नगर निकाय की निविदा में भाग लेने से वंचित करने की मांग की जायेगी।

# ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया संपन्न

- अध्यक्ष पद के लिए 11 और महासचिव पद के लिए 8 लोगों ने दाखिल किए नामांकन
- रायसुमारी से नहीं बना काम तो होगा, मतदान, 6 से 15 जनवरी तक होगी मतगणना प्रक्रिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के अंतर्गत चल रही संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया के तहत शनिवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त हो गई। निर्धारित समयानुसार 3 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 19 लोगों ने अपने-अपने पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए 11 एवं महासचिव पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।



अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वालों में राम नारायण शर्मा, पवन कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, मिथलेश चौधरी, रविनन्दन कुमार, अमरनाथ सिंह, अनीश कुमार (दुन्ना), अरविंद कुमार, राजेश सिंह, महेंद्र शर्मा एवं सत्येंद्र कुमार शामिल हैं। वहीं महासचिव पद के लिए जयकुमार, विकास चन्द्र, शैलेन्द्र ठाकुर आदि शामिल हैं।

# दोमुहानी संगम महोत्सव 2026 का आयोजन 13-14 जनवरी को

- तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, संचालन समिति की अहम बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी 13 और 14 जनवरी को हिन्दू उत्सव समिति एवं उम्मीद एक अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले दोमुहानी संगम महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परिसदन (सर्किट हाउस) के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई, जिसमें महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस वर्ष के दोमुहानी संगम महोत्सव को पहले से अधिक भव्य, प्रभावशाली और जन-सहभागिता से परिपूर्ण बनाना था। इस दौरान महोत्सव की संपूर्ण रूपरेखा, कार्यक्रमों के क्रम और स्वरूप, वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था, आमंत्रित किए जाने वाले विशिष्ट अतिथियों तथा सम्मानित की जाने वाली सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संस्थाओं की सूची पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।


दोमुहानी महोत्सव की तैयारी में उपस्थित रवि सिंह और आयोजन से जुड़े गणमान्य व्यक्ति।

# गौरवशाली परंपराओं को कुचल रही भाजपा सरकार : बन्ना गुप्ता

- मनरेगा, संविधान और सार्वजनिक उपक्रमों पर हमले का लगाया आरोप, पांच जनवरी को रांची में मनरेगा बचाओ रैली का ऐलान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय, बिष्टूपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की गौरवशाली परंपराओं, संविधान और सामाजिक न्याय की भावना को कुचलने का कार्य कर रही है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का बलिदान इस देश की मिट्टी में रचा-बसा है, लेकिन आज बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए कानून पर भाजपा हमला कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीसीसीएल, रेलवे सहित कई सरकारी उपक्रमों का निजीकरण कर उन्हें अपने करीबी उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है। मनरेगा को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में इसे देशभर में सफलतापूर्वक लागू किया था।



# एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेवः आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्थानीय उद्योगों को मिलेगा नया मंच



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर, जमशेदपुर में 16 एवं 17 जनवरी 2026 को एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव की औपचारिक घोषणा 2 जनवरी को की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) को रक्षा उत्पादन से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र का सक्रिय भागीदार बनाना है।

यह जानकारी सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मानव केडिया और महासचिव पुनित काउंतिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

# ताउम्र समाजसेवा के लिए समर्पित रहे स्व. केके सिंह : सांसद

- स्व. केके सिंह की स्मृति में 800वें नेत्र ज्योति महायज्ञ-2026 का शुभारंभ
- 746 नेत्र रोगियों की जांच, नया ऑपरेशन थियेटर समर्पित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पेट्रन स्वर्गीय के. के. सिंह की स्मृति में आयोजित 800वें नेत्र ज्योति महायज्ञ-2026 का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय एवं अनुमंडल पदाधिकारी अर्णव मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस के मानवसेवी कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की।






उद्घाटन समारोह को संबोधित करते विकास सिंह। मंच पर हैं विधायक सांसद विद्युतबरण महतो, विधायक सरयू राय, एसडीओ और स्व. केके सिंह की धर्मपत्नी उर्मिला देवी और ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते सांसद विद्युतबरण महतो, सरयू राय, एसडीओ व अन्य।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि रेड क्रॉस पूर्वी सिंहभूम वर्षों से मानवता की सेवा में निरंतर समर्पित है। नेत्र रोगियों की भारी उपस्थिति इस संस्था पर जनता के अटूट विश्वास को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि स्व. के. के. सिंह जीवनपर्यंत जनसेवा में लगे रहे और आज उनके परिवारजन भी उसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान और रेड क्रॉस जैसी संस्थाएं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सेवा पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इन संस्थाओं के पीछे निहित विचारधारा ही इन्हें विशिष्ट बनाती है, जिसका नेतृत्व रेड क्रॉस के मानद सचिव एवं झारखंड रेड क्रॉस के चेयरमैन विजय कुमार सिंह कर रहे हैं। नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी एवं रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष अर्णव मिश्रा ने अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि 800 नेत्र शिविरों तक की यात्रा निरंतर प्रयास और समर्पण का परिणाम है।

## एक नजर में

### शिक्षक समस्याओं के समाधान को लेकर शिक्षा अधीक्षक से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को वरीय शिक्षक प्रतिनिधि सुनील कुमार के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत वार्ता की। संघ की ओर से प्रमुख रूप से वर्ष 2004 में नियुक्त शिक्षकों को विभागीय अधिसूचना के आलोक में परिकल्पित तिथि 22 दिसंबर 2003 से नियुक्त मानते हुए उसी तिथि से वित्तीय लाभ एवं वरीयता की गणना करने संबंधी आदेश के शीघ्र अनुपालन की मांग रखी गई। जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए अगले 15 दिनों के भीतर संबंधित निर्देश जारी कर विभागीय आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं वित्तीय लाभ प्रदान करने का आश्वासन दिया। संघ ने बताया कि इस निर्णय के लागू होने से 2004 बैच के प्रथम सूची में नियुक्त शिक्षकों को वेतन निर्धारण के पश्चात एक अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा, जिससे शिक्षकों में संतोष का माहौल है। बैठक में क्षतिपूर्ति अवकाश, वार्षिक अवकाश कैलेंडर में देय पांच स्थानीय अवकाश के समायोजन, ग्रेड-4 में प्रोन्नति के उपरांत लंबित वेतन निर्धारण सहित अन्य समस्याओं पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार, सरोज कुमार लेंका, संजय कुमार केसरी, अनिल प्रसाद, राजेश मिश्रा, अजम्बर सिंह सरदार, कमलेश्वर कुमार, भूरका बयार बेसरा, मतीन अंसारी, अख्तर हुसैन व कई शिक्षक प्रतिनिधि शामिल थे।

### उमवि धातकीडीह में सावित्रीबाई फुले की स्मृति में विशेष कक्षा, बच्चों ने किया नये वर्ष का स्वागत



**जमशेदपुर।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर घाटशिला अंतर्गत उमवि धातकीडीह में शीतकालीन छुट्टियों के दौरान विशेष कक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ जमशेदपुर से लिटिल इप्टा के बच्चे भी शामिल हुए, जिससे शहरी और ग्रामीण बच्चों का एक प्रेरक समागम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जननाट्य संघ की अर्पिता द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर संवाद से हुई। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में बालिकाओं की शिक्षा की अलख जगाई, जब समाज में महिलाओं की पढ़ाई को महत्व नहीं दिया जाता था। इसके बाद बच्चों ने हिंदी जनवादी गीतों, संताली गीतों और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से समानता, शिक्षा और सामाजिक चेतना का संदेश दिया। संथाली लिपि ओलचिकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संताली गीतों की सामूहिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लिटिल इप्टा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत अफ्रीकी लोककथा पर आधारित नाटक लोहे का आदमी रहा, जिसने सामाजिक सूझबूझ से असंभव लक्ष्य पाने का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक साजिद अहमद ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन से बच्चे नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग 150 बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

### 11 को कदमा में मनेगी सुनील-गुरुजी की जयंती



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के पूर्व अध्यक्ष बबन राय की अध्यक्षता में सोनारी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में 11 जनवरी 2026 को कदमा गणेश पूजा मैदान में स्वर्गीय शहिद सांसद सुनील महतो और दशुम गुरु शिबू सोरेन की जन्म जयंती पर केक काटकर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मंत्री, विधायक, पूर्व सांसद, जिला एवं प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी और महिला नेत्री उपस्थित रहेंगे। बैठक में नानटु सरकार, शौकत हुसैन, जसवंत सिंह समेत सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

### पेसा अधिसूचना में भूमिज पारंपरिक व्यवस्था को मिली मान्यता



**जमशेदपुर।** झारखंड कैबिनेट की मंजूरी के बाद पंचायती राज विभाग ने पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून की अधिसूचना जारी की। इसमें भूमिज समाज की पारंपरिक व्यवस्था से जुड़े मुड़ा, सरदार, नाया और डाकुआ को ग्राम सभा अध्यक्ष के रूप में मान्यता दी गई। समाज ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया और विधायक संजीव सरदार के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। दीपक सरदार, भरत सरदार, गोपी सरदार समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकार को मजबूत करेगा और स्वशासन को सशक्त बनायेगा।

## स्पीड न्यूज

### डीसी समीरा एस ने सीएम को पुष्पगुच्छ भेंटकर नये वर्ष की शुभकामनाएं दी



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय पहुंचकर औपचारिक भेंट कर सीएम हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं सीएम ने भी उपायुक्त को शुभकामना व्यक्त करते हुए पूरे जिला प्रशासन टीम को नये वर्ष की बधाई दी। इस शिष्टाचार भेंट में मुख्यमंत्री ने जिले में विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूती देने के लिए नये वर्ष में जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने को कहा।

### पलामू एसपी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंटकर नये वर्ष की शुभकामना दी



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शनिवार को पहुंचकर सीएम हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट किया। मौके पर एसपी ने सीएम को पुष्प गुच्छ देकर नये वर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं सीएम ने भी एसपी समेत पलामू के पुलिस पदाधिकारियों को बधाई दी। साथ ही जिला में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए बधाई दिया। मौके पर जिले की सुरक्षा व्यवस्था व बेहतर पुलिसिंग पर चर्चा हुई।

### मर्चेंट नेवी विकास की मौत से मातम



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के खामडीह निवासी गणेश चौधरी के इंजीनियर पुत्र विकास (28) की मौत हो गयी। खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। विकास मर्चेंट नेवी में कार्यरत था। मृतक बोकारो में गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहा था, इसी दौरान एकाएक गिर पडा। तुरंत डॉक्टर के पास लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। उसकी शादी 20 अप्रैल 2025 को हुई थी। दाह संस्कार पैतृक गांव में कर दिया गया। मौत पर बारी मुखिया निरोतमा कुमारी, अवधेश सिंह चेरो, जुबेर खान, रुबी देवी, आशीष सिन्हा, मोहन ठाकुर समेत कई ग्रामीणों ने दुख व्यक्त किया है।

### गोड़ाडीह में 100 कंबल का वितरण



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के गोड़ाडीह पंचायत के 10 वार्ड में 100 कंबल बांटा गया। जिसकी शुरुआत पंचायत सचिवालय में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, मुखिया शोभा देवी, उप मुखिया नीलेश सिंह, उदय सिंह, वार्ड सदस्य महेंद्र राम, सोनी देवी, सत्यनारायण ठाकुर ने जरूरतमंदों को देकर किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि कंबल मिलने से गरीबों को राहत प्रदान होगा।

### अचानक बढ़े ठंड में अलाव बना सहारा



**पाटन पलामू।** मौसम ने शनिवार को अचानक करवट ले लिया, जिससे काफी ठंड का असर दिखा। अघोर आश्रम रोड दीलीप चाय दुकान पर चाय की चुस्की एवं अलाव का सहारा लेते हुए नावा खास मुखिया मनोज कुमार, लव मेहता, सतीष यादव, विहारी, मुकेश मेहता सहित कई लोग देखे गये। नावा खास मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि ठंड में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। अलाव ही ठंड का बेहतर सहारा है।

### मुखिया राजेंद्र पांडेय ने बांटा कंबल



**पांकी पलामू।** प्रखंड के तेतराई मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय उर्फ जितेंद्र ने वृद्ध, विकलांग, विधवा और जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। मुखिया ने बताया कि कंबल जरूरतमंद तक पंहुचे इसके लिए गावों मे घूम-घूम कर वैसे लोगों को सूची बनाते है, जो पूरी तरह से लचार और बेबश हैं। साधन संपन्न लोग अपने संसाधनों से गर्म कपड़े खरीद लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस बार सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों को अच्छी क्वालिटी का कंबल मुहैया कराया है।

### 6-10 तक सीएचसी को चारों ब्लॉक में लगेगा स्वास्थ्य मेला : डॉ राजेंद्र कुमार



**बिश्रामपुर पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के चारों ब्लॉक में स्वास्थ्य मेला लगेगा। यह मेला सीएचसी और पीएचसी स्तर पर लगेगा। शनिवार को पत्रकारों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि 6 को पीएचसी नवा बाजार, 7 को सीएचसी बिश्रामपुर, 9 को सीएचसी पांडु और 10 को सीएचसी उंटारी में स्वास्थ्य मेला लगेगा, जिसे लेकर तैयारी चल रही है। इस दौरान टीबी, मलेरिया, परिवार नियोजन की जानकारी दी जायेगी।

### झारखंड सीजीएल में मनातू के कमलेश कुमार यादव को मिली बड़ी सफलता



**मनातू (पलामू)।** प्रखंड के मसूरिया निवासी कमलेश कुमार, पिता विशुनदेव यादव ने झारखंड सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर वित्त विभाग, झारखंड मंत्रालय रांची में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव, प्रखंड और पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी है। इससे पूर्व कमलेश ने जेपीएससी और बीपीएससी की मेंस परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की थी, हालांकि कुछ अंकों से अंतिम मेरिट सूची में स्थान नहीं मिल सका। बावजूद इसके उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और निरंतर मेहनत करते रहे, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। परिवार में शिक्षा और संघर्ष की यह परंपरा यहीं नहीं रुकी। वर्ष 2021 में उनके छोटे भाई प्रभु कुमार यादव ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पलामू में एमबीबीएस में दाखिला लिया और डॉक्टर बनने का सपना साकार किया। कमलेश कुमार की प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई। इसके बाद इंटरमीडिएट बी.एन. कॉलेज डालटनगंज तथा स्नातक की पढ़ाई जेएलए कॉलेज डाल्टनगंज से पूरी की।

### बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में मना नववर्ष का उत्सव

## कार्यक्रम में देश की संस्कृति की विविधता की गयी प्रदर्शित: निर्देशक डॉ नेहा अग्रवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में नववर्ष का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भारतवर्ष के सभी प्रदेशों का प्रतिनिधित्व वहां की वेशभूषा को धारण कर किया। कार्यक्रम को रैंप वॉक, तरह तरह के लजीज व्यंजन और नृत्य से सजाया गया। न सिर्फ शिक्षक बल्कि गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके बीच गेम्स भी आयोजन किया गया। उनका जोश और मस्ती देखने लायक थी।



विद्यालय प्रबंधन द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर डॉ नेहा अग्रवाल ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और आकर्षक उपहार भी दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य हमारे देश की अनेकता में एकता की भावना को दर्शानां है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे देश की संस्कृति की विविधता को दिखाते हैं। देश के अनेकता में एकता ही हमारी पहचान है। प्राचार्या रेबेका बर्मन ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारे हौसले और उत्साह को बढ़ाते हैं और कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उपप्राचार्या अनुपमा तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से रचनात्मकता एवं सकारात्मकता में अभिवृद्धि होती है। मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं समेत विद्यालय कर्मी शामिल थे।

## भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक में बनी रणनीति

- झारखंड सरकार के नीतियों के खिलाफ दिया जायेगा धरना : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर पलामू।** भाजपा कार्यालय प्रांगण में शनिवार को प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक हुई। इसके मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विशिष्ट अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी थे। अध्यक्षता युवा मंडल अध्यक्ष ज्वाला गुप्ता और संचालन बबन राम ने किया। श्री सिंह ने कहा कि राज्य में छह प्रमंडल की टोली बनी है, जिसमें एक पलामू भी है। नगर निकाय चुनाव को बार-बार सीएम हेमंत सोरेन रोक रहे हैं। इसलिए भाजपा इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।




पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि नगर निकाय, नगर परिषद और नगर पंचायत की चुनाव सरकार अविलंब कराये। साथ ही दलीय आधारित चुनाव कराना और बैलेट पेपर से कराना इस मुद्दे को लेकर जनता जनार्दन के पास जायेंगे। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि छह जनवरी को झारखंड सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन बिश्रामपुर जनता हाई स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर नप बिश्रामपुर में तीन सूत्री मांगों को लेकर कार्यक्रम किया जायेगा, जिसमें हजारों लोगों को इसको सफल बनाने की अपील की है। जिलाअध्यक्ष ने कहा कि अब हम सभी लोग जनता जनार्दन तक झारखंड सरकार की नीतियों को पहुंचायेंगे। समापन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, सतीश कुमार, राजन पांडेय, डॉ बीपी शुक्ला, राधा साव, सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि, रजनीश चंद्रवंशी, देव नारायण सिंह, शिवांश मिश्रा, बबन पाठक थे।

## मनरेगा कानून बदले जाने से ग्रामीणों का अधिकार हो जायेगा समाप्त : केएन त्रिपाठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतवर्ष में बेरोजगारों को सौ दिन रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लेकर केंद्र की पूववर्ती सरकार द्वारा देश स्तर पर मनरेगा के नाम से वर्ष 2006 में योजना को लागू किया गया। जिसे वर्तमान सरकार ने इस योजना का नाम बदलते हुए जी राम जी कर दिया। इसे लेकर देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस विरोध कर रहा है। इसी को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश के आलोक में राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की। कहा कि मनरेगा कानून बदले जाने से ग्रामीणों एवं मेहनत कश मजदूरों व बेरोजगारों का अधिकार समाप्त होगा।



लोगों के साथ रणनीति बनाते पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जी राम जी योजना लाया है उसमें कई त्रुटियां हैं जिससे इसका असर बेरोजगार लोगों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना में देश के सभी राज्य सरकारों को 40 प्रतिशत राशि खर्च करनी होगी। साथ ही गांवों में कोई भी योजना को संचालित करने के लिए पंचायत स्तर पर चयनित योजना को जिला स्तर पर भेजा जायेगा। उसके बाद राज्य सरकार चयनित योजना को भारत सरकार के पास भेजेगी। तब जाकर योजना धरातल पर उतरेगी। उन्होंने इस योजना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व की मनरेगा योजना में किसी भी योजना को चयनित करने के लिए ग्राम सभा में मुखिया, सरपंच के मौजूदगी में चयनित किया जाता था। जिस पर 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार व दस प्रतिशत राशि राज्य सरकार खर्च करती थी। अब जी रामजी योजना में सबकुछ बदल चुका है। इससे लोगों का रोजगार छीना जायेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जी राम जी योजना लायी है उसमें कई त्रुटियां हैं जिससे इसका असर बेरोजगारों पर पड़ेगा। इसमें देश के सभी राज्य सरकारों को 40% राशि खर्च करनी होगी। साथ ही गांवों में कोई भी योजना के लिए पंचायत स्तर पर चयनित योजना को जिला स्तर पर भेजा जायेगा। उसके बाद राज्य सरकार चयनित योजना को भारत सरकार के पास भेजेगी। तब योजना धरातल पर उतरेगी। उन्होंने इसपर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व की योजना में किसी भी योजना चयन के लिए ग्राम सभा में मुखिया, सरपंच के मौजूदगी में चयनित किया जाता था।

## हुसैनाबाद में फर्जी आईएएस को असली आईपीएस ने पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल

- उड़ीसा कैडर बताकर एक जमीन मामले में की थी पैरवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना में खुद को 2014 बैच का ओडिशा कैडर आईएएस व सीएओ बताकर अफसरों को गुमराह करने वाला व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़ा गया आरोपी व्यक्ति की पहचान राजेश कुमार उर्फ राजेश चौधरी उम्र 35 वर्ष बताया गया है, जो हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव का निवासी है। तलाशी में फर्जी पुलिसिया जांच में उक्त व्यक्ति के पास से कई कागजात जैसे आईपीटी एएफएस आईडी कार्ड, मोबाइल, कोचिंग आईडी और कार पर लगा भारत सरकार, सीएओ दूरसंचार विभाग लिखा नकली नेम बोर्ड, लाइब्रेरी कॉर्ड, चाणक्या आईएएस एकेडमी का आईडी, एक ग्रेरंग की हुंडई कार आदि बरामद हुआ है।






जानकारी देती पुलिस व बरामद कार।

इधर, इस मामले में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 01/26 (दिनांक 02.01.26) दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बता दे कि उक्त फर्जी अफसर राजेश कुमार के पिता सेवा निवृत्त शिक्षक रहे है जिनका मृत्यु दो वर्ष पूर्व हो गया है,वह घर से माता पिता से आईएएस की तैयारी करने के लिए बाहर में पढ़ाई करता था,जो कि तीन बार यूपीएससी की पिटी परीक्षा भी दिया है । 2014 में पिटी की परीक्षा में पास होने की चर्चा क्षेत्र में फैल गयी थी तब से सब लोग यही सुनते व जानते थे कि राजेश आईएएस के परीक्षा निकाल कर उड़ीसा में टेलीकॉम कंपनी में बड़े पोस्ट पर अधिकारी है । गांव में हाव भाव भी अधिकारी जैसा बनाकर कभी कभार आता जाता था,लेकिन फिलहाल किसी अपने नजदीकी व्यक्ति के एक जमीन विवाद में कुछ मामले को लेकर कुछ दिन पूर्व हुसैनाबाद थाना पंहुचा और थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी से अपने को आईएएस अफसर बता कर उस मामले में पैरवी किया। थाना अधिकारी आईएएस नाम सुन कर आवभगत भी किये।

### पुआल के गांज में लगी आग, खाक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के अमवा में स्व विनय मोची के पुआल के गांज में आग लग गई जिससे पुरा पुआल का गांज जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की तत्परता से चापानल एवं कुआं से पानी लाकर आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुआल के गांज के पास छोटे बच्चे खेल रहे थे उसी क्रम में किसी ने पुआल में आग लगा दिया। जिससे पुआल का पुरा गांज जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी परिवार ने बताया कि लगभग सौ बोझा धान का पुआल गांजा था जो जल गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में के बाल मेला में बच्चे पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पाक कला प्रदर्शनी दिखाई। बच्चों ने बाल मेले में फास्ट फूड,चाट, चाउमिन, पानी पुरी, इडली, समोसा, झालमुरी आदि के स्टॉल लगाये। जिसका बच्चों और अभिभावकों ने आनंद उठाया। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, पूर्व प्रमुख अखिलेश मेहता, संजय जायसवाल, विजय प्रजापति, शंभू यादव पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, राजेश दास सहित कई प्रबुद्धजन व गणमान्य लोगों ने बाल मेला में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में बाल मेला का आयोजन विगत कई वर्षों से होते आ रहा है।

## मुखिया संघ के संरक्षक ने सिरमा में किया वनभोज कार्यक्रम आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** मुखिया संघ के संरक्षक राकेश दुबे के द्वारा सिरमा में वन भोज कार्यक्रम किया गया। मौके पर पाटन बीडीओ अमित कुमार, पड़वा बीडीओ राजीव झा, पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पांडेय, किशुनपुर ओपी प्रभारी रंजीत सिंह, राजकमल तिवारी, शिव मेहता, बबलु उपाध्याय, राजेश दुबे, धीरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, शीव प्रसाद मेहता, दीनु पाण्डेय, अधिवक्ता ज्वाला दुबे, ओम प्रकाश दुबे सहित सैकड़ों लोग वन भोज में शामिल थे। मौके पर पाटन बीडीओ अमित झा ने कहा कि वन भोज कार्यक्रम आयोजित होने से लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ता है इसलिए ऐसे कार्यक्रम बराबर होना चाहिए। बीडीओ ने कहा कि इससे समाज का वातावरण ठीक रहता है।

### ड्राइवर-कंडक्टरों की आंखों की जांच की गयी



**मेदिनीनगर।** एक जनवरी से शुरू हुए सड़क सुरक्षा माह के जिला परिवहन कार्यालय एवं ट्रैफिक पुलिस ने गढ़वा रोड के शाहपुर बस स्टैंड में निःशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया। इस दौरान आमजनों, बस चालकों एवं कंडक्टरों का ब्लड प्रेशर व आंख की जांच की गयी। डीटीओ जितेंद्र यादव ने बताया कि समय-समय पर चालकों एवं कंडक्टरों का नियमित रूप से नेत्र जांच आवश्यक है। चालक लगातार वाहन ड्राइव करते हैं, ऐसे में इनकी आंख पूरी तरह से स्वस्थ होना चाहिए। बस चालकों से सहयोग अपेक्षित है।

## जिला स्तरीय अंडर -19 क्रिकेट टीम गुमला रवाना, दी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के राज्यस्तरीय अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पलामू जिला अंडर-19 टीम शनिवार को गुमला के लिए रवाना हो गयी। गुमला में चार दिवसीय लीग मैच में भाग लेगी। जिसके बाद परफॉर्मेंस पर आगे की मैच खेलेगी। टीम मैनेजर राजू ने बताया पलामू जिला क्रिकेट एसोसिएशन में 14 सदस्यीय क्रिकेट टीम भाग लेगी। गुमला में आयोजित लीग मैच में विभिन्न जिला से आए टीम के साथ मैच होगा। टीम में अभिषेक कुमार, दौलत यादव, अमृत, सुमित कुमार, युवराज कुमार, आनंद शर्मा, सुऐब अख्तर, सुमित कुमार, नितिन कुमार, तृष्णा सिंह, कुमार सर्वेश, यशराज शर्मा, पीयूष राज, सानु राज का नाम शामिल है।

### एक माह बाद भी मोटर चोरी का खुलासा नहीं, किसानों में आक्रोश

**हैदर नगर (पलामू)।** चौकड़ी पंचायत एवं आसपास के इलाकों में सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले बिजली समरसेबल और सोलर मोटरों की लगातार हो रही चोरी से किसान परेशान हैं। एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद हालिया मोटर चोरी की घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पीड़ित किसान आशुतोष पाठक ने बताया कि बीते एक दो वर्षों में इस क्षेत्र से दर्जनों सिंचाई मोटर चोरी हो चुकी हैं।

## फुटबॉल से शारीरिक और सामाजिक समरसता बढ़ती है: संजय सिंह यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** भाईचारा एकता कमेटी पथरा पंचायत के नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच शनिवार को बिहार राज्य के औरंगाबाद के देव व झारखंड राज्य के गढ़वा के बीच खेला गया। इस मैच का उद्घाटन विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टुटू, सद्भावना के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, हुसैनाबाद नपं के निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, राजद नेता रवि कुमार यादव, खेल कमेटी के संयोजक जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। मौके पर विधायक संजय सिंह यादव ने कहा कि कमिटी के लोगों का यह कार्यक्रम सराहनीय है।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की तैयारी को लेकर आज होगी बैठक : पंकज कुमार



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार 4 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। यह बैठक डबरा मोड़ के समीप अरविंद गुरु जी के रूम पर संपन्न होगी। बैठक में गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन की तैयारियों, जिम्मेदारियों के बंटवारे सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी गुरु रविदास जयंती का आयोजन मध्य विद्यालय लेस्लीगंज के मैदान में किया जायेगा। इसे सफल बनाने के लिए मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शोभायात्रा, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विमर्श किया जायेगा। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य, युवा प्रतिनिधि तथा आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से बैठक में शामिल होकर अपने सुझाव देने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। उक्त जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार ने दी।

## श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ को लेकर हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 42वें अधिवेशन के आयोजन को लेकर ग्राम पूर्णाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा ग्राम पूर्णाडीह की एक बैठक की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में अध्यक्ष पद के लिए पंडित वेद प्रकाश राय, सचिव पद के लिए व्यास अंकु राय तथा कोषाध्यक्ष के रूप में लकी सिंह का चयन किया गया।



महायज्ञ को लेकर बैठक में उपस्थित लोग।

वहीं महायज्ञ कार्यक्रम के महासंरक्षक के रूप में समाजसेवी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय जी को चुना गया। बैठक में महायज्ञ को भव्य एवं सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अमित कुमार सिंह, कल्लू सिंह, पप्पू पासवान, सत्यदेव सिंह, बसंत पासवान, रौशन पासवान, रौशन सिंह, ईश्वरी राम चंद्रवंशी, राकेश राम, गुड्डू राम, गणेश सिंह, बलू सिंह, रामजी राय, मिथिलेश राय, रमेश पासवान, उमेश सिंह, अरविंद सिंह, दिलीप सिंह व अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## चेरो जनजातीय महासंघ के पदधारियों ने अवधेश सिंह चेरो को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता अवधेश सिंह चेरो को भारत सरकार के द्वारा झारखंड प्रदेश के राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य बनाए जाने पर राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया।

बताते चलें कि दिशा समिति विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं का प्रवेक्षण, अनुश्रवण एवं निगरानी करेगी साथ ही सभी विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आबंटन विमुक्ति उपयोगिता एवं अवशेष राशि का अनुश्रवण भी करेगी। वहीं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में निधि के दुरुपयोग मार्गदर्शिका के उल्लंघन राशि के विचलन के प्राप्त शिकायतों की जांच एवं निष्पादन करेगी। राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य मनोनीत किये जाने पर अवधेश सिंह चेरो ने संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारत सरकार ने जो जिम्मेवारी मुझे दी है उसे मैं निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा। ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं को झारखंड में धरातल पर उतरा जा सके। मौके पर महासंघ के राष्ट्रीय सलाहकार भरदूल कुमार सिंह, राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी हृदया सिंह चेरो, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, ठकुराई सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष उपाध्या सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मेदिनी नगर सत्येंद्र सिंह चेरो, रविंद्र सिंह उपस्थित थे।



स्वागत करते महासंघ के पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### बस स्टैंड पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**गढ़वा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत गढ़वा बस स्टैंड पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीख से सुरक्षा और तकनीक से परिवर्तन अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र और व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने चालकों का सघन विजन टेस्ट और कलर एक्यूरेसी टेस्ट किया। इसके अलावा, चालकों का सामान्य स्वास्थ्य जांचने के लिए ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स और हीमोग्लोबिन की भी विस्तृत जांच की गई। जिन चालकों की दृष्टि में दोष पाया गया, उन्हें मौके पर ही नि:शुल्क चश्मा और दवाइयां प्रदान की गईं। मौके पर डॉ विकास केशरी ने कहा कि अक्सर चालक अपनी शारीरिक समस्याओं और आँखों की कमजोरी को नजरअंदाज करते हैं, जो आगे चलकर भारी सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती है। सुरक्षित सफर के लिए शारीरिक फिटनेस और सही दृष्टि पहली और सबसे अनिवार्य शर्त है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने चालकों से संवाद करते हुए कहा कि सड़क पर उनकी सजगता दूसरों का जीवन बचा सकती है। उन्होंने चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिवहन विभाग ने इस दौरान अपना लक्ष्य साझा करते हुए बताया कि विभाग वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए पूरे जनवरी माह में जागरूकता रथ और विद्यालयों में सुरक्षा पाठशाला जैसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी आदि उपस्थित थे।

### गढ़वा में बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का धमाकेदार आगाज




**गढ़वा।** 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, सुशील केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए लगातार काम कर रही है। हमारे द्वारा आयोजित किए जा रहे इस तरह के आयोजनों में न केवल लड़के, बल्कि लड़कियां भी अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करती हैं। पिछले साल भारत की महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड चैंपियन बनकर देश का नाम रोशन किया था। आप भी इस तरह अपने खेल से देश और राज्य का नाम रोशन करें। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि आजकल लोग खेल से दूर होते जा रहे हैं, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। जब तक आप खेल नहीं खेलेंगे, तब तक स्वस्थ नहीं रहेंगे। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं है, यह जीवन के कई महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है। यह हमें अनुशासन, टीमवर्क, सहनशीलता, और आत्मविश्वास जैसे गुण सिखाता है। सचिव आनंद सिन्हा ने प्रतियोगिता ने बताया कि इस बार बालिका वर्ग में कुल आठ टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। यह प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली जाएगी, जिससे हर टीम को अपनी क्षमता साबित करने का पूरा मौका मिलेगा। सिस्टर रोशना ने लड़कियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी को अपनी आंतरिक प्रेरणा से खुद को मोटिवेट करना होगा। अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से तय करें, छोटे कदमों की सफलता का उत्सव मनाएं। मौके पर उपाध्यक्ष सुशील केशरी, चंद्रभूषण सिन्हा, मुजीबुद्दीन खान, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, श्रीकांत पांडेय, सिस्टर करुणा, मनीष उपाध्याय, मनोज तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, गौरव कुमार दुबे, रोशन धर दुबे, सभी टीम के कोच, मैनेजर सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

# प्राकृतिक सुंदरता के बीच गंदगी और अव्यवस्था का अंधेरा

**गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुखलदरी इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रहा है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुखलदरी इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रहा है। प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और मनमोहक नजारों के लिए पहचाने जाने वाला यह स्थल प्रशासनिक उदासीनता के कारण अपनी चमक खोता नजर आ रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों को अव्यवस्था, गंदगी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझना पड़ रहा है। पर्यटक स्थल पर बना विश्रामागार भवन लंबे समय से उपेक्षित पड़ा हुआ है। भवन के चारों



ओर झाड़ियां उग आई हैं और जगह-जगह कचरा फैला हुआ है। साफ-सफाई के अभाव में यह भवन अब उपयोग लायक नहीं रह गया है, जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को ठहरने में भारी कठिनाई होती है। कई सैलानियों ने बताया कि रात में रुकने की उचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

इतना ही नहीं, पर्यटक स्थल तक पहुंचने के लिए बनी सीढ़ीनुमा संरचना भी गंदगी और कचरे से भरी हुई है। बरसात के मौसम में यह और भी फिसलन भरी हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में परिवार और बुजुर्ग पर्यटकों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटकों का कहना है कि सुखलदरी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यदि यहां साफ-सफाई, रखरखाव, रोशनी, पेयजल और ठहरने की सुविधाएं दुरुस्त कर दी जाएं, तो यह झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग से मांग की है कि सुखलदरी पर्यटन स्थल की नियमित सफाई, झाड़ियों की कटाई, कचरा निस्तारण और विश्रामागार भवन की मरम्मत कर उसे पुनः चालू किया जाए। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीढ़ियों और परिसर की मरम्मत भी आवश्यक है।

# सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान सरहिया गांव निवासी मुकेश यादव और बसंत यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने गांव सरहिया से अमरोरा स्थित बैंक में पैसे निकालने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सामने की ओर से तेज गति में आ रहे एक पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ सूर्यकांत राज ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर रेफर कर दिया गया।

# आसना बांध यात्री शेड में मिला शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भवनाथपुर-केतार मुख्य पथ पर स्थित आसना बांध यात्री शेड में अहले सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार युवक को कनपटी में गोली मारी गई है, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई होगी। शव यात्री शेड में पड़ा होने के कारण यह मामला और भी रहस्यमय बन गया है।



घटनास्थल से पुलिस ने एक अंग्रेजी शराब की बोतल, ग्लास और चावल बरामद किया है। इन सामानों की मौजूदगी से घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि मृतक का संबंध किसी ओझा-गुणी से हो सकता है, हालांकि पुलिस ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मामले को देखते हुए श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमारी रवानी सहित भवनाथपुर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# मझिआंव में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं से व्यापारियों में आक्रोश

**व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष नीरज कमलापुरी ने थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे व्यवसायियों में भय और आक्रोश व्याप्त हो गया है। हाल ही में मझिआंव क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं ने न केवल व्यापारियों को परेशान किया है, बल्कि प्रशासनिक महकमे पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। इन बढ़ती घटनाओं के खिलाफ व्यावसायिक



संघ के अध्यक्ष नीरज कमलापुरी ने थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। व्यवसायियों का आरोप है कि पिछले पांच दिनों में दो व्यापारियों और एक सरकारी विद्यालय के आईसीटी कंप्यूटर लैब में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं ने क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना दिया है। 31 दिसंबर 2025 और 3 जनवरी 2026 को हुई इन चोरी की घटनाओं ने व्यापारी वर्ग को सख्त कदम उठाने की प्रेरणा दी है। आवेदन में यह मांग की गई है कि रात के समय पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और चोरी में शामिल आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए। व्यापारी वर्ग का कहना है कि यदि ऐसी घटनाएं इसी तरह बढ़ती रहीं, तो यह उनके व्यवसाय और रोजगार के लिए खतरे की बात हो सकती है। इसके अतिरिक्त, इस समस्या को लेकर व्यवसायियों का एक दल घटना स्थल पर एकत्र हुआ और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की। मौके पर नीरज कमलापुरी, विवेक सोनी, सूचित कमलापुरी, बिट्टू पांडेय, खुशी जायसवाल, अमरनाथ सोनी, टिंकू तिवारी, अरविंद कुमार, टुकू कमलापुरी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसडीएम ने जरूरतमंदों के बीच बांटे गर्म कपड़े

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरसोता गांव में चल रहे सामाजिक कार्यक्रम आइए खुशियां बांटें के 35वें दिन गढ़वा एसडीएम संजय कुमार ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच गर्म कपड़े वितरित किया। इस दौरान, चप्पल, स्वेटर, शॉल और जैकेट प्राप्त कर लोग खुशी से झूम उठे। एसडीएम द्वारा किया गया यह पहल उन परिवारों के लिए एक आशीर्वाद साबित हुआ, जो कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़ों के अभाव में परेशान हो रहे थे। मौके पर



एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि हमारे समाज में ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें ठंड से बचने के लिए बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता होती है।

मैं एक दिन समय निकालकर शेष बचे जरूरतमंद परिवारों को भी गर्म कपड़े वितरित करूंगा। यह सामाजिक कार्य सभी के सहयोग से संभव हो रहा है और हम यह अभियान निरंतर जारी रखेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता, सहयोग और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा मिलता है, जो समाज के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव सामाजिक कार्यकर्ता शशांक शेखर ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। हमें अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समाज के कमजोर वर्ग की मदद करनी चाहिए। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## फैंसी फुटबॉल मैच में जनप्रतिनिधियों ने पुलिस को 2-1 से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के खेल मैदान में शनिवार को पुलिस और जनप्रतिनिधियों की टीमों के बीच एक फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में जनप्रतिनिधियों की टीम ने पुलिस टीम को 2-1 से हराकर मैच जीत लिया। मैच की शुरूआत में दोनों टीमों के कप्तानों एसआई रौशन राम (पुलिस टीम) और रवि रंजन उर्फ टिंकू (जनप्रतिनिधि टीम) के बीच



मैच रेफरी कमलेश कुमार ने टॉस किया। टिंकू ने टॉस जीतकर अपनी टीम के पक्ष में छोर का चयन किया। उसके बाद कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया। मैच के पहले पांच मिनट में ही जनप्रतिनिधि टीम के कप्तान टिंकू ने शानदार गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद, जनप्रतिनिधि टीम ने एक और गोल किया और 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि मैच के अंतिम 10 मिनट में पुलिस टीम ने एक गोल किया, जिससे स्कोर 2-1 हो गया। मौके पर दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## बोकारो थर्मल लायंस क्लब परिवार की ओर से मुफ्त भोजन सेवा पखवाड़ा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** भूख सप्ताह दिवस (हंगर सर्विस वीक) के तहत विश्व पैमाने पर लायंस क्लब की ओर से विभिन्न कार्यक्रम के तहत



बेरमो के बोकारो थर्मल लायंस क्लब परिवार की ओर से बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन के समीप गांधी पार्क में मानव सेवा सप्ताह के तहत आम लोगों को मुफ्त में भोजन कराने के संकल्प के साथ एक सप्ताह चलने वाला कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रथम दिन अगल बगल क्षेत्र के कई महिलाएं पुरुष वा बच्चे फुटपाथ दुकानदार लायंस क्लब के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचकर भर पेट भोजन का लुफ्त उठाए।

कार्यक्रम में रीजन प्रसन प्रकाश ठक्कर, अध्यक्ष लायंस बिनोद भाटिया, लायंस धर्म सिंह, लायंस जितेंद्र सिंह, लायंस खिरोधर महतो, लायंस रत्नेश शर्मा, सुशील सिंह, सुनील यादव, रामजी नायक शामिल थे।

## चेन्नई में उदेश चौधरी का निधन

**मझिआंव/बरडीहा।** थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव निवासी कैलाश चौधरी के इकलौते पुत्र उदेश चौधरी (20 वर्ष) का चेन्नई में निधन हो गया। उदेश रोजी-रोटी की तलाश में चेन्नई गया था, लेकिन अचानक



उसकी मौत की खबर मिलने से पूरे गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार उदेश का बांकी नदी में ले जाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक का परिवार और गांववाले अभी भी इस अचानक हुई मौत के कारणों को लेकर हैरान हैं। समाजसेवी सुदामा चौधरी ने बताया कि उदेश एक होनहार और मेहनती लड़का था। उन्होंने कहा उदेश ने फांसी क्यों लगाई, अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है। उसका मोबाइल पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। फिलहाल इस पर कुछ कहना मुश्किल है।

# शांति निवास, ज्ञान निकेतन और बीएनटी संत मैरी की शानदार जीत

**उद्घाटन मैच में शांति निवास हाई स्कूल ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा को 71 रनों से हराया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का आयोजन गोविंद हाई स्कूल के मैदान पर किया जा रहा है। उद्घाटन मैच में शांति निवास हाई स्कूल ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा को 71 रनों से हराया। वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने ज्ञान भारती बेलचंपा को 12 रनों से हराया और तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी स्कूल ने डीएवी मॉडल स्कूल को 10 विकेटों से मात दी।



उद्घाटन मैच में शांति निवास हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

चांदनी (32 रन) और गुलफ्सा (35 रन) ने बेहतरीन पारियां खेलीं और दोनों बिना किसी विकेट के आउट हुए टीम का स्कोर 91 तक पहुंचाया। जवाब में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की टीम केवल 20 रन पर ही सिमट गई। इस शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन में चांदनी ने दो विकेट लिए जबकि शीतल ने तीन विकेट चटकाए। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए। अर्पिता (13 रन) और आयुषी (16 रन) ने टीम के लिए महत्वपूर्ण रन जोड़े, जबकि ज्ञान भारती की टीम ने कड़ी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। आयुषी और झूमझूम ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में ज्ञान भारती की टीम 65 रन ही बना पाई और तीन विकेट खोने के बावजूद टीम को जीत हासिल करने में नाकामी रही। अतिका (26 रन) और खुशबू (8 रन) ने टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाए, लेकिन यह प्रयास उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। तीसरे मैच में डीएवी मॉडल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल 21 रन पर ही अपनी पूरी टीम खो दी। बीएनटी संत मैरी स्कूल की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें कम स्कोर तक सीमित कर दिया। जवाब में, बीएनटी संत मैरी ने सिर्फ 22 रन के लक्ष्य को रागिनी (17 रन) की मदद से दो ओवर में ही बिना कोई विकेट खोए प्राप्त कर लिया और एक शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना और सुशील केशरी ने संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द डे पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार चांदनी (शांति निवास हाई स्कूल), आयुषी (ज्ञान निकेतन बेलचांपा) और रागिनी पांडेय (बीएनटी संत मैरी) को दिया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, चतरा**

**चतरा जिलान्तर्गत अवैध रूप से भण्डारित लघु खनिज बालू का आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत निम्नांकित स्थलों पर जप्त भण्डारित खनिज "जो जहाँ जिस अवस्था में भण्डारित है", का समेकित आम निलामी दिनांक 19.01.2026 को अपराह्न समय 03:00 बजे में अपर समाहर्त्ता, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष, चतरा में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र0 | अंचल का नाम | स्थल विवरण जहाँ खनिज भण्डारित है | भण्डारित खनिज की मात्रा (लगभग में) | न्यूनतम डाक राशि (रूपया में) (Rs. 12.80/Cft) | न्यूनतम डाक राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मयूरहण्ड | मौजा–सोकी नदी के पास | Sand -1,35,000Cft | Rs. 17,28,000 | Rs. 1,72,800 |
| 2 | मयूरहण्ड | मौजा–सोकी एवं सुग्गी अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर | Sand- 70,400 Cft | Rs. 9,01,120 | Rs. 90,112 |
| | | | | Rs. 26,29,120 | Rs. 2,62,912 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित न्यूनतम डाक राशि का दस प्रतिशत 2,62,912.00 (दो लाख बासठ हजार नौ सौ बारह) रूपयें प्रतिभूति राशि के रूपमें निलामी में भाग लेने के लिए निलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति रकम को छोड़कर शेष अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का प्रतिभूति राशि 10%(दस प्रतिशत) को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर निलामी वाले तिथि को ही अथवा निर्धारित तिथि को उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा ऑन–लाईन जमा करना होगा, अन्यथा उच्चत्तम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चत्तम डाक की पूर्ण राशि के भुगतान में उच्चतम डाकवक्ता द्वारा असफल रहने की स्थिति में दूसरे उच्चतम डाकवक्ता को उच्चत्तम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चत्तम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त खनिज के mBko@izs"k.k हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का mBko@izs"k.k JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से छःमाह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. नीलामी के पश्चात् खनिज का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहूँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी नीलामी किये गये खनिज का प्रेषण नहीं कर पाते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. खनिज निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा किया जायेगा।
10. नीलामी में उच्चत्तम डाकवक्ताओं में अगर TIE (गुलोबन्द) होता है तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बन्धेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था/संवेदक/एजेन्सी दिनांक 17.01.2026 को 05:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, चतरा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्वअभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   (क)सुरक्षित जमा का 10 प्रतिशत राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
   (ख)पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न/ जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र (IfApplicable) की छायाप्रति।
   (ग)आधार कार्ड की छायाप्रति।
   (घ)पासपोर्ट साईज का फोटो की एक प्रति।
   (च) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्वसे खनन पट्टा धारक हैं अथवा नहीं। यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधितस्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे।
   (छ)इस आशय का शपथ पत्र कि निविदादाता/पार्टनरशिप फर्म/HUF/कंपनी को राज्य/केन्द्र सरकार के किसी विभाग/उपक्रम द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है।

नोट :– **विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।**

उपायुक्त,
चतरा

PR 369947 (Mines and Geology)25-26*D

## समय संवाद

**विदा हो रही है यादों वाली साल,**
**आ रहा है धूमधाम मचाने नूतन वर्ष यार,**
**ठाना है रुख बदल देंगें हवाओं का हम,**
**एकजुट होकर मैदान में आयेंगे जब हम,**
**मेहनत के बलबूते बदल देंगे दुनिया सारी,**
**खत्म कर देंगे दुनिया से नकारात्मकता सारी,**
**भरोसा है हमको मेहनत पर अपनी यारों,हौसले के बलबूते हम लोग आने वाले,**
**नववर्ष 2026 में भर देंगें खुशियों से दुनिया सारी,**
**ईश्वर से दुआ है वो खत्म कर दे दुनिया से,**
**नकारात्मकता नफरत व जहालत सारी,**
**बस खुशहालियों से भर दे दुनिया को सारी।**

# नूतन वर्ष पर उल्लास से मिलती है ऊर्जा



**सीए रंजीत सिंह**




**दुनिया** के प्रचलित अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नूतन वर्ष 2026 की शुरूआत गुरुवार के दिन से हो गयी है। हालांकि कोरोना महामारी के प्रकोप के चलते पिछले दो वर्षों से ही पूरी दुनिया एक अजीब से भय में जीवन यापन करने के लिए मजबूर है, लोग अपनों के साथ इकट्ठा होकर खुशियां साझा करने में भी डर रहे हैं, आज भी दुनिया को अपने घरों में कैद कर देने के लिए बार-बार मजबूर करने वाला कोराना का खतरनाक काल निरंतर चल रहा है, अच्छी लेकिन बात यह है कि अब हम लोगों ने कोरोना की गाइडलाइंस का पालन करते हुए इसके साथ जीवन जीना सीख लिया है। असमय काल का ग्रास बनने का दुख लिए हुए, मंदी से जूझ रहे व्यापार व काम धंधे, बेरोजगारी व डर के चलते बहुत ज्यादा तनावग्रस्त रहे हैं, हालांकि यह स्थिति हमारे देश व समाज के लिए उचित नहीं है, लेकिन ईश्वर की इच्छा पर किसी का कोई बस नहीं चलता है। आम व खास सभी वर्गों के लोग अपने दुखदर्दों को भूलकर तेजी के साथ अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या को भयमुक्त करके सामान्य व खुशहाल बनाने के लिए लगातार धरातल पर प्रयास करने लगे हैं। पिछले वर्ष की तरह ही एक बार फिर से कोराना काल के दरम्यान ही अंग्रेजी नव वर्ष 2026 का आगमन हो गया है। अंग्रेजी नववर्ष को जोशोखरोश व हर्षोल्लास के साथ पूरी धूमधाम और बेहद चकाचौंध कर देने वाले तरीकों से लंबे समय तक मनाने की तैयारी है। यह तो अंग्रेजी नूतन वर्ष 2026 के स्वागत का एक बड़ा अवसर है। वैसे तो अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी के दिन बहुत सारे देशों में बड़े पैमाने पर अंग्रेजी नववर्ष को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, हमारे देश भारत में भी बहुत सारे लोगों व बाजार की ताकत के बलबूते अंग्रेजी नूतन वर्ष को जमकर धूमधाम से सेलिब्रेट किया जाता है। अंग्रेजी नूतन वर्ष पर मैं अपने इन शब्दों में छिपी सकारात्मक भावना के साथ यह उम्मीद करता हूँ कि अब हम सभी देशवासी आपसी मनमुटाव को भूलकर व कोरोना के द्वारा दिये गये गहरे जख्मों को भूलकर फिर से अपने जीवन की एक नई शानदार शुरूआत करते हुए देश निर्माण के लिए रात-दिन जुटकर कार्य करेंगे। वैसे भी हममें से अधिकांश लोग हमेशा यह चाहते हैं कि नूतन वर्ष की एक बहुत अच्छे से शुरूआत हो और हम लोग उज्ज्वल भविष्य की आशा में सकारात्मक ऊर्जा व हर्षोल्लास के साथ जीवन पथ पर निरंतर चलते रहें।

हम लोगों की मान्यता है कि नववर्ष का प्रथम दिन सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए जिंदगी में एक बेहद महत्वपूर्ण दिन होता है, हम उसके ही अनुरूप अपनी दिनचर्या को निर्धारित करते हुए जीवन पथ पर चलने का प्रयास करते हैं। नववर्ष के प्रथम दिन हम लोगों को संकल्प लेना होगा कि वो बीते वर्ष की खट्टी-मीठी व कड़वी यादों को दिलों में संजोकर उनसे सबक लेकर जीवन पथ पर पूर्ण सकारात्मक ऊर्जा के साथ अग्रसर होकर तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दिल से प्रयास करेंगे। हम लोगों को अपने-अपने आराध्य सर्वशक्तिमान ईश्वर का तहेदिल से आभार व्यक्त करना चाहिए कि हम सभी के जीवन में फिर से एक बार नववर्ष उदित होने का अवसर आया है, उसके लिए हम हमेशा ऋणी रहेंगे। नूतन वर्ष में हम सभी के जीवन में नव आशा, नव उत्साह, नव हर्ष हो, जिंदगी में नयी ताजगी हो, एक नई उमंग हो, अपनों का हर वक्त संग हो, प्रगति के पथ पर चलते हुए हर्ष हो, नववर्ष नई आशाओं से पूर्ण शोभित हो, हम लोग कोरानाकाल में उत्पन्न बेहद गंभीर समस्याओं से मुक्त होकर जल्द से जल्द तनाव से मुक्त हों, हम सभी देशवासियों के जीवन में इन्हीं सकारात्मक मंगलकामनाओं के साथ आंरभ हो।

नई आशाएँ व नई अभिलाषाएँ के साथ नूतन वर्ष 2026 देश के लिए विश्व के लिये शांति और समृद्धि प्रदान करनेवाला हो।

# गंगाजल बनाम ज्ञान गंगा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**इस** गंगा जल का क्या उपयोग हो सकता है। इतना कम है कि इस पीकर प्यास भी नहीं बुझ सकती है और न ही इससे स्नान हो सकता है। आप इसे हरिद्वार से लेकर आये हैं अच्छी बात है। वर्तमान समय में इस प्रकार के आचरण का क्या अर्थ है। जिस प्रवाहित गंगा को हम कल्याण और धर्म का प्रतिक मान चुके हैं उस गंगा के पानी से आपकी मुक्ति नहीं हो सकती है। गंगा से ज्यादा ज्ञान गंगा की समझ होना भक्ति के लिए आवश्यक है। (मुख्य स्थान छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार में एक भक्त द्वारा हरिद्वार से गंगा जल लाकर गुरुजी को समर्पित करने के बाद सत्संग में गुरुदेव ने गंगा जल और ज्ञान गंगा के महत्व को रेखांकित करते हुये भक्तों को सारगर्भित प्रकरणको उदाहरण देकर समझाया। ) अगर ज्ञान गंगा विकसित नहीं हुई तो वर्तमान गंगा का अस्तित्व भी नहीं बचाया जा सकेगा। जीव की मुक्ति और कल्याण के लिए ज्ञान गंगा में डुबकी लगाना आवश्यक होता है। परम श्री स्वामी अद्धैतानंद जी महाराज ने जो गंगा की महान स्तुति की है, उसमें साफ तौर पर ज्ञान गंगा पर ही अपना ध्यान केन्द्रित किया है। उन्होंने छपरा से टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां तक की यात्रा के क्रम में जिस गंगा की उपासना की है उसे जल से भरी गंगा समझ लेना भूल होगी। उन्होंने ज्ञान गंगा की ही बात है। व्यक्ति को जब ज्ञान हो जाएगा तब ही उसकी मुक्ति संभव है। ज्ञान के लिए भक्ति, प्रेम और योग का होना अनिवार्य है। पौराणिक कथाओं के अनसुार गंगा शिव की जटाओं से निकली जो भौगोलिक रूप से वर्तमान समय में उतरांचल राज्य में गोमुख स्थान पर स्थित है। यह गंगा उत्तरप्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल होते हुए सागर में मिल जाती है। इस गंगा के किनारे ही अवस्थित हमारे कुटिया जो गढ़वा घाट काशी से लेकर संतोषपुर कोलकाता तक हैं। लेकिन इन कुटिया की ज्ञान गंगा भी पश्चिम दिशा में पाकिस्तान के टेरी से प्रवाहित होती है और साथ-साथ चलती है। गंगा से ज्ञान गंगा का यह रोचक मिलन का उदाहरण दुनिया की भक्ति में एक मात्रा उदाहरण है। यह भक्ति यात्रा भी पश्चिम से आयी और गंगा से मिलकर सागर में सम्माहित हो गयी।

आज समाज का ढांचा लगातार बदल रहा है। शहरीकरण का प्रभाव है कि गांवो से लोगों की दिचलस्पी कम होती जा रही है और रीति परम्परा का लगातार विनाश हो रहा है । विभिन्न पर्व त्याहारों का आशय जीवन में उल्लास लाना है। यह उल्लास जीव किस प्रकार ला सकता है। यह उल्लास सर्वोतम ढंग से तब आ सकता है जब जीव का शिव के साथ पर्व त्योहार को मनाने का संकल्प जगे। हर पावन दिन पर अपने सबसे प्रिये को याद करना उस पावन दिन को मनाने का सबसे बेहतर तरीका हो सकता है। समाज में प्रेम तब हो सकता है जब हमारा झुकाव एक ओर हो। हमारा झुकाव गलत होगा तो समाज का दिशा भी गलत होगी। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है प्रेम का अधिक से अधिक होना। राम, कृष्ण और शिव इसी प्रेम और व्यवहार के लिए आज भी जन-जन के मन और सभी परम्पराओं में रचे बसे हैं। इस प्रेम और व्यवहार की कमी से समाज और व्यक्ति आहत है। आज संयुक्त परिवार की परम्परा खत्म हो रही है। भाई-भाई के प्रेम का कम होना जिन कारणो पर आधारित होता है वह चिंता का विषय है। जब व्यक्ति सही दिशा में सोच रखता है तब उसे सभी के प्रति प्रेम और विश्वास की समझ होती है। हम जो खो रहे है उसका अहसास भी हम सबको नहीं है। भक्ति का आधार प्रेम ही है और प्रेम से संसार का सच्चा स्वरूप विकसित होता है।

प्रेम बढ़ाने के लिए मन हो जोड़ना होता है। कृष्ण की विरह में गोपीयों ने उद्धव से कहा था - उद्धव मन न हुए दस-बीस। यानी एक से जुडना ही प्रेम है और जीव का प्रेम ईश्वर से ही होना चाहिए। परमगुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज कहते हैं- ***यही देवता यही देवालय यही पुष्प धूप यही बाती, पूजन वाली यहीआत्मा एही आप पूजाति, हमको द्धैत दृष्टि नहीं आती।***

भक्ति का इतनी उच्च और सही परिभाषा देकर उन्होंने ब्रह्मा विद्यालय सह आश्रम की स्थापना की जहां जाति सम्प्रदाय, लिंग ड्रोद जैसी तमाम मतभेदों की कोई गुंजाइश नहीं है। योग प्रेम भक्ति और मुक्ति का यह सिद्धांत सर्वोच्च है। दुनिया में ऐसा और कहीं नहीं है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, मुख्य स्थान छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)**




मेष : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7।

वृष : नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

मिथुन : दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-4-6-7

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

सिंह : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

कन्या : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के याग हैं। शुभांक-4-5-7

तुला : नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

वृश्चिक : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

धनु : कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

मकर : बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

कुम्भ : सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-

# मंदिर जो दिन में दो बार गायब होता है

**प्रिया मिश्रा**

हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो दिन में दो बार गायब हो जाता है। जी हाँ, गुजरात में स्थित स्तंभेश्वर मंदिर को 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है। देश-विदेश से शिव भक्त अपनी मनोकमना पूर्ण होने की कामना के साथ इस मंदिर में आते हैं। आइए जानते हैं भगवान भोलेनाथ के इस अद्भुत मंदिर के बारे में -

स्तंभेश्वर मंदिर गुजरात के जम्बूसार तहसील में कवि कंबोई गांव में स्थित है। यह मंदिर वडोदरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण वडोदरा के पास सबसे लोकप्रिय दार्शनिक स्थलों में से एक है। यह मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और इसे 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है।



### स्कंद पुराण में मिलता है उल्लेख

स्कन्द पुराण में दिए गए उल्लेख के अनुसार स्तम्भेश्वर मंदिर को भगवान कार्तिकेय के ताड़कासुर नाम के राक्षस को नष्ट करने के बाद स्थापित किया था।

कहा जाता है कि राक्षस ताड़कासुर भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने भगवान को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या कीऔर भोलेनाथ ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे एक वरदान मांगने को कहा। तब ताड़कासुर ने आशीर्वाद माँगा कि भगवान शिव के छह दिन के पुत्र के अलावा कोई भी उसे मार न सके। उसकी इच्छा पूरी होने के बाद, ताड़कासुर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। तब ताड़कासुर के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से भगवान कार्तिकेय की रचना की। ताड़कासुर को मारने वाले भगवान कार्तिकेय भी उसकी शिव भक्ति से प्रसन्न थे। इसलिए, प्रशंसा के संकेत के रूप में, उन्होंने उस स्थान पर एक शिवलिंग स्थापित किया जहां ताड़कासुर का वध किया गया था।

एक अन्य संस्करण के अनुसार, ताड़कासुर को मारने के बाद भगवान कार्तिकेय खुद को दोषी महसूस कर रहे थे क्योंकि ताड़कासुर राक्षस होने के बाद भी भगवान शिव का भक्त था। तब भगवान विष्णु ने कार्तिकेय को यह कहते हुए सांत्वना दी कि आम लोगों को परेशान करके रहने वाले राक्षस को मारना गलत नहीं है। हालाँकि, भगवान कार्तिकेय शिव के एक महान भक्त को मारने के अपने पाप से मुक्त होना चाहते थे। इसलिए, भगवान विष्णु ने उन्हें शिव लिंग स्थापित करने और क्षमा के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी।

### मंदिर के गायब होने की वजह


स्तंभेश्वर मंदिर के गायब होने के पीछे की वजह प्राकृतिक है। दरअसल, यह मंदिर समुद्र के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए दिन में समुद्र का स्तर इतना बढ़ जाता है कि मंदिर जलमग्न हो जाता है।

फिर कुछ जो देर में जल का स्तर घट जाता है जिससे मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है से प्रकट होता है। चूंकि समुद्र का स्तर दिन में दो बार बढ़ जाता है इसलिए मंदिर हमेशा सुबह और शाम के समय कुछ देर के लिए गायब हो जाता है। इस नजारे को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से इस मंदिर में आते हैं।

# भारत के संविधान में राम- कृष्ण

**आरके सिन्हा**

**भारत** के संविधान की मूल प्रति में राम, कृष्ण और नटराज के चित्र क्यों हैं। यही नहीं, हमारे संविधान की मूल प्रति पर शांति का उपदेश देते हुये भगवान बुद्ध भी और पूर्व सभ्यता के प्रतीक मोहन जोदड़ों के चित्र भी हैं जो अब कायदे से पाकिस्तान के अंग है। हिन्दू धर्म के एक और अहम प्रतीक अष्ट कमल भी संविधान की मूल प्रति पर हर जगह मौजूद हैं। पूरा मुखपृष्ठ ही कमल दल को संजोकर बनाया हुआ है क संविधान की मूल प्रति में मुगल बादशाह अकबर भी दिख रहे हैं और सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह भी वहां मौजूद हैं। मैसूर के सुल्तान टीपू और 1857 की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के चित्र भी संविधान की मूल प्रति पर उकेरे गए हैं। तो राष्ट्रपति जी पर सवालिया निशान खड़े करने वाले जान लें कि हमारा संविधान नास्तिक भारत के निर्माण की वकालत तो कदापि नहीं करता। ये विक्षिप्त मानसिकता के तत्व यह भी कह रहे हैं कि राष्ट्रपति कोविंद ने देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद का अनुसरण किया तो यह तो बहुत अच्छा ही किया है । डा. राजेन्द्र प्रसाद 1951 में जब सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा हुआ तो खुद इसका उद्घाटन करने के लिए गए थे, हालांकि तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को यह पसंद नहीं आया था



और उन्होंने खुले तौर पर विरोध भी किया था । राजेन्द्र बाबू, नेहरु जी और सोमनाथ मंदिर का उदाहरण देने वाले अपना इतिहास का ज्ञान थोड़ा सा दुरुस्त कर लें। जो नेहरु जी आपत्ति जता रहे थे राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर जाने पर वे स्वयं दिल्ली में हजरत बख्तियार काकी की दरगाह की मरम्मत के लिए तो कभी पीछे नहीं हटे थे। फिर वे आगे चलकर वहां जाने भी लगे फूल वालों की सैर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए। ये थी नेहरु जी की धर्मनिरपेक्षता। सोमनाथ मंदिर तो मुगल आक्रांताओं द्वारा कई बार तोड़ा गया था क लेकिन, इसके पुनरोद्धार के लिये नेहरु ने तो कभी 50 रुपए भी नहीं किये थे क कहां सोमनाथ और कहाँ एक मामूली शख्श की कब्र ? इसी से साबित हो जायेगा कि नेहरु और उनके चेलों की धर्मनिरपेक्षता का दोगला चरित्र कैसा है ? क्या उन्हें मालूम है कि दिल्ली में विगत 50 सालों में बने भव्य मंदिरों में छतरपुर में स्थित आद्या कात्यानी शक्ति पीठ मंदिर की स्थापना में उन्हीं इंदिरा जी का आशीर्वाद था। ये मां दुर्गा के कात्यायनी रूप को समर्पित मंदिर है। इसका शिलान्यास सन 1974 में किया गया था। इसकी स्थापना कर्नाटक के संत बाबा नागपाल जी ने की थी। यह मंदिर 70 एकड़ में फैला है। कहते हैं कि ये संसार के सबसे विशाल मंदिरों में से एक है। अगर इंदिरा जी इस मंदिर के निर्माण से जुड़ी थीं तो इसमें कोई अपराध तो वह नहीं कर रही थीं। कांचीपीठ के शंकराचार्य चन्द्रशेखरानन्द सरस्वती (जयेन्द्र सरस्वती के गुरु) के आशीर्वाद लेती रहती थीं।

और जो राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर में जाने को बार-बार मुद्दा बनाते हैं, वे जान लें कि उन्हीं की पहल पर राष्ट्रपति भवन परिसर के भीतर मंदिर और मस्जिद दोनों ही का निर्माण हुआ था। चूंकि राष्ट्रपति भवन से सटे ही हैं चर्च और गुरुद्वारा इसलिए इनके निर्माण की जरूरत महसूस नहीं की गई होगी। राजेन्द्र बाबू और उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी प्रसाद दिवाली, ईद, क्रिसमस, बाबा नानक जन्म दिन आदि त्यौहार पूरे राष्ट्रपति भवन के सैकड़ों कर्मचारियों के साथ मनाते थे।

# सर्दी में सूप का मजा

**जीवीएस शास्त्री**

गर्मागर्म सूप हमें खूब ताजगी और गर्मी का अहसास देता है। हंगरी में गोलश तो रूस में बोर्स्ट स्वादिष्ट भोजन का एक प्रकार है। अमेरिका में चौडर्स को बहुत पसंद किया जाता है । जबकि जापान और चीन जैसे देशों में शरीर को पोषण। गडुआ शूरवा उत्तराखंड में प्रसिद्ध है तो तिब्बत के साथ लगने वाले इलाकों में थुपका (सूप वाली डिश) खूब चाव से खाया जाता है। नूडल्स और वेजीटेबल्स को मिलाकर पकाने से आधे घंटे में वन बाउल मील बन सकता है। आवश्यक सामग्री- हरे फल

फ्रेंच बीन्स- एक मुट्ठी, गोभी- 1/2 कप,स्वीट कॉर्न -1/2 कप

हरी मटर- 1/2 कप दाने

मशरूम -1/2 कप

टमाटर -1, पनीर / टोफू -50 ग्रा नूडल्स / पास्ता -1/4 कप

ब्रोकली -1-2 फूल, छोटे

आलू -1 (उबला और छिला हुआ)सिरका -1-2 चम्मच

चीनी -इच्छानुसार डालेंनमक - स्वादानुसार, मक्खन- 50 ग्राम

मसाले- तेज पत्ता-1, लौंग 1-2, काले पेपरकोर्न- 6-8 एक मोटे पैन में थोड़ा मक्खन गरम करें। मक्खन पिघलने लगे तो इसमें एक तेजपत्ता और लौंग डालें। अब इसमें सब्जियां भी मिलाएं। गाजर, बीन्स, मटर, स्वीट कॉर्न, मशरूम और ब्रोकली मिलने के लगभग 2-3 मिनट के लिए मध्यम आंच पर ढककर पकाएं।

# धरेलू श्रम के सवाल पर बहस

**प्रियंका सौरभ**

**इंटरनेशनल** लेबर ऑर्गनाइजेशन द्वारा 2024 में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि, वैश्विक स्तर पर, महिलाएं घरेलू देखभाल के काम के कुल घंटों का 76.2% करती हैं, जो पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक है। एशिया और प्रशांत में, यह आंकड़ा 80% तक बढ़ जाता है। उत्तरी अमेरिका और यूरोप में महिलाओं के आंदोलन ने गृहकार्य के लिए मजदूरी की मांग उठाई है। सामाजिक और राजनीतिक समानता के लिए अन्य मांगों के साथ-साथ, महिलाओं के अधिकार प्रचारकों ने घरेलू महिलाओं के गृहकार्य और बाल देखभाल के रोजमर्रा के कार्यों का अब वैधानिक तौर पर मांग के लिए प्रचार किया है। ऐसा करने में, उन्होंने इस धारणा को चुनौती दी कि गृहकार्य महिलाओं की आवश्यक प्रकृति में निहित थी।

1960 और 1970 के दशक की अग्रणी महिला अधिकार कार्यकताओं के लिए, इस मिथक को तोड़ना महत्वपूर्ण था कि घर में महिलाओं का काम पूंजीवादी उत्पादन की बिना किसी शर्त के एक व्यक्तिगत सेवा थी।महिलाओं के खाना पकाने, सफाई, कपड़े धोने, इस्त्री करने के कपड़े, दोपहर के भोजन के बक्से पर श्रम शक्ति एक दुकान या विधानसभा लाइन में दैनिक खपत के बराबर होती है. घर में मुफ्त सेवाएं प्रदान करके महिलाओं के 'वास्तविक कार्य' या सामाजिक अनुबंध के रूप में देखने से रोक दिया।

हमारे समाज ने चुपचाप यह निर्णय लिया है कि घरेलू काम महिलाओं की जिम्मेदारियों और गतिविधियों के क्षेत्र से संबंधित हैं। यह भी निर्धारित किया है कि यह काम कोई आर्थिक मूल्य नहीं लेगा। लेकिन ऐसा क्यों होना चाहिए? भारत के सामाजिक-आर्थिक नीति ढांचे में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरेलू कामों और खेत श्रम को क्यों स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए? सरकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बनाने में महिलाओं की भूमिका को नहीं माप कर लैंगिक भेदभाव कर रही है। भारत की जनगणना भिखारियों और छात्रों के साथ गैर-कामकाजी आबादी में घरेलू काम रखती हैं। जनगणना 2011 में गैर-कार्यशील आबादी की संख्या 728.9 मिलियन थी। आधिकारिक परिभाषा कहती है कि ये वे लोग हैं जिन्होंने किसी समय अवधि में किसी भी प्रकृति का काम नहीं किया था। इनमें से 165.6 मिलियन लोगों का मुख्य काम घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन था, वे ज्यादातर 96.5 प्रतिशत या 159.9 मिलियन महिलाएं हैं।

इस कार्य को न केवल पहचानने की एक स्पष्ट और वर्तमान आवश्यकता है, बल्कि इसका पुनर्वितरण भी करना जरूरी है। एक परिवार के सदस्यों के बीच घरेलू कर्तव्यों को साझा किया जाना चाहिए।

माउंटेन रिसर्च एंड डेवलपमेंट जर्नल में 2011 में प्रकाशित अध्ययन, जिसका शीर्षक है घरेलू भोजन और आर्थिक सुरक्षा के लिए महिला का योगदान में पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं के बारे बताया कि उन्होंने कोई काम नहीं किया। हालांकि, जब उनकी गतिविधियों का विश्लेषण किया गया, तो यह देखा गया कि जब क्षेत्र के पुरुष औसतन नौ घंटे काम करते थे, तब महिलाएं 16 घंटे तक मेहनत करती थीं।

ये कार्य जो महिलाओं की ज़िम्मेदारी का हिस्सा है जो मानव जीवन को बनाए रखता है और श्रम शक्ति को पुनः पेश करता है, को हमेशा की तरह दबाया जाता है।

यह उल्लेखनीय है कि भारत में घरेलू श्रम के सवाल पर एक महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। ये मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो 'महिलाओं के काम' करती हैं, लेकिन अन्य लोगों के घरों में। न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, और श्रमिकों की स्थिति और अधिकारों की रक्षा की जाए।

राज्य द्वारा होमवर्क को मान्यता देने की मांग महत्वपूर्ण है। गृहकर के मूल्य को कैसे और किस तरह मापे के सवाल पर तमिलनाडु और अन्य जगहों की महिला घरेलू कामगारों और उनकी ट्रेड यूनियनों ने गंभीरता से ध्यान दिया है। उनकी मांगों में एक घंटे की न्यूनतम मजदूरी, एक साप्ताहिक दिन बंद, एक वार्षिक बोनस और कार्यक्षेत्र में उनकी शारीरिक स्वायत्तता की सुरक्षा शामिल है।

यह एक ऐसा एजेंडा है, जिसे सभी पार्टियां और न सिर्फ अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल कर सकती हैं, बल्कि उन्हें पहचानने और होमवर्क के जनादेश को गंभीरता से लेकर उन्हें राजनितिक रूप से मजबूत कर सकती है।

अगर घरेलू कामगार एक मजबूत ताकत के रूप में उभर कर आते हैं, गृहकार्य की गरिमा का पता लगाने में सफल होते हैं, इसे श्रम का मूल्यवान स्वरूप बनाते हैं, तो यह लंबे समय से गृहकार्य करने वाली सभी महिलाओं के लिए एक अच्छी बात हो सकती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भुरकुंडा में प्रकाश पर्व कल



भुरकुंडा (रामगढ़)। गुरु प्यारी साध संगत के लिए हर्षोल्लास का अवसर है। धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का आगामी 5 जनवरी को पावन प्रकाश पर्व भुरकुंडा मेन रोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई है। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 2 से 3 जनवरी 2026 दो दिनों तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में संगत द्वारा शबद-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया गया। 5 जनवरी सोमवार को सुबह 9 बजे सुखमणि साहिब पाठ का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात 10:30 बजे से शबद कीर्तन और अरदास का आयोजन किया जाएगा। अरदास उपरांत गुरु का अटूट लंगर का आयोजन होगा। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। भुरकुंडा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से समय पर गुरु घर में हाजरी लगाने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रंथि बाबा धीरज सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिन्कु, राजेंद्र त्रेहान, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, परमजीत सिंह धामी, जसपाल सिंह, रिंकू सिंह धामी, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रीत सिंह, जसवीर कौर, अनीता कौर, संगीता कौर, जया कौर, राजरानी कौर, करम कौर, जसमीत कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर आदि जुटे हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवती की मौत



**रामगढ़।** रामगढ़ बोकारो मार्ग अंतर्गत चट्टी बैंक ऑफ इंडिया के पास शनिवार सुबह लगभग 8:00 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई। कोठार की रहनेवाली छात्रा नेहा कुमारी पिता संजय ठाकुर रामगढ़ कॉलेज की स्नातक की छात्रा थी। वह शनिवार को परीक्षा देने के लिए जेएम कॉलेज भुरकुंडा जा रही थी। उसी दौरान बैंक ऑफ इंडिया के पास ऑटो के पलटने से छात्रा घायल हो गई। जिसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इसके बाद छात्रा के परिजन आक्रोशित हो गए और दुर्घटना स्थल पर शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने मांग की कि ऑटो चालक को पकड़ कर उसपर कार्रवाई की जाए। कुछ घंटों के बाद पुलिस द्वारा परिजनों को समझा बुझाकर जाम समाप्त करवाया गया।

## बच्चे के परिजनों से मिले विधायक



भुरकुंडा (रामगढ़)। बासल थाना अंतर्गत लबगा मोड़ पर हुई हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में 6 वर्षीय मासूम अंश कुमार की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दुखद घटना के बाद रोशन लाल चौधरी ने पीड़ित परिवार के निवास स्थान पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मासूम अंश की क्षति अपूरणीय है और इस दुख की घड़ी में प्रशासन व वे स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता दिलाई जाएगी। मौके पर विधायक श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों एवं अंचल अधिकारी पतरातु से फोन पर बातचीत कर आर्थिक सहायता सहित अन्य सरकारी लाभों की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को अनावश्यक विलंब का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुवनेश्वर सिंह, विजय ठाकुर, भुवनेश्वर करमाली, सुभाष लाल, बहादुर शास्त्री, लालू महतो सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## सयाल में मनी सावित्रीबाई फुले की जयंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल हिल व्यू स्टेडियम सयाल में शनिवार को देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता रामगढ़ जिला अध्यक्ष पिंटू मालाकार और संचालन उदय मालाकार और रामकृपाल मालाकार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में निश्चय शर्मा और एसओपी अजय कुमार उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जीवन शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलाव की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन उनके आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया। विवेक कुमार, संजय शर्मा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शशि मालाकार, गणेश भगत, सुरेंद्र भगत, वीरेंद्र भगत, रेखा देवी, सरिता देवी, इशिता कुमारी, पिंटू कुमार राय, अनूप सिंह, संजय भगत, अजय कुमार भगत, प्रमोद मालाकार, सोनू मालाकार, विवेक मालाकार, संजय मालाकार, चंदन मालाकार सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखर अग्रदूत थीं सावित्रीबाई : रामेश्वर गोप

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले नारी शिक्षा, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों की प्रखर अग्रदूत थीं। उन्होंने अपने संघर्ष, साहस और त्याग के बल पर समाज को शिक्षा का महत्व समझाया और वंचित एवं उपेक्षित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। रामेश्वर गोप ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जब समाज में इसके लिए अनेक बाधाएं थीं।

# कला, संस्कृति का संरक्षण की जरूरत : डॉ मैढ़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन के बैनर तले तूलिका नामक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन आदिवासी संस्कृति केंद्र, सोनारी (जमशेदपुर) में किया गया। इस कार्यशाला में देश-विदेश से आए 110 कलाकारों ने सहभागिता कर अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यशाला के दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के कला शिक्षक ललन यादव को उनकी पुस्तक हजारीबाग की लोक कला के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान लोक कला के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही की छात्राएं मिताली, कशिश एवं

**डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के शिक्षक ललन यादव हुये सम्मानित**

तनु ने भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. उत्तमा दीक्षित, डीन, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (वाराणसी, उत्तर प्रदेश) की उपस्थिति रही।

डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि कला, संस्कृति और धरोहर का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रख सकते हैं। कला शिक्षक ललन यादव ने कार्यशाला के दौरान कला को जीने



की कला का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसका संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जितना अधिक लोग इस कला को अपनाएंगे और इसका विकास होगा, उतनी ही मजबूती से यह परंपरा आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम का समापन आदिवासी कला, संस्कृति एवं धरोहर के संरक्षण हेतु निरंतर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए किया गया।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ आंदोलन कल : शमशेर आलम

## ग्रामसभा की भूमिका होगी कमजोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** मनरेगा कानून में बदलाव को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन के तहत 5 जनवरी को मोरहाबादी से कांग्रेस पाटीलोकभवन तक पैदल मार्च करेगी। इसमें रामगढ़ के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। यह बातें शनिवार को रामगढ़ पहुंचे मनरेगा बचाव कार्यक्रम के प्रभारी उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। मौके पर शमशेर आलम और विधायक ममता देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को कमजोर कर वीबीझ्रग्राम जी एक्ट लागू करना ग्रामीण गरीबों और दलितों के काम के अधिकार पर सीधा हमला है। जहां मनरेगा 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी देता था, वहीं वीबी-ग्राम जी एक्ट में काम को आपूर्ति-आधारित कर दिया गया है। नेताओं ने कहा कि योजना में बदलाव से कई पंचायतें योजना से बाहर



हो जाएंगी। मजदूरों को मिलने वाला सुरक्षा कवच समाप्त हो जाएगा, मजदूरी की निश्चितता खत्म होगी और बायोमेट्रिक बाधाओं के कारण बुजुर्ग एवं मजदूर ाजदूरी से वंचित हो सकते हैं। ममता देवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर नहीं होने देगी और ग्रामीण जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। वहीं मनरेगा बचाव कार्यक्रम के प्रभारी आलम ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरे जिले में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मौक पर सीपी संतन, पंकज तिवारी, दिनेश मुंडा, मुकेश यादव, सुधीर मंगलेश, संजय साव, शहजाद खान ,सागर महतो, भैरो ठाकुर ,धर्मराज राम, बलराम साहू ,टिंकू खान ,गगन करमाली आदि मौजूद थे।

## घर से बाहर जाने की सूचना पुलिस को दें

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं किसी भी आपराधिक घटना पर त्वरित नियंत्रण के उद्देश्य से बरही थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने आमजन एवं पत्रकार बंधुओं से महत्वपूर्ण अपील की है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर को छोड़कर बाहर कहीं अन्यत्र, विशेष रूप से दूसरे शहर या राज्य में जाता है, तो इसकी सूचना अविलंब पुलिस को देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी सूचना स्थानीय पत्रकार बंधुओं के माध्यम से अथवा सीधे थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर एवं सरकारी मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि समय पर सूचना मिलने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, संदिग्ध गतिविधियों एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में पुलिस को काफी सहायता मिलती है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में संबंधित व्यक्ति या परिवार को शीघ्र सहायता पहुंचाना भी संभव हो पाता है।

# हजारीबाग के डीडीसी को हेल्पिंग इंडिया ने दी विदाई

**हजारीबाग।** जिले के उप विकास आयुक्त (डीडीसी)के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरी भावनाओं के साथ उन्हें अलविदा कहा। यह अवसर केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा, संवेदनशीलता और ईमानदार नेतृत्व को सम्मान देने का भावुक क्षण बन गया।

हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने कहा कि उप विकास आयुक्त का कार्यकाल जिले के लिए प्रेरणादायक रहा। उन्होंने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, गरीबोंझ्रवंचितों के हितों की रक्षा, सामाजिक संस्थाओं के साथ समन्वय और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी। मनरेगा, ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन, आवास एवं कल्याणकारी योजनाओं में उनकी सक्रिय भूमिका ने प्रशासन पर जनता का भरोसा मजबूत किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि उप विकास आयुक्त हमेशा जनसरोकारों के प्रति संवेदनशील रहे। उन्होंने सामाजिक संगठनों की बातों को गंभीरता से सुना और जमीनी हकीकत को समझते हुए निर्णय लिए, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सका। विदाई के अवसर पर हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट की ओर से फूलो का गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। ट्रस्ट ने कहा कि उप विकास आयुक्त का योगदान जिले के विकास इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा और उनके जाने से जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद लायंस क्लब ने फूड फॉर हंगर के तहत करीब 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता है। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा और कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। क्लब




के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है और कल्ब का उद्देश्य भी गरीबों की सेवा करना है। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा राज नर्सिंग होम में दर्जनों नवजात शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क टीकाकरण कराया गया।

# सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)।भुरकुंडा एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरेज हॉल में शनिवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक हुयी। यह बैठक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर 30 जनवरी को भुरकुंडा में होने वाले वैश्य सद्भावना महासम्मेलन की तैयारी को लेकर रखी गयी। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया।

बैठक में पर्यवेक्षक के बतौर कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके) व उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता (ओरमांझी) उपस्थित थे। सर्वप्रथम नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहु (हजारीबाग), राजकुमार केशरी (रामगढ़) एवं कृष्णदेव साहु (रांची) को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया आदि ने माला पहना कर एवं बुके देकर




सम्मानित किया। तत्पश्चात बैठक में वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। इसमें तय किया गया कि इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी समिति, प्रचार-प्रसार समिति एवं स्वागत समिति का गठन किया जायेगा। इन समितियों का गठन एवं नामों की घोषणा 5 जनवरी को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि महासम्मेलन के दिन भुरकुंडा थाना मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा, जो मेन रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर जाकर समाप्त होगा। यह भी तय किया गया कि सभी पदाधिकारी और सदस्य 6 जनवरी से अपने-अपने प्रखंडों, जिलों में बैठक कर इस कार्यक्रम में आने वालों की सूची अभी से ही बनाना शुरू कर देंगे और 17 जनवरी को वह सूची जमा करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमारे आदर्श हैं। यह गर्व की बात है कि वे वैश्य समाज से आते हैं। इसलिए उनके विचारों को जिंदा रखना, उनके बताये गये मार्ग पर

**झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा समिति की घोषणा कल करेगा**

चल कर ही वैश्य ओबीसी को अधिकार और सम्मान दिलाया जा सकता है। श्री साहु ने कहा कि भुरकुंडा की धरती वैश्य आंदोलन और अभियान की जननी धरती है, इसलिए यह कार्यक्रम को यादगार बनाने की कोशिश की जायेगी।

बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर साहु, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, रामाशंकर राजन, केंद्रीय संगठन सचिव बसंत प्रसाद साहु, राजाराम प्रसाद, मुरलीधर प्रसाद, केंद्रीय सदस्य जे.पी. अग्रवाल, पतरातू प्रखंड महासचिव भुनेश्वर साव, श्रीनिवास अग्रवाल, डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साहु, अशोक साव, देवकुमार पंडित, उपेन्द्र शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद, कैलाश प्रसाद, फौजी अमित साहु, संतोष साहु, अजय साहु, रंजीत प्रसाद, संजय प्रसाद, दीपक साहु, भरत केशरी, मद्धेश्वर केशरी, गीता देवी, कुसुमलता देवी, डॉ. अशोक साहु, रंजन कुमार, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## चट्टीबरियातू में बिरहोर समुदाय को मिला कंबल



**केरेडारी।** चट्टीबरियातू पंचायत के पगार बिरहोर कॉलोनी में प्रखंड प्रशासन के द्वारा आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ विवेक कुमार, सीओ राम रतन वर्णवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे । अधिकारियों ने लोगों से ठंड से बचने की सलाह दी। वही बिरहोर समुदायों के बीच 70 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर चट्टीबरियातू मुखिया झारीलाल महतो पंचायत सचिव शिवकुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जोरदाग में मनी सावित्रीबाई फूले की जयंती



केरेडारी। जोरदाग गांव में माली मालाकार कल्याण समिति द्वारा भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्री बाई फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। उनके तस्वीर पर माली मालाकार कल्याण समिति के लोगों के द्वारा व अन्य बुद्धजीवियों के द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। साथ हीं उनके बताए मार्ग पर अनुसरण करने की बात कही। कार्यक्रम में केरेडारी,पगार,जोरदाग समेत अन्य जगहों से माली मालाकार कल्याण समिति और अन्य लोग शामिल हुए। मौके पर माली मालाकार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र माली, उपाध्यक्ष अनिल माली, सचिव अजीत माली, पूर्व कोषाध्यक्ष कन्हाई माली, सचिव बजरंगी माली, उप सचिव सिकंदर माली,नारायण माली, गुलाब माली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## राशन दुकानदारों को मिली 4जी मशीन



चरही। चुरचू प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार 4जी मशीन का जन वितरण प्रणाली के चुरचू एवं दाढ़ी प्रखंड के डीलरों के बीच 108 4जी मशीन वितरण किया गया। चुरचू प्रखंड एवं दाढ़ी प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चुरचू डॉक्टर प्रिंस राज एवं दाढ़ी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार के हाथों दिया गया। इसके बाद मशीन चलाने के लिए डीलर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉक्टर प्रिंस राज, दाढ़ी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार तथा विजन टेक के नरेश प्रसाद ने प्रशिक्षण दिया। दाढ़ी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार, विजन टेक के नरेश प्रसाद, देवचंद कुमार, फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष शुकुल रजक, जिला सचिव रामचरण करमाली, बिशेश्वर करमाली, खुलेश्वर भोक्ता , सूरजदेव महतो, बैजनाथ राम ,स्वयं सहायता समूह के सभी डीलर शामिल हुए।

## मनरेगा बचाओ में यूथ कांग्रेस भूमिका अहम



दारू। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर यूथ कांग्रेस ने आक्रामक रुख अपनाया है। 5 जनवरी को रांची में होने वाले राज्यस्तरीय प्रदर्शन में झारखंड भर से यूथ कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे और सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद करेंगे। यूथ कांग्रेस हजारीबाग जिला अध्यक्ष मो. जाविर ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों गरीबों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की जीवनरेखा है। इसे कमजोर करने, बजट घटाने या इसके स्वरूप से छेड़छाड़ करने की किसी भी साजिश को यूथ कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। मो. जाविर ने कहा कि आज जब देश में बेरोजगारी अपने चरम पर है, ऐसे समय में मनरेगा गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार है। मनरेगा पर हमला सीधे-सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मजदूर वर्ग और युवाओं के भविष्य पर हमला है।

## टाटीझरिया के डुमर हनुमान मंदिर में प्रतियोगिता

टाटीझरिया । एकल अभियान संस्कार शिक्षा के तत्वावधान में शनिवार को एकल श्रीहरि सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन टाटीझरिया संच के डुमर हनुमान मंदिर में किया गया। मुख्य अतिथि डुमर पंचायत मुखिया ममता देवी, सोनु पांडेय, वार्ड सदस्य सोनु सिंह, जयशंकर पांडेय उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता एकल अभियान के संस्कारित गांव का निर्माण उद्देश्य को लेकर आयोजित की गई। इसमें गांवों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में संभाग धनबाद अंचल हजारीबाग तथा संच टाटीझरिया से जुड़ी सत्संग मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में भजन मंडलियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया ममता देवी ने कहा कि सत्संग मंडली प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षित गांव के साथ -साथ संस्कारित गांव का निर्माण करना है। मौके पर एकल के आचार्य बबिता देवी, मनीषा देवी, संगीता देवी, ममता देवी, प्रिती देवी, पुनम देवी, किरण देवी, यशोदा देवी, पम्मी कुमारी, खुशबु देवी, सोनी देवी सहित अन्य शामिल थे।

## पीएचसी टाटीझरिया में स्वास्थ्य मेला सात को

**टाटीझरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी में आगामी 7 जनवरी को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में टाटीझरिया प्रखंड की सभी 8 पंचायतों के ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं और परामर्श का लाभ मिलेगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निधि नारायण ने बताया कि मेले की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। मेले में आने वाले मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी। मेले में स्वास्थ्य जांच के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें मुख्य रूप से सामान्य व विशेष जांच में सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा, ईएनटी, त्वचा जांच, आंखों की जांच, गंभीर रोग नियंत्रण में टीबी, मलेरिया, कुष्ठ नियंत्रण, कैंसर जागरूकता और एनसीडी स्क्रीनिंग, महिला एवं शिशु कल्याण में मातृत्व स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य जांच, पोषण सलाह, मानसिक स्वास्थ्य, धूम्रपान और तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता और डिजिटल सेवाएं जैसे आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड और डिजिटल हेल्थ कार्ड का निर्माण शामिल है। डॉ. नारायण ने प्रखंड के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाएं।

## टाटाझरिया में राशन डीलरों को मिला 4जी मशीन

टाटीझरिया। डीलरों को विष्णुगढ़ में टाटीझरिया के 42 डीलर को 42 इंपॉस मशीन दिया गया अब 42 डीलर की परेशानी 4जी इंपोस मशीन मिलने दूर होगी। साथ में राशन कार्डधारी उपभोक्ता की परेशानी दूर होने जा रही है। टाटीझरिया प्रखंड में कुल 42 डीलर है। सभी डीलरो को 2जी मशीन दिया गया था। बहुत ऐसी जगह जहां 2जी मशीन का नेटवर्क नहीं पकड़ता था। कई डीलर अपना राशन दुकान छोड़कर नेटवर्क लाने के लिए इधर उधर जाना पड़ता था साथ में राशन कार्ड धारी उपभोक्ता भी परेशान होते नजर आ रहे थे। कभी कभी तो नेटवर्क के लिए दिनभर कार्डधारी को इंतजार करना पड़ता था। सही से नेटवर्क नहीं मिलने से एक दिन में 15 से 20 कार्डधारी को ही राशन मिल पाता था जब डीलर संघ ने इसका विरोध कई बार किया कि हमलोगो को 2जी के जगह 5जी मशीन की मांग किया था। नव वर्ष में उनसभी की मांग पूरी हुई और विष्णुगढ़ में विष्णुगढ़ एमो पीयूष कुमार के द्वारा सभी डीलर को 4जी मशीन दिया गया।

स्पीड न्यूज

### अधिकार एवं सम्मान पेंशन के लिए मुख्यमंत्री आभार यात्रा में शामिल आंदोलनकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा बाल बच्चों के अधिकार एवं सम्मान पेंशन के लिए मुख्यमंत्री आभार यात्रा में राज्य भर से आंदोलनकारी शामिल हुए। जिसमे गिद्धौर प्रखंड के आंदोलनकार्यों ने भी भाग लिया और जयपाल सिंह स्टेडियम कचहरी रोड रांची से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास तक पदयात्रा में शामिल रहे। तत्पश्चाप 3 जनवरी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री आभार यात्रा में शामिल राजू लाल वर्मा, जिला सचिव यदुनंदन पांडेय, उपाध्यक्ष संतन सोनी, रामदेव यादव, दिनेश्वर दांगी व सैकड़ो आंदोलनकारी शामिल हुए।

### पर्यावरण मानव जीवन की धरोहर है

**गिद्धौर (चतरा)।** नालसा एवं झालसा के तत्वावधान तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्गदर्शन एवं माननीय सचिव महोदय के नेतृत्व में शनिवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत अधिकार मित्र पवन कुमार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।उपस्थित लोगों को पर्यावरण को बचाने इसके लिए वृक्षारोपण तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं आस पड़ोस के लोगों को जागरूक करने तथा जंगलों को कटाई से बचाने के बारे में तथा बाल विवाह एवं नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक नुकसान एवं इससे बचाव हेतु जानकारी दी गई।

### स्व. छोटेलाल मेहता के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे नेता, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के बिगहा निवासी समाजसेवी रामचंद्र मेहता के पिता स्व.छोटेलाल मेहता के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में अतिथियों का तांता लगा रहा। वहीं अतिथि उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर स्व.छोटे लाल मेहता के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। वहीं शोक संदेश कार्यक्रम में शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से स्व.छोटेलाल मेहता के आत्मा की शांति की कामना किये। मौके पर राजद के पूर्व प्रत्याशी सह वरिष्ठ नेता सुभाष यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, राजद जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, अरविंद मेहता सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### प्रखंड सभागार में किसान क्रेडिट कार्ड का विशेष कैम्प का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड का विशेष कैंप का आयोजन शनिवार को प्रखंड सभागार में किया गया। इस कैंप में मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रबंधक मौजूद थे। कैंप के दौरान किसानों द्वारा दिये गये आवेदनों पर विभिन्न बैंकों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋण स्वीत कर पासबुक का वितरण किया गया।

### जेसीबी चालक की पत्नी के दुष्कर्म, मामला दर्ज, आरोपी फरार

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो में बीते शुक्रवार को चाकू का भय दिखाकर एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर पीड़िता ने डोमचांच थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता के अनुसार पीड़ित महिला का पति जेसीबी चालक है, जो किसी काम को लेकर बरकट्ठा गया हुआ था। महिला की सास और ननद खेत पर आलू निकालने गई हुई थी। पीड़ित महिला अपने बच्चे के साथ घर पर अकेली थी, तभी आरोपी 34 वर्षीय नंदलाल पंडित पिता तुलसी पंडित जो उसके पति का जेसीबी मालिक बताया जा रहा है। मौके का फायदा उठाकर घर में घुसा और चाकू का भय दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

धनबाद रेल मंडल के कोडरमा सहित विभिन्न स्टेशनों में

# चैन पुलिंग में 90 और महिला बोगी में सफर करने वाले 146 लिये गये हिरासत में

**ऑपरेशन "समय पालन" के तहत चेन पुलिंग करने वाले 1032 लोग तथा ऑपरेशन "महिला सुरक्षा" के तहत महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 2629 पुरुष यात्री लिए गये हिरासत में**

सुमित कुमार

दिसंबर का है यह अकड़ा




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग कर रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मय रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन "समय पालन" के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो। पूर्व मय रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ सरस्वती चंद के अनुसार ऑपरेशन "समय पालन" के तहत गत माह 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1032 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। वहीं ऑपरेशन "समय पालन" के तहत् इस दौरान सर्वाधिक 429 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये, जबकि समस्तीपुर मंडल में 266, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 131, सोनपुर मंडल में 116 तथा धनबाद मंडल कोडरमा सहित विभिन्न स्टेशनों में 90 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन "महिला सुरक्षा" के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। वहीं ऑपरेशन "महिला सुरक्षा" के तहत गत माह 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 2629 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 1371 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये, जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 706, समस्तीपुर मंडल में 240, सोनपुर मंडल में 166 तथा धनबाद मंडल के कोडरमा सहित विभिन्न स्टेशनों में 146 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

### ट्रेनों में जोड़े जायेंगे अतिरिक्त कोच

**कोडरमा।** नयी दिल्ली-हावड़ा ग्रेंड कोड सेक्शन के धनबाद, कोडरमा, गया जंक्शन होकर चलने वाली अधिकतर ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट या नो रूम की स्थिति है। धनबाद, कोडरमा होकर विंटर स्पेशल ट्रेन चलने की भी संभावना नहीं है, ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने अलग-अलग रूटों की नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की है।

### आइडियल प्रोग्रेसिव स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पावर हाउस डंडाडीह स्थित आइडियल प्रोगेसिव स्कूल में सादे समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

## देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनी

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** जिले में माली मालाकार उत्थान समिति के तत्वावधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम 3 जनवरी 2026 को कोडरमा स्थित गीतांजलि बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सतीश मालाकार और प्रणव मालाकार विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सचिव रणधीर मालाकार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने उस दौर में शिक्षा की अलख जगाई जब महिलाओं को पढ़ने का अधिकार तक नहीं था। उन्होंने विषम परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए स्वयं को शिक्षित किया और समाज को शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाया। वहीं रणधीर मालाकार ने भारत सरकार से मांग की है कि शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। मौके पर अभिमन्यु भगत, राजू मालाकार, रणीर मालाकार, सुरंजन मालाकार, अनिल मालाकार, पंकज मालाकार, रंजीत मालाकार, अजय मालाकार, सोहन मालाकर, संतोष मालाकार, रवि मालाकार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### ट्रेन ठहराव को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बच्छेडीह पंचायत की मुखिया वीणा देवी व नवलशाही भाजपा मंडल उपाध्यक्ष किशोर यादव की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड अंतर्गत नवलशाही स्टेशन पर हटिया-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस (13513/13514) तथा गोड्डा-नयी दिल्ली एक्सप्रेस ठहराव की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नवलशाही के अलावा आसपास के दर्जनों गांव व इलाकों के प्रवासी मजदूर दिल्ली समेत दिल्ली के आसपास के इलाकों में रहते हैं। गोड्डा-नयी दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव से यहां के लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी। ज्ञापन में पंकु साव, महेश साहू, कमलेश शर्मा, अभिषेक सोनी के हस्ताक्षर हैं।

## उपायुक्त ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग कर मुखिया के कार्यों की समीक्षा की, दिये कई निर्देश




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट का प्रबंधन के लिए विभिन्न संरचनाओं यथा-सोकपीट, नाडेप, सेग्रीगेशन शेड एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण के लिए जिले के सभी मुखिया को अग्रिम राशि दिया था, जिसके उपरांत संरचनाओं का निर्माण करा कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कर राशि का समायोजन किया जाना था। इसे लेकर उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर ज़िला के वैसे मुखिया जिनके पास अधिक राशि लंबित है, उन मुखिया के साथ समीक्षा की गई। समीक्षा उपरान्त उपायुक्त द्वारा सभी मुखिया को निर्देशित किया गया की 13-15 जनवरी तक़ शत प्रतिशत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र ज़िला में जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि तक़ समायोजन नहीं होने पर संबंधित मुखिया पर कार्यपालक अभियंता को कानूनी करर्वाई करने का निर्देश दिया।

## श्रद्धा, सेवा और संस्कार के साथ मनाया गया गुरु नारायणी माता का जन्मोत्सव

**गौशाला ने गौ सेवा एवं वृद्ध आश्रम में गरम वस्त्र का किया वितरण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जब भक्ति में सेवा जुड़ जाए और संस्कारों के साथ समाज के प्रति दायित्व निभाया जाए, तब ऐसा आयोजन जन्म लेता है, जो मन को प्रसन्नता और आत्मा को शांति प्रदान करता है। ऐसा ही अनुपम दृश्य गुरु पा शांति भवन में देखने को मिला, जहां श्रद्धालु महिलाओं ने गुरु नारायणी माता का जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धा, भक्ति भाव और सेवा संकल्प के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान 108 बार गुरु चालीसा का पाठ किया गया। वहीं चोपाइयों की गूंज से पूरा गुरु पा शांति भवन गुरु पा और आयात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों ने कहा कि मानव जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। एक गुरु हमें शिक्षा देता है, माता-पिता जीवन जीने की कला, बोलना, चलना और व्यवहार सिखाते हैं, लेकिन संस्कार और आत्मिक कल्याण के लिए भक्ति गुरु अनिवार्य हैं। गुरु के बिना जीवन की दिशा अधूरी रह जाती है। जन्मोत्सव के उपरांत श्रद्धालु महिलाएं यदुटांड स्थित कोडरमा गौशाला पहुंचीं, जहां गौ सेवा कर पुण्य अर्जित किया। इस दौरान एक वर्ष तक एक गाय को प्रतिदिन दो रोटी खिलाने का संकल्प लिया तथा उसकी राशि भी समर्पित की गई। वहीं श्रद्धालुओं ने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और करुणा का विकास होता है।

भारी कोल वाहनों एवं ऐश पौंड की ढुलाई सिमरिया के रास्ते पूर्ण रूपेण कोल वाहनों के बंद को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी

## टंडवा सिमरिया के रास्ते पूर्ण रूपेण कोल वाहनों के बंद तक रहेगी धरना प्रदर्शन : मनोज चंद्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** अनुमंडल मुख्यालय के टंडवा सिमरिया रास्ते एवं अन्य विभिन्न सड़कों होकर टंडवा कोल कंपनियों द्वारा कोयले एवं एनटीपीसी के ऐश पौंड ढुलाई को लेकर जेएमएम के विधान सभा प्रभारी एवं सिमरिया विधान सभा के चहेते विधायक उम्मीदवार मनोज चंद्रा ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर पूर्णतः बंद करने का आग्रह किया है। आगे कहा है कि सिमरिया प्रखंड से होकर एनटीपीसी टंडवा ले जा रहे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी रविन्द्र इंटरप्राइजेज के कोल वाहनों के ट्रांसपोर्टिंग एवं कोयला दहन अवशेष की ढुलाई को पूर्णतः बंद किया जाय।

आगे श्री चंद्रा ने उदाहरण स्वरूप अवगत कराते हुए हजारीबाग जिला के बड़कागांव क्षेत्र के अंतर्गत पकरी बरवाडीह कोल माइन्स से हजारीबाग होते हुए चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के घनी आबादी क्षेत्र बिरहु, शिला, पिरी, बानासांडी, सिमरिया, डाडी, धनगड़ा, मिश्रौल, सेरेन दाग होते हुए टंडवा एनटीपीसी को कोयला पहुँचाया जा रहा है। जिसकी दूरी लगभग 106 किलोमीटर है। जबकि पकरी बरवाडीह परियोजना से बड़कागांव केरेडारी होते हुए टंडवा एनटीपीसी परियोजना की दूरी मात्र 20 किलोमीटर ही है। कोल वाहनों के परिचालन से लगातार दुर्घटना होने के बाद हजारीबाग जिला प्रशासन व बड़कागांव के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बड़कागांव-टंडवा सड़क पर कोल वाहनो के परिचालन को पूर्णतः बंद कर दिया है। बड़कागांव-हजारीबाग-बिरहु- सिमरिया के इस नए परिवहन मार्ग से कोयला ढुलाई होने से दुर्घटना दुगनी हो जायेगी क्योंकि मगध-आम्रपाली कोल माइन्स से ट्रांसपोर्टिंग होने से अब तक दो हजार (2000) से ज्यादा निर्दोष लोगों की जानें जा चुकी है और कई निर्दोष अपंग होकर दुर्दशापूर्ण जीवन जीने के लिए बाध्य है। किसी भी दुर्घटना के उपरांत चतरा जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों के लिए जितनी भी मुआवजा की राशि तय की जाती है उस मुआवजा राशि को भी ट्रांसपोर्टरों के द्वारा भुगतान नही की जाती है। ट्रांसपोर्टरों द्वारा प्रशासन की यह अनदेखी के कारण आमजन और पीड़ित परिवारो के बीच प्रशासन कि छवि धूमिल हो रही है। ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा है कि कोयले के दहन से जो राख बनता है उसमें आर्सेनिक, कैडमियम और सीसा जैसी भारी धातुओं के साथ-साथ सिलिका के कण भी मौजूद होते हैं। सीसीआर के महीन कण के वायु, सांस एवं अन्य माध्यमों के द्वारा इंसान के फेफड़ों में जाकर जमा हो जा रहे हैं जिससे सिलिकोसिस जैसी श्वसन संबंधी, अस्थमा, सूजन और प्रतिरक्षा संबंधी बिमारियों की समस्याएं लगातार पैदा हो रही हैं। इसके पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों में जल प्रदूषण से लेकर दीर्घकालिक बिमारियां तक शामिल हैं। वाहनों द्वारा भारत में मुख्य रूप से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी 'खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा पार आवाजाही) नियम, 2016 और विशेष रूप से कोयला राख के लिए जारी दिशा-निदेशों का पूर्णतः उलंघन किया जा रहा है। श्री चंद्रा ने चार मांगे मुख्य रूप से उपायुक्त को अवगत कराते हुए मांग रख कर धरना प्रदर्शन जारी रखा है। जिसमें जिला हजारीबाग प्रखंड बड़कागांव अंतर्गत पकरी बरवाडीह कोल माइंस से हजारीबाग, बिरहु, पीरी, बनासाड़ी, सिमरिया डाड़ी, धनगड़ा, मिश्रौल, और सेरंदाग इत्यादि घने आबादी रोड से कोल ट्रांसपोर्टिंग को पूर्णता बंद किया जाए, एनटीपीसी परियोजना से फ्लाई ऐश/ छाई/ को बड़े-बड़े ट्रेलरों द्वारा बिना सेफ्टी के धनी आबादी से ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है जिसे पूर्णता बंद किया जाए, यह है कि ट्रांसपोर्टिंग वाहनों द्वारा दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले परिजनों को 21 लाख रुपए मुआवजा दिया जाय एवं स्थायी मुआवजा नीति बनाया जाय जिसके फलस्वरूप प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच टकराव को समाप्त किया जा सके, ट्रांसपोर्टिंग वाहनों द्वारा दुर्घटनाओं में घायल होने वाले पीड़ितों को समुचित इलाज की जिम्मेदारी लिया जाए धरना में झामुमो जिला सचिव चंद्रदेव प्रसाद साहू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रमन साहू, प्रमुख रोहन साव। जिप सदस्य देवनन्दन साहू, प्रेमलता चंद्रा, मुखिया बिनोद महतो, नामधारी महतो, भूपेंद्र ठाकुर, गिरधारी यादव, सलीम अख्तर सहित अन्य लोग शामिल थे।

एक नजर में

### प्रखंड कार्यालय के सभागार में बिदाई सह बधाई कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के स्थानांतरण पर बिदाई सह बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिमरिया प्रखंड प्रमुख रोहन साव, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद,अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव उपप्रमुख दामोदर गोप पश्चिमी जिप सदस्य देवनन्दन साहू, मनोज चंद्रा, प्रेस क्लब सदस्यों ने बारी बारी से एसडीओ को पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र सहित अन्य सामग्री देकर बिदाई दिए। विभिन्न वक्ताओं ने एसडीओ द्वारा किए गए कार्यों को सराहा और बधाई दिया साथ हीं उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया। सीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि सिमरिया मेरी पहली पोस्टिंग थी। मैने अपने स्तर से सभी बीडीओ, सीओ के साथ मिलकर कार्य करने का प्रयास किया। सिमरिया अनुमंडल को बेहतर बनाने का प्रयास किया। मैं जब ज्वाइन किया उसी समय से मेरा एक सपना था कि मैं सिमरिया में बस पड़ाव का निर्माण करूंगा जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। वहीं एसडीओ ने अधिकारियों को कहा कि जो भी लोग दूर दराज से आते है उनकी समस्याओं का समाधान कीजिए क्योंकि लोग उम्मीद के साथ आते है। जब उम्मीद टूट जाती है तब हीं वरीय पदाधिकारियों का दरवाजा खटखटाते है तो आपलोग से अहि उम्मीद और संदेश देते है कि लोगों के उम्मीद को ना तोड़े। वहीं एडीओ को उपविकाश आयुक्त बनने पर सिमरिया के लोगों ने बधाई दिया। मौके पर उपस्थित जेएसएलपीएस के लोगों ने उपहार स्वरूप रागी का लड्डू भेंट में दिया। मौके पर प्रखंड कर्मियों ने भी उपहार स्वरूप भेंट दिया और उज्जवल भविष्य का कामना किया। वहीं सभी वक्ताओं का अंतिम मांग रहा कि भविष्य में आप चतरा के उपायुक्त के रूप में आए और चतरा को स्वच्छ और सुंदर बनाए।

**बिरहोर परिवारों को मिला कंबल का सहारा**

### बिरहोर के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराकर किया जायेगा इनकी विकास : पीडीके



खबर मन्त्र संवादाता

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत बक्कुम्बा पंचायत के बीरेखाप गांव में निवास करने वाले बिरहोर परिवारों के बीच शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभूलाल साहू उपस्थित हुए।इस तरह से न्यायपालिका के शीर्ष अधिकारियों ने खुद सुदूरवर्ती क्षेत्र में पहुँचकर आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों का हाल जाना और उन्हें ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शम्भू लाल साव जिला मुख्यालय से चलकर विशेष रूप से बीरेखाप पहुँचे। उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर साव भी मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने हाथों से जरूरतमंद बिरहोर पुरुषों, महिलाओं और वृद्धों को कंबल ओढ़ाए और उनके स्वास्थ्य की भी सुध ली।सोनू बिरहोर ने जज साहब के सामने गाँव मे निवास करने वाले बिरहोर परिवारों को होने वाली समस्या को रखा जिसके बाद प्रधान जिला जज श्री साहू ने कहा कि बिरहोर परिवारों का विकास बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराकर ही किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण सोनू बीरहोर गांव का जागरूक बीरहोर है और उसने गांव में कृषि कार्य हेतु सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने,गांव में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र खोलने एवं गाँव के एक मात्र खराब जलमीनार को ठीक करने की समस्या रखी।जल्द ही इनकी समस्या का समाधान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिरहोरों जो झरखण्ड की सबसे आदिम जन जातियों में से एक है और ये इस पूस की रात में हाड़ को बेध देने वाले ठंड से निजात के लिए उन्हें कंबल मुहैया कराया गया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ऐसे ऐसे गरीबो को हमेशा मदद की है।

### प्रारंभिक व मध्य विद्यालयों में सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर काउंसिलिंग 5 जनवरी को

खबर मन्त्र संवादाता



**चतरा।** जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार ने जानकारी दी है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत ज्ञापांक 1490 एवं ज्ञापांक 1504 के निदेर्शानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के आधार पर चयनित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5, पारा/गैर पारा कोटि) के कुल 19, स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय-गणित एवं विज्ञान) के कुल 02, स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय-भाषा) के कुल 02 तथा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय-सामाजिक विज्ञान) के कुल 01–अर्थात कुल 24 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची तथा काउंसिलिंग हेतु तैयार जांच-पत्रक जिले की आधिकारिक वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू चतरा डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड कर दी गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने आगे बताया कि उक्त 24 अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दिनांक 05 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक डी.आर.डी.ए. हॉल, चतरा में आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया उपायुक्त, चतरा द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी–अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी। काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध जाँच-पत्रक को अपनी हस्तलिपि में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में भरकर उपस्थित हों।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर : ससुराल में रह रहे दामाद ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना अंतर्गत हर्रा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक 46 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके ससुर के बागान में पेड़ से लटका पाया गया। मृतक की पहचान विजय कुजूर पिता इमानुएल कुजूर के रूप में हुई है जो मूल रूप से जशपुर थाना क्षेत्र के पेकू गांव का निवासी था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार विजय कुजूर पिछले 5 वर्षों से अपने ससुराल हर्रा गांव में ही रह रहा था। बुधवार दोपहर से वह अचानक लापता हो गया था। जिसके बाद परिवार के सदस्य लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। शुक्रवार की शाम ससुर जुलियस तिग्गा ने अपने ही बागान के एक पुटकल पेड़ पर विजय का शव फंदे से झूलता देखा। घटना की सूचना मिलते ही जशपुर से मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि विजय की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। परिजनों के अनुसार विजय पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। उसकी पत्नी सेलिना तिग्गा और उसके दो पुत्र पिछले कई वर्षों से रोजी-रोटी के सिलसिले में कोलकाता में रह रहे हैं। विजय अपने ससुराल वालों के साथ ही रहता था। सूचना मिलते ही एसआई राजेंद्र मंडल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक

**गुमला।** सामाजिक कार्यकर्ता बाघंबर ओहदार के पिता अधिवक्ता दिघंबर ओहदार के आकस्मिक निधन पर समाजसेवियों ने शोक प्रकट किया है। चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि दिघंबर विद्वान अधिवक्ता के साथ वरिष्ठ समाजसेवी थे। उनका आकस्मिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि धार्मिक-सामाजिक कार्यों में उनकी अभिरूचि थी। मिलनसार स्वभाव के कारण वो सभी समुदाय के बीच लोकप्रिय थे। शोक जताने वालों में हेमावती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजूर, गुलाम सरवर, कलावती देवी, बैजनाथ उरांव, रोहित उरांव व हिमेश कुमार आदि है।

### तेली समाज रायडीह प्रखंड के रवि साहू अध्यक्ष व बालमोहन साहू बने सचिव




**रायडीह।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज रायडीह प्रखंड की बैठक शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी अमरनाथ साहू की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान रायडीह में हुई। बैठक में प्रखंड कमेटी के चुनाव जिला से आये पर्यवेक्षक राम कृष्ण ओहदार महासचिव, लीलांबर साहू उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गा साहू की उपस्थिति में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष रवि साहू, सचिव बालमोहन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार साहू, उपाध्यक्ष दीनानाथ साहू एवं सुरेश साहू, महिला अध्यक्ष सुधा देवी को चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बैठक में महासचिव द्वारा 11 जनवरी 2026 को बसिया स्थित बाघमुंडा में वनभोज में शामिल होने का अनुरोध किया गया। बैठक में बसंत कुमार साहू, लक्ष्मी साहू, हरिशंकर साहू, चूड़ामणि साहू, शशि भूषण साहू, नंदलाल साहू, शीतल साहू, देव कुमार साहू, विकास साहू, मुकेश साहू, भागवत साहू, विवेक साहू, राजकुमार साहू सहित समाजसेवी उपस्थित थे।

### सरांगो गांव में मुखिया नें 22 किसानों के बीच मशरूम बीज का किया वितरण



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के सरांगो गांव में पंचायत स्तर पर कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। गांव के मुखिया राजेश बड़ाइक के नेतृत्व में 22 किसानों के बीच मशरूम बीज का वितरण किया गया। यह बीज हिंडालको कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर मुखिया राजेश बड़ाइक ने कहा कि मशरूम की खेती कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली खेती है। उन्होंने बताया कि हिंडालको कंपनी के सहयोग से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मशरूम उत्पादन, रखरखाव और बाजार में बिक्री से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दी गईं। मौके पर पंसस रेणुका तिर्की, सरिता तिर्की, नवनीत कुमारी, परदेसिया देवी, सावित्री देवी, संगीता देवी, तारा देवी, जयंती देवी, मुन्नी देवी सहित कई महिला किसान उपस्थित थे।

### प्रखंड उपप्रमुख ने असहाय गरीब के बीच कंबल का किया वितरण



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के छठ मुहल्ला में समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड उपप्रमुख शिवा देवी, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कुल 40 कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर शिवा देवी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कड़ाके की ठंड में कोई भी गरीब और असहाय व्यक्ति परेशान न हो। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जेएससीए अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में गढ़वा ने गुमला को 6 विकेट से हराया

**गुमला।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आयोजित बी एन सिंह अंडर 19 (प्लेट) क्रिकेट प्रतियोगिता में शानिवार को गढ़वा की टीम ने गुमला को छह विकेटों से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुमला अंडर 19 की टीम ने 23.1 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 89 रन बनाए। जिसमें नीलेश कंसारी ने नाबाद 20 और हर्ष कुमार ने 15 रनों का योगदान दिया। वहीं गढ़वा की ओर से निशांत कुमार चौबे ने शानदार 6 विकेट और यश राज ने 3 विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी गढ़वा अंडर 19 की टीम ने 26 ओवरो में चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। आयुष सिंह ने 23 और आनंद और अंकित राज ने 13 रनों का योगदान दिया। गुमला को ओर से एकलव्य उरांव ने 2 विकेट, अनिकेत व करण प्रताप ने 1-1 विकेट झटके। गढ़वा के निशांत को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया।

## गुमला : अंतिम दिन चेंबर चुनाव हेतु दस प्रत्याशियों ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी के समक्ष भरा नामांकन पर्चा

**आज नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद उमीदवारों के बीच होगा क्रमांक का आवंटन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के आम चुनाव हेतु शनिवार को दस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र मुख्य चुनाव पदाधिकारी अमित माहेश्वरी के समक्ष दाखिल किया। इस अवसर पर चुनाव पयवेक्षक व सहायक चुनाव पदाधिकारी उपस्थित थे। चेंबर चुनाव में कुल 23 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज किया है। शनिवार अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक चुनाव हेतु नामांकन पत्रों की बिक्री एक सेट व मतदाता सूची एवं एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई है। वहीं कल 4 जनवरी को अपराह्न 12 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगा। साथ ही 5 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक नाम वापसी की चुनावी प्रक्रिया होगी एवं उक्त तिथि को ही अपराह्न 3:30 बजे चुनाव में खड़े सभी उम्मीदवारों के बीच चुनाव हेतु क्रमांक आवंटन कर दिया जाएगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी के अनुसार कई निर्दलीय प्रत्याशियों व टीम लीडर ने भी अपना नामांकन पत्र व मतदाता सूची खरीदकर अपना अपना नामांकन किया है। वहीं गुलाम सरवर एवं अमर प्रदीप कुजूर ने निर्दलीय प्रत्याशी हेतु अपना नामांकन किया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों से अपील की जो व्यापारी आम चुनाव 2026 में चुनाव में अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत किये हैं वे ससमय कक्ष उपस्थित होकर अपना अपना नामांकन पत्र की जांच में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। मौके पर पर्यवेक्षक रमेश कुमार, महेश लाल, सहायक चुनाव पदाधिकारी दामोदर कसेरा, अनमोल गुप्ता, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, राजेश सिंह, बबलू वर्मा आदि उपस्थित थे।

## हिंडाल्को ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण





खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंडाल्को के सीएसआर विभाग लोहरदगा द्वारा जिले में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण में अध्यक्ष माइन्स एंड मिनरल्स बिजेश कुमार झा विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर उन्होंने कहा कि हिंडाल्को कम्पनी सदैव अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व का बखूबी निर्वहन करता रहा हैं। बढ़ती ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी इसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि कपकपाती ठंड से गरीब और असहाय जनों के बचाव के लिए यह सराहनीय पहल है। कंबल वितरण कार्य। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष (खान) शत्रुजीत कुमार, महाप्रबंधक (खान) राजेश रंजन अम्बस्था एवं प्रदीप भालेकर, महाप्रबंधक (सेफ्टी) अजय पांडे, सहायक महाप्रबंधक (एचआर) चिन्मय दास, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, प्रबंधक सुशील कुमार, सहायक प्रबंधक शोभारानी मोहंती, सीएसआर अधिकारी के अलावा हिंडाल्को सरोज महिला मंडल की अध्यक्षा भारती झा आदि पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में रेणु सिंह, पूनम वशिष्ट, शिल्पा ठाकरे, किरण लिलहरे, रति बोचीवाल, लावण्या नरेंद्र बाबू, निधि ठाकुर, शोभारानी मोहंती, अनन्या डे, भास्कर सिन्हा, अभय भारती, राकेश तिवारी, मनोज चौधरी व सदस्यगण शामिल रहे।

## शिक्षा और अनुशासन का संगम है पीएम श्री जेएनवी जोगना : सहायक आयुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा का क्षेत्रीय कार्यालय पटना के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के रांची संकुल के सहायक आयुक्त तथा पैनल सदस्यों के द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में क्षेत्रीय सहायक आयुक्त डैनियल रत्नकुमार ने अपने पैनल दल के सदस्यों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास प्रबंधन, अनुशासन, प्रशासनिक कार्यप्रणाली आदि का गहन अवलोकन किया गया। कक्षाओं का निरीक्षण के साथ-साथ छात्र छात्राओं से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर एवं सर्वांगीण विकास की भी समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त और पैनल सदस्यों द्वारा विद्यालय की समग्र गतिविधियों एवं उपलब्धियों का आकलन करने के उपरांत डैनियल रतनकुमार ने विद्यालय के कार्यों की सराहना कर उन्होंने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण, शिक्षकों की निष्ठा तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा करते हुए इसे प्राचार्य अवनीश चंद्र झा के कुशल मार्गदर्शन एवं टीमवर्क का परिणाम बताया। वही विद्यालय परिवार के लोगों ने सहायक आयुक्त द्वारा दिए गये मार्गदर्शन एवं सुझावों को आत्मसात करते हुए भविष्य में उन्हें प्रभावी रूप से लागू करने का आश्वासन दिया गया। यह निरीक्षण विद्यालय के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

**गुमला : राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान के तहत सांसद सुखदेव भगत ने किया प्रेस कान्फ्रेंस, बोले**

# गोडसे ने महात्मा गांधी की और केंद्र सरकार ने उनके नाम की कर दी हत्या

>> 5 जनवरी को रांची में मनरेगा को बचाने हेतु किया जायेगा पदयात्रा




खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान के तहत शनिवार को सांसद सुखदेव भगत ने स्थानीय परिसदन भवन में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए कहा कि 30 जनवरी 1948 को नाथुराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या की और 18 दिसंबर 2025 को केंद्र की मोदी सरकार ने महात्मा गांधी के नाम की हत्या कर दी। साथ ही श्रमिकों के रोजगार की भी हत्या केंद्र सरकार ने कर दी। भगत ने कहा कि गांवों से पलायन रोकने व गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना लागू किया था। लेकिन केंद्र की सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं बदला रोजगार का गारंटी देने वाले कानून को ही बदल दिया। केंद्र सरकार ने मनरेगा को सप्लाई आधारित योजना बना दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी। लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर भी बुल्डोजर चला दिया। केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा के स्थान पर पारित जी राम जी योजना में रोजगार की गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य के संकल्पना से दूर हो रही है। आखिर गांधी नाम से केंद्र सरकार को इतना वैमन्यस्ता क्यों हो गई है। भगत ने कहा कि मनरेगा को बचाने हेतु 5 जनवरी को कांग्रेस पार्टी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका गांधी प्रतिमा से लोकभवन तक पदयात्रा करेगी। वहीं मनरेगा में छाये भ्रष्टाचार पर पूछे गये सवाल पर सांसद ने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ही कांग्रेस पार्टी ने सूचना का अधिकार कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सूचना आयुक्त की बहाली जल्द होगी। प्रेस कान्फ्रेंस में प्रदेश सचिव रमेश कुमार, अकील रहमान, दीप नारायण उरांव, जिलाध्यक्ष राजनील तिग्गा, नगर अध्यक्ष जय सिंह, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, अनिरूद्ध चौबे, रूपेश शनि, आशिक अंसारी, आफताब आलम आदि उपस्थित थे।

## घाघरा में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्यों की हुई बैठक



**घाघरा।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक घाघरा कला संस्कृति भवन आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तृत पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में संगठनात्मक मजबूती जनसंपर्क और आंदोलनकारी की भागीदारी सुनिश्चित पर जोर दिया गया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माण में आंदोलनकारी का अहम योगदान रहा है। इसलिए उनकी मांगों को सरकार द्वारा पूरा किया जाना चाहिए। वहीं बैठक में सर्व समिति से आगामी फरवरी माह में देवाकी नर्सरी में कार्यक्रम का आयोजन किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसटी एससी ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री दीपक सिंह बीरुवा, विधायक भूषण बाड़ा को बुलाने की सहमति बनी। मौके पर रामकुमार भगत, लालदेव भगत, ओम प्रकाश मिश्रा, दशरथ उरांव कृष्ण मणिभगत, सुखराम उरांव, बैरागी उरांव, हरि भगत,माड़वाडी उरांव सहित कई आंदोलनकारी सदस्य उपस्थित थे।

## गुमला : परिवहन विभाग ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत शनिवार को परिवहन विभाग के द्वारा बस पड़ाव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई वाहन चालकों सहित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में बीपी, सुगर व हिमोग्लोबिन की जांच की गई। इस दौरान कई वाहन चालकों को विभाग की ओर से चश्मा व दवा भी उपलब्ध कराया गया। ज्ञात हो कि एक जनवरी से 30 जनवरी तक संचालित होने वाले सड़क सुरक्षा अभियान का थीम इस वर्ष सीख से सुरक्षा व तकनीक से परिवर्तन रखा गया है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जा सके। इस दौरान डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा कि एक माह तक सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान लोगों को जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जाएगा। जिसको लेकर स्कूल-कॉलेजों में भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सड़क दुर्घटना को कम करना है। परिवहन विभाग इसको लेकर चालकों को गांधी गिरी करके भी समझा रही है कि यातायात नियमों का उपयोग कर चालक स्वयं व अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करे। वहीं डीटीओ के नेतृत्व में बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालकों को माला पहनाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, डीएसपी विरेंद्र टोप्पो, थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, एमवीआई प्रदीप तिर्की, मंटु रवानी सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### ठाकुर बालमुकुंद नाथ शाहदेव के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**लोहरदगा।** 17 मई 1983 को लोहरदगा जिला बनने के बाद भाजपा संगठन के प्रथम जिलाध्यक्ष रहे ठाकुर बालमुकुंद नाथ शाहदेव के आकस्मिक निधन पर शनिवार को बख्शीडिपा स्थित पार्टी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति ओम प्रकाश सिंह, झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, उमेश कास्यकार उपस्थित रहे। शोक सभा के दौरान ठाकुर बालमुकुंद नाथ शाहदेव के अध्यक्ष कार्यकाल में तत्कालीन जिला महामंत्री ब्रज बिहारी प्रसाद ने संघर्ष को याद करते हुए कहा कि ठाकुर साहब भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक मजबूत शक्ति के रूप में थे। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के द्वारा बुने गए जाल से गरीब और गरीबी से ऊपर उठने के लिए प्रेरित करने वाले एक संघर्षील योद्धा के रूप में उग्रवाद प्रभावित सूदूर क्षेत्र में लोगों को संघर्ष करना सिखाए। प्रवीण सिंह ने कहा कि बालमुकुंद शाहदेव कुशल व्यक्तित्व के धनी थे, वह आम लोगों के नेता थे। अध्यक्षीय कार्यकाल के तत्कालीन कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि विकट परिस्थितियों में बड़ी ताकतों के साथ में संघर्ष करना उन्हीं से सीखा है। शोक सभा को मदन मोहन पाठक व उमेश कास्यकार ने भी साथ के संघर्ष स्मरण किया विभिन्न बातों बताया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नवीन कुमार टिंकू, अनिल उरांव, अजय कुमार पंकज, पशुपति नाथ पारस, अजातशत्रु, मिथुन तमेड़ा, जगनंदन पौराणिक, सुरेश बैठा, कलावती देवी, कृष्णा मोदी, पवन तिग्गा, बाल्मीकि कुमार, अमरेश भारती, अशोक चन्द्र घोष, विश्वजीत भारती, लाल निरंजन शाहदेव, ओम गुप्ता, नवीन कुमार साहू, नवल कुमार साहू, बबलू जयसवाल, सरजू कुमार साहू, शंकर प्रजापति, रौशन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीएम के बदलते सोच से बदल रहा झारखंड: जेपी शर्मा



**लोहरदगा।** सामाजिक कार्यकर्ता सह झामुमो नेता जय प्रकाश शर्मा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किये जा रहे कार्यो को सराहा। उन्होंने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडी जनता से सीधा संवाद अब लोग वीडियो कॉल के माध्यम से अपनी बात सीधे रख सकेंगे। कहा कि यह पहल सरकार और जनता के बीच दूरी कम करेगी। साथ ही इससे दूरदराज क्षेत्रों की आवाज सीधे सत्ता तक पहुंचाएगी और शिकायतों के त्वरित निस्तारण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बदलते सोच के कारण झारखंड बदल रहा हैं। तथा सीएम हाउस अब जनता का घर बन रहा है। इसका लाभ निशित तौर पर आने वाला दिनों में झारखंड की संपूर्ण जनता को मिलेगी। सामाजिक सह झामुमो कार्यकर्ता जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस पहल को सरकार और जनता के बीच की दूरी कम करने वाला ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस व्यवस्था से विशेष रूप से दूरदराज और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आवाज सीधे सत्ता तक पहुंचेगी, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। साथ ही, शिकायतों के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया को भी गति मिलेगी। यह कदम लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री का यह प्रयास जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जवाबदेही को दर्शाता है। आम लोगों को अब अपनी बात रखने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह पहल राज्य में सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

## धर्म की धार्मिक अक्षुण्यता बनाये रखने के लिये धार्मिक यात्रा अहमः स्वामी कृष्ण चैतनय ब्रह्मचारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** ढाई सौ महिला-पुरूष श्रद्धालुओं का एक जत्था शनिवार को दो वॉल्वो बस में सवार होकर 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु बोधगया, सीतामढ़ी, अयोध्या, प्रयागराज के साथ-साथ नेपाल के जनकपुर, पशुपतिनाथ, काठमांडू के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस यात्रा की अगुवाई विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री रंजीत कुमार साहू, बजरंग दल जिला संयोजक पवन कुमार प्रजापति एवं सह संयोजक विवेक यादव करेंगे। यह धार्मिक यात्रा पूर्णतः निर्बाध्य पूरी हो इसके लिये यात्रा संयोजक रंजीत कुमार साहू द्वारा पूरा ध्यान रखा गया है तथा उनके साथ बजरंग दल का टीम भी सहयोगी के रूप में शामिल है। यात्रियों के रवाना करने से पहले सत्संग उत्सव में विहिप के जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, बजरंग दल सह संयोजक प्रद्युम्न पाठक, प्रांतीय धार्मिक मार्गदर्शक मंडली के संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी विशेष रूप से शामिल हुए तथा कहा कि धर्म की धार्मिक अक्षुण्यता बनाये रखने और उसे जानने के लिये समय समय पर धार्मिक यात्रा बेहद अहम होता है। धार्मिक यात्रा के दौरान हमें अपने धर्म, संस्कृति और संस्कारों को नजदीक से जानने का अवसर प्राप्त होता है।

### मदरसा के बच्चों को मिला कंबल



**लोहरदगा।** धीरज प्रसाद साहू पूर्व राज्य सभा सांसद एवं डॉ रामेश्वर उरांव पूर्व मंत्री सह विधायक लोहरदगा के सौजन्य से मदरसा मुफीदुल इस्लाम मिल्लत नगर बारीडीह कुडू के 100 छात्रों के बीच कम्बल वितरण किया गया। कम्बल पाकर बच्चे, मोदसिरीन व मदरसे के कमिटी के लोगो ने इस कड़ाके के ठंड में कम्बल मिलने पर धीरज प्रसाद साहू एवं डॉ रामेश्वर उरांव के प्रति आभार जताया। मौके पर हाजी शकील पूर्व सदर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा सह संरक्षक ट्रक ओनर एसोसिएशन, सदस्य सूरा मदरसा, हाफिज इदरीश सदर मदरसा मुफीदुल इस्लाम, हाजी मो सदरुल अंसारी, सेक्रेटरी मुफीदुल इस्लाम, मिल्लत नगर बारीडीह, हाजी अब्दुल मजीद साहब खाजिन मुफीदुल इस्लाम मिल्लत नगर बारीडीह, मौलाना हुसैन, नाजिम मदरसा एनामुल अंसारी सेक्रेटरी अंजुमन इस्लामिया उडुमुडू बारीडीह, साजिद अंसारी सेक्रेटरी अंजुमन इस्लामिया ईदगाह महल्ला एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## रायडीह प्रखंड कार्यालय में जयपाल सिंह मुंडा की मनायी गयी जयंती

**जयपाल सिंह मुंडा झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे : मनोज**

खबर मन्त्र संवाददाता




**रायडीह।** रायडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के तत्वावधान में महान आदिवासी नेता, स्वतंत्रता सेनानी एवं झारखंड आंदोलन के अग्रदूत जयपाल सिंह मुंडा की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सक्रिय एवं चिन्हित आंदोलनकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर स्व. जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित आंदोलनकारियों ने मरांग गोमके को नमन करते हुए एक स्वर में संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक मनोज कुमार भगत ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा देश के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे तथा उन्होंने भारत को हॉकी में स्वर्ण पदक दिलाकर विश्व पटल पर गौरव दिलाया। वे संविधान सभा के सदस्य भी रहे और उनके विचारों व योगदान को अपने दिलों दिमाग में ग्रहण करे। इस निमित आगामी 8 फरवरी को घाघरा के देवाकी पर्यटक स्थल पर एक विशाल महाजुटान सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में हमारे झारखंड राज्य के परिवहन सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, विधायक भूषण बड़ा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को आमंत्रित किया गया है। हमें एकजुट होना है। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे और वे हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार भगत ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा संविधान सभा में एक प्रखर आदिवासी एवं मूलवासी नेता थे। उन्होंने झारखंड-बिहार सहित पूरे देश के आदिवासियों के अधिकारों की प्रभावी ढंग से पैरवी की। जिसके परिणामस्वरूप संविधान में पाँचवीं एवं छठी अनुसूची जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं मिलीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा उरांव, कोषाध्यक्ष बुधराम उरांव, संगठन सचिव गंदीरा उरांव, आमला उरांव, सीताराम उरांव, सुषमा मिंज, सतेंद्र उरांव, बीरु साहू, चंद्रमोहन सिंह, जयदेव उरांव, सिमोन तिर्की, लोकनाथ उरांव, शशिकांत बेक, आशा देवी सहित सैकड़ों झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## जयपाल सिंह मुंडा व सावित्री बाई की जयंती मनायी गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में शनिवार को शंख नदी के तट पर अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता अनील कुमार भगत ने की। मौके पर केन्द्रीय प्रधान महासचिव मो. कय्यूम ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा राष्ट्रीय स्तर के समाजिक परिवर्तन के बुनियाद रखने वाले व्यक्तित्व का नाम है। उन्होंने कहा कि राज्य झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष और कुर्बानियों से बना है। लेकिन आज आंदोलनकारियों को अपनी पहचान और हक की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। उन्होंने आंदोलनकारियों के दर्द को समझते हुए आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू करने की मांग की। वही जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म से लेकर झारखंड राज्य की नींव रखने तक की पूरी जीवन दर्शन रखते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 25 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चाहिए कि आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। संबोधित करने वालों जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो सचिव विशेषण भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, चैतू मुंडा, सीता उरांव, गंगा उरांव चैतू मुंडा आदि शामिल थे। इस अवसर पर सूरज मोहन लकड़ा, सोमनाथ भगत, सुखदेव उरांव, ललिता भगत, सुखराम भगत, आरीफ खान, सुशीला लकड़ा, सबिता लकड़ा, शनि भगत, महेश उरांव, शंकर उरांव आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से 28 जनवरी को शंख नहीं तट पर बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### ईवीएम एवं दलीय आधार पर नगर निकाय चुनाव की मांग को लेकर 7 जनवरी को धरना देगी भाजपा

# नगर निकाय चुनाव में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है : भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के द्वारा आज एक अहम बैठक जिला कार्यालय में आयोजन किया गया। बैठक अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने किया एवं नगर निकाय चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 7 जनवरी को झारखंड सरकार के खिलाफ ईवीएम से एवं दलीय आधार पर नगर निकाय चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर धरना दीया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहायक उपस्थित थे। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं। झारखंड सरकार जानबूझकर नगर निकाय चुनाव को लेकर भ्रम की स्थिति बनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा पारदर्शी, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत



बैठक करते भाजपा के पदाधिकारी

ईवीएम से तथा दलीय आधार पर नगर निकाय चुनाव कराने की मांग कर रही है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में देरी के कारण शहरों की मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट जैसी जनसमस्याओं का समाधान तभी संभव है जब जनप्रतिनिधियों का चुनाव पारदर्शी और दलीय आधार पर हो।

**बैठक में शामिल भाजपा के पदाधिकारी :** बैठक में पार्टी पदाधिकारी पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी,पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी यादव,उपाध्यक्ष राकेश दुबे, रेणू देवी, उषा देवी,महामंत्री सह जिला सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, महिला नेत्री कल्याणी देवी,राजीव रंजन पाण्डेय,आशा बेग, विष्णु प्रसाद,महेश सिंह,रामदेव सिंह जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय, प्रमोद प्रसाद, उत्तम कुमार,आनंद सिंह, सोनू सिंह,अमर विश्वकर्मा, सुकन्या देवी, आशा बेग,वीरेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे।

---

**एक नजर में**

### प्रेम संबंध में धोखे की आशंका से आहत युवती ने की आत्महत्या

## आरोपी प्रेमी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के असनाही बारजमुआ टोला निवासी सबिता कुमारी (20 वर्ष), पिता रामबीर गंझू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना प्रेम संबंध में धोखे की आशंका से जुड़ी बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबिता कुमारी बीते 31 दिसंबर बुधवार से लापता थी। परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। इसी बीच शुक्रवार की शाम गांव से कुछ दूरी पर जंगल में ग्रामीणों ने पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता उसका शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना परिजनों तथा चंदवा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के निर्देश पर पुअनि अजीत कुमार एवं राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लातेहार भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि सबिता कुमारी का प्रेम प्रसंग गांव के ही युवक सतीश गंझू से चल रहा था। युवक ने उससे शादी का वादा किया था, लेकिन बाद में वह लगातार टालमटोल और आनाकानी करने लगा। इससे सबिता को यह आशंका हुई कि उसका प्रेमी उसे धोखा दे रहा है। इसी मानसिक आघात में आकर युवती ने अपने मोबाइल पर स्टेटस डालने के बाद आत्महत्या कर ली। मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 02/26 के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपी प्रेमी सतीश गंझू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

---

### जंगली हाथी का तांडव : बारियातू क्षेत्र में रातभर दहशत

## फसल व मकानों को भारी नुकसान



क्षतिग्रस्त घर दिखाते पीड़ित परिवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम के कटहलटोला में बीते शुक्रवार की रात एक अकेले जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी के आतंक से ग्रामीण पूरी रात दहशत में रहे और जान बचाने के लिए घरों में दुबके रहे। इस दौरान हाथी ने कई घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथी ने कटहलटोला निवासी गंगा उरांव एवं राजेन्द्र उरांव दोनों पिताझबोलको उरांव के घर की चहारदीवारी को तोड़ दिया और बारी में लगी आलू लहसुन व सरसों की फसल को रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। इससे लगभग 50 हजार रुपये की क्षति का अनुमान लगाया गया है। इसके बाद जंगली हाथी साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम स्थित भुइयां टोली पहुंचा जहां बिनोद भुइयां पिता रामेश्वर भुइयां के अलवेस्टर से बने घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

---

# सांसद के प्रयास से मिली नियुक्ति, सुमन कुमारी ने ड्रेसर पद का कार्यभार संभाला

### बरवाडीह सीएचसी में नई तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह की अनुशंसा तथा जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के अथक प्रयास का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा पंचायत के ग्राम डोरामी निवासी सुमन कुमारी, पिता विजय सिंह की नियुक्ति बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर के पद पर की गई है। शनिवार को सुमन कुमारी ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की उपस्थिति में उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, विनय सिंह, दीपक तिवारी, दीपक राज ने उन्हें बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा भाव से काम करने की



नियुक्ति पत्र सौंपते पदाधिकारी

प्रेरणा दी। सुमन कुमारी की तैनाती से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई। लोगों का मानना है कि अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नई नियुक्ति से उपचार व्यवस्था में सुधार होगा और मरीजों को त्वरित सहायता मिल पाएगी। सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी ने कहा कि जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने जिस तरह प्रयास किया, वह सराहनीय है। साथ ही उम्मीद जताई कि आने वाले समय में स्वास्थ्य केंद्र में और भी सुविधाएँ जोड़ी जाएँगी। पदभार ग्रहण करने के बाद सुमन कुमारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाएँगी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही उनका पहला कर्तव्य होगा और जरूरतमंदों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों ने सांसद कालीचरण सिंह, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी पहल से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएँ और मजबूत होंगी। मौके पर सुमन कुमारी के पिता विजय सिंह भी मौजूद थे।

---

## सीसी पंचायत में विधायक प्रकाश राम का जनसंपर्क अभियान

### ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित पहल



ग्रामीणों की समस्या का निवारण करते विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय भाजपा विधायक प्रकाश राम शनिवार को सदर प्रखंड लातेहार के सीसी पंचायत के विभिन्न गांव और टोला का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से विधायक को ध्यानाकृष्ट कराया। समस्याओं मे सड़क, बिजली,पानी विवाह मंडप आदि समेत समेत कई आवश्यक मूल भूत समस्याएं शामिल थे। ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई महत्त्वपूर्ण समस्याओं को सम्बन्धित पदाधिकारियों से फोन से बात कर ऑन स्पॉट समाधान किया। जबकि कई समस्याओं के समाधान को अविलंब समाधान का भरोसा दिया है। इस दौरान विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों को भी विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि गांव पंचायत में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के तौर पर बहाल करे। ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार,अनिल सिंह अमरजीत सिंह, देवेंद्र राम, विनोद उरांव,मिंकु साहू, मोहम्मद उमर, पवन गुप्ता, मदन यादव, विजय सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता समेत ग्रामीण मौजूद थे।

---

### हाल सर्वे में हुई त्रुटि में सुधार एवं एनएच फोरलेन सड़क निर्माण में

# मुआवजा संबंधी समस्याओं को लेकर सांसद से मिले ग्रामीण



ग्रामीणों की समस्या सुनते सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के सांसग एवं बारी पंचायत के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बनहरदी कोयला परियोजना क्षेत्र में जमीन से जुड़ी त्रुटियों में सुधार तथा कुडू से उदयपुरा तक निमार्णाधीन एनएच फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतों की समस्याओं को लेकर शनिवार को चतरा स्थित सांसद कालीचरण सिंह के आवास पर उनसे मुलाकात की। ग्रामीणों ने सांसद को अवगत कराया कि हालिया सर्वे में व्यापक स्तर पर जमीन संबंधी त्रुटियां हुई हैं, जिसके कारण रैयतों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई कोयला परियोजनाएं आई हैं, लेकिन जमीन के रिकॉर्ड में गड़बड़ियों के चलते वास्तविक रैयत मुआवजा और अन्य अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीण अनुआ उरांव ने यह भी बताया कि कुडू से उदयपुरा तक हो रहे एनएच फोरलेन सड़क निर्माण में उनकी जमीन अधिग्रहित की जा रही है, लेकिन मुआवजे से संबंधित नोटिस उनके नाम पर न होकर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर जारी किया जा रहा है, जिससे समस्या और जटिल हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद सांसद कालीचरण सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर तत्काल बात की और जमीन संबंधी त्रुटियों को शीघ्र सुधार कर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुकू उरांव, पंकज उरांव, धनराज उरांव, अनुआ उरांव, रुस्तम अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## जंगली हांथीयो के झुंड का उत्पात, घर तोड़ा

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जरी एवं महुआटांड ग्राम में जंगली हांथीयो के झुंड ने शुक्रवार की देर रात जमकर उत्पात मचाया। जहां हांथीयो के झुंड ने जरी ग्राम के कैला गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया। वही घर मे रखा चावल,आलू समेत कई खाने पीने की चीज खा गए। ठंड में मौसम में कैला गंझु का घर टूट जाने की वजह से परिवार के पास सर ढकने के लिए भी जगह नही बचा। वही इसके अलावा हांथीयो के झुंड ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुआटांड के खिड़की को तोड़कर मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल को खा गये। वही गांव में हांथी आने की सूचना पाकर ग्रामीण एकत्रित हुए और हांथी के झुंड को टॉर्च एव मशाल के सहारे गांव से दूर भगाया। वही घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी गांव पहुंची और नुकसान का आकलन करते हुए पीड़ितों को मुआवजा देने की बात कही। ज्ञात हो कि बालूमाथ समेत आसपास के इलाकों में जंगली हाँथी का झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है। और ग्रामीणों के फसलो एवं उनके घरों को नुकसान पहुंचा।

---

### 35 वाहन चालकों की हुई आंखों की जांच

## सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान तेज



चालकों की आंख जांच करवाते डीटीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एक जनवरी से जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस क्रम में एक जनवरी को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने समाहरणालय परिसर से एलईडी युक्त सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, जिसके साथ ही सड़क सुरक्षा माह का विधिवत शुभारंभ हुआ। उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि छात्र-छात्राओं सहित आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके।

इसी क्रम में तीन जनवरी को चंदवा के इंदिरा गांधी चौक स्थित बस स्टैंड के समीप 35 वाहन चालकों के आंखों की जांच की गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं।

---

## मनिका प्रखंड के शोभनाथ उरांव को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित



सम्मानित करते जनप्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में दिन शनिवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक प्रशाखा पदाधिकारी बने शोभनाथ उरांव को सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी यादव,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी सुरेन्द्र पासवान,समेत अन्यों ने शोभनाथ उरांव को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोभनाथ की सफलता ने पूरे मनिका क्षेत्र को गौरवान्वित किया है और यह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस समारोह में उपस्थित प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,युथ कांग्रेस जिला महासचिव मिथलेश पासवान और जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने भी शोभनाथ की मेधा की प्रशंसा की। वहीं सफल छात्र शोभनाथ ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कड़ी मेहनत और शिक्षक संदीप पासवान के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह,सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

---

### मनिका प्रखंड में अवैध रूप से संचालित सभी निजी विद्यालयों की जांच कर कार्रवाई की मांग

# आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र के मौत के बाद लोगों में आक्रोश

### सरकारी नियमों को ताक पर रखकर संचालित किया जा रहा निजी विद्यालय, शीतकालीन छुट्टी होने के बाद भी बच्चों को नहीं भेजा गया घर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित वीर भगत सिंह आवासीय विद्यालय में पढ़ रहे 10 वर्षीय छात्र उज्ज्वल कुमार,पिता बलराम लोहरा का दिन शुक्रवार को लातेहार में इलाज के दौरान मौत हो जाने से उसके परिजनों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है,परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के संचालक सत्येंद्र यादव के द्वारा उन्हें छात्र की तबीयत खराब होने की जानकारी समय से नहीं दी गई,जिस वजह से उसका सही समय पर इलाज नहीं हो पाया और मौत हो गई, जबकि शीतकालीन छुट्टी होने के बावजूद भी छात्र कई दिनों से विद्यालय में ही रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहा था।

**जांच कर विद्यालय के संचालकों पर होगी कार्रवाई : सीओ**

वहीं मामले के संबंध में जब अंचलाधिकारी मनिका, अमन कुमार को अवगत करवाया गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है,जिसकी बहुत जल्द जांच की जाएगी और जांच के दौरान बिना निबंध प्राप्त संचालित निजी विद्यालयों के संचालकों के ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि छात्र के शरीर में मात्र 2 ग्राम खून बचा हुआ था,जिस वजह से उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई और उसे बचाया नहीं जा सका। इधर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के द्वारा शीतकालीन की छुट्टी होने के बावजूद भी कई निजी विद्यालय के संचालक नियमों को ताक पर रखकर विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। वहीं शिक्षकों के द्वारा बोला जाता है कि हमारा विद्यालय बंद है, परंतु विद्यार्थियों को अभी भी विद्यालय में ही देखा जा रहा है,इस पर शिक्षकों का कहना है कि बच्चों के परिजनों को बोला गया है,लेकिन परिजन बच्चों को घर नहीं लेकर जा रहे हैं। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में कई निजी विद्यालय ऐसे हैं जिनके पास निबंध प्राप्त नहीं है,फिर भी सरकार के नियमों को ताक पर रखकर छोटे-छोटे मकान,पारिवारिक मकान,इत्यादि में आवासीय विद्यालय के नाम से विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां तक की बच्चों के लिए विद्यालय में नहाने की भी सुविधा नहीं है और ना ही शौचालय की सुविधा है,जिस वजह से छोटे-छोटे बच्चों को सुबह में शौचालय के लिए जंगल एवं तालाबों पर लेकर जाया जाता है,जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका जताई जाती है,क्योंकि जंगल में कई विषैला जीव-जंतु होते हैं। इधर दिन शनिवार को पल्हेया रोड स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में देखा गया कि सरकार के निदेर्शों के बावजूद भी बच्चों को विद्यालय में ही रखा गया है,उन्हें घर नहीं भेजा गया है,इस संबंध में जब विद्यालय के संचालक से बात किया गया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बच्चों की जिम्मेदारी हमारी है,आपकी नहीं है, अगर बच्चों को कुछ होता है तो हम समझेंगे, जबकि शुक्रवार को ही वीर भगत सिंह आवासीय विद्यालय के छात्र का मृत्यु हुआ है और अभी ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के संचालक द्वारा इस तरह का बात करना कहीं से भी समझदारी नहीं कही जा सकती है, क्योंकि बच्चों के साथ अनहोनी होने के बाद संचालक अपने ऊपर आरोप लेने से साफ इनकार कर देते हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित सभी निजी विद्यालयों का जांच कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जिला प्रशासन से मांग किया है।

---

## बारियातू पुलिस ने 7 एकड़ में लगी अवैध पोस्ता की खेती नष्ट

**बारियातू।** थाना क्षेत्र में अवैध नशीली फसलों के खिलाफ बारियातू पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। बालूभांग पंचायत अंतर्गत पूणार्डीह के जंगली इलाकों व गैरमजूरवा भूमि में अवैध रूप से उगाई गई पोस्ता (अफीम) की खेती को पुलिस ने अभियान चलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई लगभग 7 एकड़ वन भूमि व गैरमजुरवा में फैली पोस्ता की फसल पर की गई जिसे ट्रैक्टर से जुताई कर समाप्त किया गया। थाना प्रभारी रंजन पासवान ने बताया कि लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्रों में अवैध रूप से पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

---

## नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर विस्थापितों ने धरना दिया

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी के विस्थापित ग्रामीणों समेत बसिया गांव के ट्रक मालिको ने नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर कोलियरी परिसर के समीप धरना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल द्वारा अब 35 एकड़ जमीन का नौकरी-मुआवजा नही दिया गया है। जिस कारण बाध्य होकर वे लोग तेतरियाखांड कोलियरी परिसर में आगामी 16 जनवरी तक धरना देंगे। वही उनकी मांगे नही मानी गयी तो वे लोग आगामी 17 जनवरी से भुख हड़ताल पर चले जायेंगे। वही सभी जमीन रैयतों ने धरना सम्बंधित आवदेन परियोजना पदाधिकारी को दिया है। वही इस आवदेन की कॉपी सांसद, विधायक, उपायुक्त, एसपी, जीएम समेत कई लोगो को दिया है।

## बीएसएल अधिकारियों के साथ शीर्ष प्रबंधन का संवाद कार्यक्रम संपन्न

# नवोन्मेषी सोच के साथ पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करे : प्रिय रंजन






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ बीएसएल अधिकारियों के स्टोरी नामक संवाद कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ईडी-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ईडी-माइंस विकास मनवटी ईडी-सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा ईडी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सीजीएम-ज्ञानार्जन एवं विकास नीता बा ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागी अधिकारियों ने अपने -अपने कार्यक्षेत्र से जुड़े उनकी उपलब्धियों अनुभवों और भावी योजनाओं से शीर्ष प्रबंधन को अवगत कराया। निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने अपने उद्बोधन में सभी को सकारात्मक और नवोन्मेषी सोच के साथ पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश दिया तथा संयंत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आहवान किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबन्धक प्रीति कुमारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन जीएम-ज्ञानार्जन एवं विकास मीनम मिश्रा ने किया।

# दुमका में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बस स्टैंड में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**दुमका।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिला परिवहन विभाग ने अटल बिहारी वाजपेयी बस पड़ाव में बस, ऑटो एवं टोटो चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ एसी, डीटीओ एवं सिविल सर्जन ने संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में चालकों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। नियमित स्वास्थ्य जांच से दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान लगभग 150 बस चालक, कंडक्टर एवं अन्य वाहन चालकों की आंखों, रक्तचाप, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य आदि की जांच की गई। आवश्यकता अनुसार चश्मा भी वितरण किया गया। जांच के बाद आवश्यक परामर्श भी दिया गया। सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन परिचालन के लिए चालकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से चालकों को यातायात नियमों के पालन, सतर्कता एवं सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा आगे भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई। मौके पर सड़क सुरक्षा के सदस्य मुस्ताक अली (खोखन दा), डॉ मनोज कुमार घोष, रमन कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, प्रदीप्तो मुखर्जी, नीलकंठ झा, सुरेश साह सहित विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### माली कल्याण समिति फुसरो ने सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई



**बेरमो।** नारी शिक्षा की अग्रदूत व भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह का शनिवार को फुसरो स्थित फूल मंडी मे आयोजन की गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगो ने सावित्री बाई फुले की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रंदाजली दी। ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा की पत्नी रूपा सिंहा और एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती की पत्नी पूजा मोहंती ने कार्यक्रम में पहुंचकर सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षक, कवियत्री व समाजसेविका थी, जिनका लक्ष्य बालिकाओं को शिक्षित करना रहा। पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, मजदूर नेता श्यामल कुमार सरकार और रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले एवं इनके पति ज्योतिबा बाई फूले ने मिलकर 1 जनवरी 1848 को महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोला। इन्हें समाज स्धारक के नाम से जाना जाता है। महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति को बढावा दिए। अतिथियो का स्वागत युवा व्यवसाई संघ फुसरो के सचिव बैजू मालाकार और कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने किया। कार्यक्रम का संचालन गुड्डू वरणवाल ने किया। मौके पर बेरमो विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, जिप सदस्य नीतू सिंह, पूर्व नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता, कृष्ण कुमार, मंजूर हुसैन उर्फ जिया, अनिल गुप्ता, संत सिंह, महेंद्र चौधरी, भरत वर्मा, दीपक महतो, सहोदरी देवी आदि सैकडो लोग मौजूद रहे।

### बेरमो : भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले भाजपा के वरीय नेता



**बेरमो।** केंद्रीय भाजपा कार्यालय दिल्ली में भाजपा के नव मनोनीत राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन जी से भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने नव वर्ष एवं उनकी नई जिम्मेवारी के लिए बधाई एवं शुभकामना दिए।। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी और आगे बढ़ेगी और नवीन जी युवा है और युवा को भाजपा में पहली बार बड़े पदों में कार्य करने की जिम्मेवारी दी है, इस जिम्मेवारी के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह, जे पी नड्डा सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एसकेएमयू प्रशासन ने एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान शिक्षक डॉ बिनोद को किया निलंबित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक महिला शिक्षक की शिकायत एवं जांच समिति की रिपोर्ट के आधर पर मनोविज्ञान शिक्षक डॉ विनोद कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डॉ विनोद शर्मा एसपी कॉलेज, दुमका पदस्थापित सहायक प्रोफेसर है। जारी अधिसूचना के अनुसार यह कार्रवाई झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 की धारा 10(18) के अंतर्गत की गई है। निलंबन अवधि के दौरान डॉ शर्मा का मुख्यालय बीएसके कॉलेज, बरहरवा निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान किया जाएगा। विवि प्रशासन ने संबंधित कॉलेज को डॉ शर्मा को तत्काल कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में एसकेएमयू के सभी पीजी विभागाध्यक्षों, संबद्ध एवं अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों, विश्वविद्यालय के वैधानिक एवं गैर-वैधानिक पदाधिकारियों को भी सूचना भेज दी गई है। विवि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच प्रक्रिया के आधार पर आगे की कार्रवाई नियमानुसार होगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ राजीव रंजन शर्मा ने बताया कि किसी महिला शिक्षक की शिकायत एवं जांच समिति की रिपोर्ट के आलोक में कुलपति के द्वारा सहायक प्रोफेसर डॉ विनोद कुमार शर्मा को निलंबित किया गया है।

### दुमका : अभाविप ने राज्यपाल को छात्रों की समस्याओं से संबंधित सौंपा ज्ञापन



**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन साह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री साह ने सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन पर वित्तीय अनियमितताएं का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का मांग किया। उन्होंने निर्माण कार्यों एवं प्रशासनिक निर्णयों में भ्रष्टाचार का आशंका जताया। एसएफएस विभाग संयोजक मनीष यादव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में पानी एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं से छात्र जुझ रहे है। हॉस्टल की स्थिति भी अत्यंत दयनीय बताते मरम्मति की मांग किया। महिला राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में वर्षों से बिना टेंडर के विद्युत व्यवस्था संचालित होने एवं भोजन व्यवस्था भी असंतोषजनक बताया। इसके अतिरिक्त, परिषद ने विश्वविद्यालय परिषद द्वारा निर्मित एवं निमार्णाधीन बीएड गर्ल्स हॉस्टल एवं एलएलबी भवन के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने एवं जांच पूर्ण होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग किया। मल्टीपरपस हॉल के निर्माण में तकनीकी एवं वित्तीय अनियमितताओं की भी जांच कराए जाने का मांग किया। विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली को नियमित करने का मांग किया। साथ ही एसपी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई प्रारंभ कराने का मांग किया। अभाविप ने कुलाधिपति से उपरोक्त मामले में निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, कुमार सिद्धार्थ, प्रदेश सह संयोजक अभिषेक तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य पंकज यादव, कॉलेज अध्यक्ष अमन सेन, लॉज प्रमुख दीप तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम द्वारा 1000 जरूरतमंदों में कंबल वितरित



**बोकारो।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से आयोजित राहत शिविर में आसपास के लगभग 40 गांवों से पहुंचे 1000 से अधिक असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ आनंद मार्ग के श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने विधिवत फीता काटकर किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन का मूल मंत्र साझा किया। उन्होंने कहा कि एक सच्चे मनुष्य को घास जैसी विनम्रता और वृक्ष जैसी सहनशक्ति अपने भीतर विकसित करनी चाहिए। कार्यक्रम में विश्व स्तरीय सचिव आचार्य अभीरामानंद अवधूत और आचार्य मधुब्रतानंद अवधूत सहित केंद्रीय कार्यकारिणी के कई दिग्गज सदस्य मौजूद रहे। वक्ताओं ने संस्था के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संस्था दुनिया के लगभग 180 देशों में अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए जानी जाती है और इसे संयुक्त राष्ट्र संघ से भी मान्यता प्राप्त है। संस्था के संरचनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में भुक्ति प्रधान पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं और एसीबी गृहस्थ स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। सभा में शिक्षा विभाग धर्म प्रचार और वित्त विभाग के सचिवों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट पेश की और भविष्य की योजनाओं पर दिशा-निर्देश दिए।


## स्पीड न्यूज

### बोकारो डीसी-एसपी ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत



**बोकारो।** शनिवार को तेलमच्चों ब्रिज बोकारो जिला सीमा पर प्रदेश के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का आगमन हुआ। जिला प्रशासन की ओर से डीसी अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। राज्यपाल गंगवार के स्वागत के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखा गया तथा प्रशासन ने आगमन कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया। स्वागत उपरांत राज्यपाल को औपचारिक प्रोटोकॉल के तहत आगे की यात्रा हेतु प्रेषित किया गया। जानकारी हो कि राज्यपाल बोकारो जिला सीमा क्षेत्र से होकर लोकभवन रांची लौट रहे थे।

### बोकारो : 4 जनवरी को 'हैप्पी स्ट्रीट' कार्यक्रम रद्द: संचार प्रमुख



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि अत्यधिक ठंड एवं प्रतिकूल मौसम को देखते हुए बोकारो स्टील प्लांट द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाला हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम वर्तमान में रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि उक्त कार्यक्रम में सभी बोकारोवासी विशेषकर बच्चों बुजुर्गों छात्र छात्राओं एवं महिलाओं की भागीदारी बड़ी संख्या में होती है। शीतलहर के कहर से हैप्पी स्ट्रीट के औचित्य के विपरीत प्रभाव की आशंका के मद्देनजर उक्त कदम उठाया गया है।

### पूर्व सांसद के सौजन्य से असहायों के बीच गर्म कपड़े का वितरण



**बेरमो।** गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय के सौजन्य से गरीब एवं असहाय लोगों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से भाजपा फुसरो नगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सिंह, पूर्व महामंत्री नवल सिंह एवं यूनियन प्रतिनिधि नागेंद्र गुप्ता की उपस्थिति रही।

### जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने डीआई से की मुलाकात



**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों के शिष्ट मंडल ने बीएसएल के डीआई प्रिय रंजन से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2026 की बधाई दी। संघ के महामंत्री ने कहा कि इनके 32 वर्षों के अनुभव का लाभ संयंत्र को मिलेगा। डीआई प्रिय रंजन ने भी सभी को नये वर्ष की बधाई दी। शुभकामना देने आए पदाधिकारियों में संघ के महामंत्री सहित अध्यक्ष तारकेश्वर महतो उर्फ तारा बाबु उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी नवीन सिंह एवं सचिव गंगेश पाठक थे।

### इनमोसा के प्रतिनिधिमंडल ने ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक को नव वर्ष पर दी बधाई

# स्टाफ के कल्याण के लिए प्रबंधन तत्पर रहेगा : जीएम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** नव वर्ष 2026 के अवसर पर इनमोसा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिंहा के कार्यालय पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। इस भेंट का मुख्य उद्देश्य कोयला क्षेत्र में बेहतर उत्पादन, सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और प्रबंधन व इनमोसा संगठन के बीच समन्वय को मजबूत करना।

महाप्रबंधक ने इनमोसा नेताओं को धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि श्रमिकों और माईनिंग स्टाफ के कल्याण और कोयला उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रबंधन हमेशा तत्पर रहेगा। इस अवसर पर इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव पवन कुमार सिंह, एरिया कार्यकारी अध्यक्ष जयराम सिंह, अमलो शाखा से जयराम सिंह के अलावे ढ़ोरी क्षेत्र के पीएंडपी आशीष अंचल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले का जीवन मानवीय गरिमा का प्रतीक है: बिरंची नारायण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** नारी सशक्तिकरण हेतु आजीवन संघर्षरत रहीं- सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती तिरंगा पार्क में स्थापित सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके मनाई गई। सावित्री बाई फुले के शिक्षा के क्षेत्र में दिए योगदान पर चर्चा करते हुए बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने साहस संघर्ष और दूरदर्शिता से समाज में शिक्षा समानता व महिला अधिकारों की अलख जगाई। उनका जीवन सामाजिक परिवर्तन एवं मानवीय गरिमा का प्रतीक है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के बीच सावित्री बाई फुले ने कैसे शिक्षा की अलख जगाई- विशेष रूप से महिला शिक्षा के लिए- यह आज भी प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सावित्री बाई फुले के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नारायण ने शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने और समाज में समानता जागरूकता व सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर महात्मा फुले समाज विकास संस्था बोकारो के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार कृष्णा श्रीमाली शिव कुमार भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी राजीव मालाकार अविनाश झा अमित सिंह अभय कुमार गोलू वर्षा चौधरी उदय सिंह तारा शाह फारूक अंसारी गौरांग पातर दीपक सिंह प्रकाश कुमार धर्मेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# दुमका : बेखौफ अपराधियों ने व्यवसायी से दिनदहाड़े लूटे 3.80 लाख रुपये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बेखौफ अपराधियों ने व्यवसायी से करीब 4 लाख रुपए की छिनतई की घटना को अंजाम दिया। घटना शनिवार को दोपहर में हंसडीहा थाना क्षेत्र में बाईक सवार अपराधियों ने अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार विशाल इंटरप्राइजेज के मालिक राजेश भगत ने हंसडीहा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा से 4 लाख 50 हजार रुपये की निकासी की थी। दुकान पहुंचने के बाद उन्होंने पहले से निकाले गए 70 हजार रुपये अलग कर शेष 3 लाख 80 हजार रुपये अपने पिता नंदलाल भगत को सौंप दिया। नंदलाल भगत जैसे ही उक्त राशि लेकर घर की ओर रवाना हुए। जहां पहले से घात लगाए अपाची बाइक सवार दो अपराधियों ने झपट्टा मारकर रुपये से भरा बैग छीन मौके से फरार होने में कामयाब रहा। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर हंसडीहा पुलिस पहुंच जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। दिनदहाड़े हुई छीनतई की घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# दुमका : सावित्रीबाई फुले जयंती पर एसपी कॉलेज के हिन्दी विभाग में शिक्षक दिवस के रूप में मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं संबोधित करते शिक्षक।

**दुमका।** एसपी कॉलेज के हिंदी विभाग में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सावित्रीबाई फुले के शैक्षिक, सामाजिक एवं वैचारिक योगदान को स्मरण करते हुए शिक्षक की सामाजिक भूमिका पर विचार करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक चेतना की अग्रदूत थीं। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक समानता और मानव गरिमा का आधार बनाया। आज के शिक्षक यदि उनके विचारों को आत्मसात करें तो शिक्षा अधिक मानवीय और समावेशी बन सकती है। कार्यक्रम का बीज वक्तव्य हिंदी विभाग के डॉ यदुवंश यादव ने दिया। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को वंचित वर्गों तक पहुँचाकर शिक्षक की भूमिका को सामाजिक परिवर्तन के वाहक के रूप में स्थापित किया। उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना, पारंपरिक शिक्षक दिवस की अवधारणा को व्यापक सामाजिक संदर्भ प्रदान करता है। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन पुष्पा सोरेन ने करते हुए सावित्रीबाई फुले के संघर्षमय जीवन और स्त्री शिक्षा के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने विचार रखते हुए सावित्रीबाई फुले को नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं शिक्षा की प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का समापन सावित्रीबाई फुले के विचारों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ। अंत में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ सुनील बेसरा, डॉ सत्यम कुमार, डॉ अमन राज, डॉ सुजीत आर्या आदि उपस्थित रहे।

# लिटरेचर फेस्टिवल में अरुण पाठक, पंकज दास व अभिनव शंकर को मिला साहित्यश्री सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** रांची में आयोजित दो दिवसीय 7वें रांची लिटरेचर फेस्टिवल में बोकारो के कवि अरुण पाठक पंकज दास व अभिनव शंकर को रांवी साहित्य श्री सम्मान व बोकारो से उभरते हुए सितारे कंटेंट क्रिएटर सूरज कुमार काजल साहू व विवेक नोबी को झारखंड कंटेंट क्रिएटर सम्मान से सम्मानित किया गया। कवि विशाल पंडित के संयोजन व संचालन में आयोजित इस फेस्टिवल में राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार व गणमान्य अतिथिगण शामिल हुए। झारखंड के 24 जिलों से आये कवि-कवयित्रीगण व कंटेंट क्रियेटरों ने गीत गजल हास्य प्रसंग आदि प्रस्तुतियों ने सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रामजी यादव उपकुलपति-वाईबीएन यूनिवर्सिटी नामकुम रांची व एनएचआरसीसीबी के अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार डॉ जंग बहादुर पाण्डेय पूर्व प्रोफेसर रांची विश्वविद्यालय डॉ अंजना वर्मा डॉ ममता मनीष सिन्हा इत्यादि इस कार्यक्रम में शामिल रहे। मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि अच्छे परिष्कृत समाज को आगे लाने के लिए साहित्य को बढ़ावा देना ही होगा। उन्होंने मंच से घोषणा की वे झारखंड में साहित्य अकादमी के गठन के लिए प्रयास करेंगे। इस महोत्सव के संस्थापक डॉ सुरेश प्रियदर्शी ने इस महोत्सव की शुरूआत व उद्देश्यों की सफलता पर दिल्ली से बधाई प्रेषित की। संस्थापक डॉ सुरेश प्रियदर्शी ने महोत्सव के 7वें वार्षिक आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। महोत्सव के आयोजन में डॉ रामजी यादव डॉ ममता मनीष सिन्हा युवा धड़कन डॉ रणधीर कुमार राष्ट्रीय महामंत्री व संयोजक विशाल पंडित पलामू इकाई प्रमुख मनीष मिश्रा व रांची इकाई प्रमुख अशोक प्रमाणिक विशाल आदि की भूमिका रही।

# जदयू झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने निदेशक प्रभारी से की मुलाकात



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जदयू के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने प्रभारी निदेशक प्रिय रंजन को बोकारो इस्पात संयंत्र के जिम्मेदार पद पर सुशोभित होने की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नव वर्ष 2026 की बधाई दी। अशोक चौधरी ने निदेशक प्रभारी रंजन के नेतृत्व में बोकारो इस्पात संयंत्र को एक नए मुकाम पर पहुंचने के प्रति विश्वास जाहिर किया और उम्मीद जतायी कि रंजन के कुशल नेतृत्व में बोकारो स्टील प्लांट- सेल के प्रगति में उल्लेखनीय व सराहनीय एवं प्रभावी भागीदारी निभाएगा। चौधरी ने कहा कि डीआई रंजन जी के लंबे अनुभव का लाभ बोकारो संयंत्र एवं संयंत्र कर्मियों को अवश्य मिलेगा। चौधरी ने बोकारो इस्पात संयंत्र व संयंत्र कर्मियों तथा बोकारो वासियों के हित को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल व यथासंभव सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता भी प्रकट की।



**माघ मेला का आगाज : पौष पूर्णिमा पर प्रयागराज में 31 लाख श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी**

प्रयागराज। माघ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। शाम सात बजे तक प्रयागराज के सभी घाटों पर लगभग 31 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रयागराज के अलावा वाराणसी, अयोध्या, मथुरा और विन्ध्याचल समेत प्रदेश की अन्य पवित्र नदियों में लोगों ने भक्ति भाव से स्नान किया। इस स्नान के साथ एक माह का कल्पवास भी शुरू हो गया।

# बिहार में अब घर पर वृद्धों का होगा इलाज

## सात निश्चय-3 के तहत बिहार को विकसित बनाना लक्ष्य : नीतीश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य के वृद्धों को उनके घर पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक नयी योजना शुरू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को इस योजना को प्राथमिकता देते हुए लागू करने का निर्देश दिया है। यह योजना नीतीश कुमार सरकार की सात निश्चय पहल के तहत आती है। कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता के समय उनके घर पर ही नर्सिंग सहायता, घर पर पैथोलॉजी जांच, रक्तचाप (बीपी) की जांच, ईसीजी टेस्ट, फिजियोथेरेपी और आपातकालीन

### नर्सिंग, पैथोलॉजी, फिजियोथेरेपी जैसी सेवाएं घर पर मिलेंगी



स्थितियों में अन्य प्रकार की चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने लिखा कि स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया है कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को उनके घरों पर ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बिहार मंत्रिमंडल ने हाल में बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के उद्देश्य से 2025 से 2030 तक अगले पांच वर्षों के लिए सात निश्चय-3 कार्यक्रम को लागू करने की मंजूरी दी है। राज्य सरकार 2015 से अब तक दो सात निश्चय कार्यक्रम पहले ही लागू कर चुकी है।

### सरकार को दें सुझाव

कुमार ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए और कौन सी सुविधाएं दी जा सकती हैं, इसकी पहचान करना भी जरूरी है। इस संबंध में, यदि आप कोई विशेष सुझाव देना चाहते हैं, तो आप अपने बहुमूल्य सुझाव ईमेल आईडीः cm-secretariat-bih@gov.in या डाक द्वारा भेज सकते हैं।

# हमारी सभ्यता की जीवंत धरोहर हैं भगवान बुद्ध के अवशेष: मोदी

## 125 साल बाद भारत को अपनी विरासत वापस मिली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत के लिए मात्र ऐतिहासिक वस्तुएं या संग्रहालय की कलाकृतियां नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की जीवंत, पवित्र और अटूट धरोहर हैं। बुद्ध का ज्ञान और मार्ग केवल भारत का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का साझा प्रकाश है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को यहां राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपराहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का शीर्षक द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन रखा गया है, जिसमें 1898 में खोजे गए बुद्धकालीन अवशेषों और कलाकृतियों को एक सदी से अधिक समय बाद पहली बार वैश्विक मंच पर इतने विस्तृत

**▸▸ प्रधानमंत्री ने बौद्ध सर्किट विकास के पर दिया जोर**

और भव्य स्वरूप में प्रदर्शित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 125 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बुद्ध की पवित्र निशानियां भारत की धरती पर लौट आई हैं। इन अवशेषों की वापसी भारत की सांस्कृतिक संप्रभुता की पुर्नस्थापना का प्रतीक है, जो यह दर्शाती है कि औपनिवेशिक काल में भारत से बाहर ले जाई गई हमारी विरासत को अब संरक्षित सम्मान के साथ वापस लाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने राय पिथौरा को देश के गौरवशाली अतीत और आध्यात्मिक पुर्नजागरण का संगम स्थल बताते हुए कहा कि बुद्ध के अवशेषों की उपस्थिति किसी भी स्थल और वहां उपस्थित प्रत्येक



व्यक्ति को धन्य कर देती है। उन्होंने गोदरेज समूह का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इन अवशेषों की सार्वजनिक नीलामी को रोकने और भारत में उनकी वापसी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी केवल राजनीतिक या आर्थिक परतों में नहीं होती, बल्कि वह सभ्यताओं की स्मृतियों और विरासत को भी मिटा देती है। औपनिवेशिक काल में पिपराहवा के अवशेषों को यह समझकर देश से बाहर ले जाया गया कि वे पुरानी, निष्प्राण वस्तुएं हैं, जबकि भारत के लिए वे पूज्य हैं, पवित्र हैं, और बुद्ध के जीवन-दर्शन का साक्षात प्रतीक हैं। जिन लोगों ने इन्हें भारत से बाहर ले जाया और उनके वंशजों ने इन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने और नीलाम करने का प्रयास किया, उनके लिए ये केवल संग्रह की वस्तुएं थीं लेकिन भारत ने यह स्पष्ट किया कि इनकी सार्वजनिक नीलामी की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत इन अवशेषों का संरक्षक भी है और बुद्ध परंपरा का जीवंत संवाहक भी हैं। मोदी ने कहा थाईलैंड में एक महीने से भी कम समय में 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन अवशेषों के दर्शन किए।

# अमेरिका ने वेनेजुएला पर किया हवाई हमला

**राष्ट्रपति मादुरो को देश से बाहर ले गये अमेरिकी सैनिक : ट्रप**

एजेंसी

**वाशिंगटन/ काराकस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उनके सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला में एक बड़ी कार्रवाई की और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को देश से बाहर ले गये।

ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर कहा कि अमेरिका ने वेनेजुएला में बड़े स्तर पर हमला करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया है और उनको देश से बाहर ले जाया गया है। यह ऑपरेशन अमेरिकी एजेंसियों के साथ मिलकर किया गया। इससे पहले वेनेजुएला की राजधानी काराकस में शनिवार तड़के कई जोरदार धमाकों और विमानों के उड़ान भरने की आवाजें सुनी गयीं। इससे निवासियों में दहशत फैल गयी।

अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के अनुसार, काराकस के कई



हिस्सों में लोग शक्तिशाली धमाकों और उसके बाद कम ऊंचाई पर उड़ रहे विमानों की आवाज से जाग गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने आसमान में चमक और शहर के कुछ इलाकों, खासकर रणनीतिक और सैन्य ठिकानों के पास से धुआं उठता देखा। रिपोर्टों के मुताबिक, धमाके की आवाज सुनकर कई लोग डर से अपने घरों से बाहर निकल आये थे। धमाकों के बाद कुछ इलाकों में बिजली गुल होने की खबर है। सुरक्षा बल प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं, वहीं अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

स्पीड न्यूज

### कश्मीर में कई स्थानों पर शून्य से तापमान

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर शून्य से नीचे तापमान पहुंच जाने के साथ ही ठंड का प्रकोप तेज हो गया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो शुक्रवार रात दर्ज किये गये तापमान से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम है। घाटी के पर्यटन स्थलों में ठंड का प्रकोप और ज्यादा रहा, स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा, हालांकि पिछली रात की तुलना (शून्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे) में यह थोड़ा अधिक था।

### डीएओ 19 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

पटना। मुजफ्फरपुर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने शनिवार को जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) सुधीर कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने यह कार्रवाई उनके चर्च रोड स्थित निजी आवास पर की। निगरानी टीम ने उन्हें 19 हजार रुपये रिश्वत लेते समय पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पूरे कृषि विभाग में हड़कंप मच गया है।

### टीएमसी सांसद मौसम नूर कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य मौसम बेनजीर नूर शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गयीं। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश, पश्चिम बंगाल के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष शुभांकर सरकार और सांसद ईशा खान चौधरी की मुख्यालय में मौजूदगी में मौसम नूर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नूर ने कहा कि मैं कांग्रेस को मजबूत करूंगी।

### सीतामढ़ी में जमीन कारोबारी की हत्या

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के डुमरा थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम अपराधियों ने बेखौफ होकर एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात भिसा चौक के पास, जिला मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। मृतक की पहचान रामबाबू राय के रूप में हुई है, जो जमीन के कारोबार से जुड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने युवक को निशाना बनाकर बेहद करीब से गोली मारी। गोली सीधे माथे में लगी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही डुमरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान आठ जनवरी से

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस आठ जनवरी से देशभर में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। यह राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन 45 दिनों तक चलेगा और इसके तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पार्टी मुख्यालय में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा की जगह लाया गया नया अधिनियम श्रमिकों के हकों को छीनता है। यह नया कानून अधिकार आधारित रोजगार पर

**राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन 45 दिनों तक चलेगा : वेणुगोपाल**

प्रहार करता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनरेगा की जगह नया कानून लाकर सरकार का मकसद रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा योजना को खत्म करना है इसलिए कांग्रेस कार्यसमिति ने पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करने का फैसला किया है। वेणुगोपाल ने कहा कि आठ जनवरी से सभी राज्यों में बड़ी बैठकें की जायेंगी, जिनमें प्रदेश के सारे बड़े नेता और प्रभारी मौजूद रहेंगे।

### वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली स्टेशन पहुंची

**नयी दिल्ली।** हावड़ा और असम में गुवाहाटी के बीच शुरू होने वाली देश की पहली अत्याधुनिक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन का निरीक्षण किया और आधुनिक सुविधाओं की जानकारी मीडिया को दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी माह इस ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। रेल मंत्री ने बताया कि 16 कोच वाली इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की यात्री क्षमता 823 है और इसकी डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा है। गुवाहाटी और कोलकाता के लिए दो रैक दिये जा रहे हैं और आने वाले कुछ ही दिनों में इसका उद्घाटन किया जाएगा।



**विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग गोपालगंज में भव्य स्वागत**

**गोपालगंज। पूर्वी चंपारण जिले में कल्याणपुर प्रखंड के चकिया-केसरिया पथ में स्थित कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर स्थापित होने वाले विशाल शिवलिंग का शनिवार को गोपालगंज में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना की। यह शिवलिंग तमिलनाडु के महाबलीपुरम के पट्टीकाडु गांव में तैयार किया गया है। शिवलिंग एक ही विशाल ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित है, जो शिल्पकला का अद्भुत नमूना बनाता है।**

### एनसीसी कैडेट बनेंगे युवा आपदा मित्र और साइबर योद्धा : वत्स

**नयी दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित सहायता के लिए एक लाख एनसीसी कैडेट को प्रशिक्षित करने की योजना बना बनाई जा रही है। इन कैडेट को युवा आपदा मित्र के रूप में जाना जाएगा, उन्हें प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय डाटाबेस से जोड़ा जाएगा, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर देश उनकी सेवाओं का उपयोग कर सके। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने शनिवार को दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने बताया कि एनसीसी ने देशभर में चार से पांच केंद्र स्थापित करने पर काम शुरू कर दिया है।

# भारतीय समाज का स्वभाव है सद्भाव : भागवत

एजेंसी

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि सामाजिक सद्भाव कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का स्वभाव रहा है। समाज में सज्जन शक्ति का जागरण, आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर सद्भावना संवाद आज की अनिवार्य आवश्यकता है।

सरसंघचालक डॉ. भागवत शनिवार को अंतिम दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। मध्यभारत प्रांत के 16 शासकीय जिलों के समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता इस बैठक की विशेषता रही। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने स्पष्ट किया कि समाज शब्द का अर्थ ही समान गंतव्य की ओर

**▸▸ आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर संवाद की जरूरत : संघ प्रमुख**

बढ़ने वाला समूह है। भारतीय समाज की कल्पना सदैव ऐसी रही है, जिसमें जीवन भौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से सुखी हो। हमारे ऋषि-मुनियों ने यह समझा कि अस्तित्व एक है, केवल देखने की दृष्टि अलग-अलग है। उनकी तपस्या और साधना से ही राष्ट्र का निर्माण हुआ और वही हमारी सांस्कृतिक नींव है। संघ प्रमुख ने कहा कि कानून समाज को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन समाज को चलाने और जोड़कर रखने का कार्य सद्भावना ही करती है। विविधता के बावजूद एकता ही हमारी पहचान है। बाहरी रूप से हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के स्तर पर हम सभी एक हैं। इसी विविधता में एकता को स्वीकार करने वाला



समाज हिंदू समाज है। उन्होंने कहा कि हिंदू कोई संज्ञा नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो मत, पूजा पद्धति या जीवनशैली के आधार पर झगड़ा नहीं करता।

उन्होंने यह भी कहा कि समाज में भ्रम फैलाकर जनजातीय और अन्य वर्गों को यह कहकर तोड़ने का प्रयास किया गया कि वे अलग हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हजारों वर्षों से अखंड भारत में रहने वाले सभी लोगों का डीएनए एक है। संकट के समय ही नहीं, बल्कि हर समय सद्भावना बनाए रखना आवश्यक है। मिलना, संवाद करना और एक-दूसरे के कार्यों को जानना ही सद्भावना की पहली शर्त है। उन्होंने कहा कि समर्थ को दुर्बल की सहायता करनी चाहिए।

### बिहार में 116 उद्यमी लगायेंगे उद्योग

**पटना।** उद्योगों की स्थापना को ले बन रहे माहौल के बीच बड़ा मुद्दा जमीन की उपलब्धता है। सरकार प्रायः सभी जिलों में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन अधिग्रहण की तैयारी में है। इसके साथ ही सभी औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में वैसी जमीन का बड़ा रकबा उपलब्ध है जो काफी पहले उद्योग लगाने के नाम पर लिया गया पर उस पर कुछ काम नहीं हुआ। जब सरकार ने यह सख्ती की कि जमीन पर उद्योग लगाएं या फिर जमीन को वापस लौटाएं। इस सख्ती के बाद अब 49 उद्यमियों ने बियाडा को यह लिखित उपलब्ध कराया है कि वे उद्योग नहीं लगाने की स्थिति में हैं। वह अपनी जमीन वापस करना चाहते हैं। 116 उद्यमियों ने इस सख्ती के बाद कहा कि वे बियाडा से मिली जमीन पर उद्योग लगाना चाहते हैं। जिन 116 उद्यमियों ने कहा कि वे बियाडा की जमीन पर उद्योग लगाने को इच्छुक हैं।

